
kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-99 ❑ शनिवार, 10 मई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



दुनिया को पाकिस्तान से साफ तौर पर कहना चाहिए कि पाकिस्तान आतंकवाद का साथ देने का काम बंद करे। हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहें हैं, आतंकवाद से पीड़ित लोगों को न्याय दिलाना चाहते हैं। हमारी कार्रवाई आतंकवाद की जवाबदेही तय करने के लिए है। **विनय क्वात्रा**

आरएसएस ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना, केन्द्र सरकार का अभिनंदन किया 12

सुखबीर बादल ने नागरिक ठिकानों पर पाकिस्तान की गोलाबारी की कड़ी निंदा की 12

## संक्षेप

### आईपीएल एक सप्ताह के लिये किया स्थगित

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों को एक सप्ताह के लिये स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार अपराह्न जारी एक बयान में कहा कि आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने सभी प्रमुख हितधारकों के साथ परामर्श के बाद आईपीएल को एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया गया। बैठक में आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल भी शामिल थे। सैकिया ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के परामर्श से स्थिति का व्यापक आकलन करने के बाद टूर्नामेंट के नए कार्यक्रम और स्थलों के बारे में आगे की जानकारी उचित समय पर दी जायेगी। लखनऊ से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज वहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच होने वाले मैच की टिकटों के पैसे लौटाये जा रहे हैं और स्टेडियम के सभी गेट बंद कर दिये गये हैं। सभी 10 फ्रेंचाइजी और प्रमुख हितधारकों को इस फैसले के बारे में सूचित कर दिया गया है। माना जा रहा है कि खिलाड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। इससे पहले गुरुवार को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच को रद्द कर दिया गया था। मैच के बाद आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा था कि बोर्ड स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुये है और कोई भी आखिरी फैसला केंद्र सरकार के परामर्श से ही लिया जायेगा। ईपीएल 2025 में अभी तक 58 मैच हो चुके हैं, जिसमें धर्मशाला में मैच रद्द होना भी शामिल है। ग्रुप चरण में 12 मैच खेले जाने शेष हैं।

### नक्सलियों ने छह महीने तक युद्धविराम की घोषणा की

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना राज्य में नक्सलियों ने छह महीने तक युद्धविराम की घोषणा कर दी है। तेलुगु कैडर के नक्सली और नक्सल संगठन के प्रवक्ता जगन ने प्रेस नोट जारी कर युद्धविराम का ऐलान किया है। जगन ने तेलुगु भाषा मे प्रेस नोट जारी किया है। जिसमें लिखा है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव और कविता ने भी शांति वार्ता के लिए पहल की थी। ये गर्व की बात है। शांति वार्ता के लिए शांति समिति का भी गठन किया गया था।उन्होंने लिखा कि राज्य के कई बुद्धिजीवी वर्ग और मशहूर हस्तियां इसी मुद्दे पर अभियान चला रहे हैं। वार्ता प्रक्रिया को राज्य और देश में लोकतांत्रिक माहौल लाने के प्रयास के रूप में समझा जाना चाहिए। इन प्रयासों को सकारात्मक प्रभाव देने के लिए छह महीने तक युद्धविराम की घोषणा कर रहे हैं। सरकार से शांति वार्ता के लिए नक्सलियों ने अब तक कुल 4 पत्र जारी किए है।

# पाकिस्तान नागरिकों को ढाल बना रहा : भारत

❑ विदेश मंत्रालय और सेना ने खोली पाकिस्तान की पोल

❑ 400 तुर्किये ड्रोन दागे, 36 जगहों को निशाना बनाने की कोशिश की, सभी नाकाम किए गए

❑ भारत ने पाकिस्तान को संतुलित और जिम्मेदार जवाब दिया: विदेश सचिव

❑ 'धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना चाहता है पाकिस्तान'

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने आज कहा कि पाकिस्तान की ओर से भड़काऊ कार्रवाई बंद नहीं हो रहीं हैं और वह नीचता की हदें पार करते हुए सीमापार धार्मिक स्थलों को निशाना बना कर सांप्रदायिक विवाद भड़काना चाहता है जिसका भारतीय सशस्त्र बल करारा जवाब दे रहे हैं। भारत ने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने जानबूझ कर सीमा के समीप के वायुक्षेत्र को नागरिक उड़ानों के लिए खोला हुआ है ताकि उसे ढाल के रूप मे इस्तेमाल किया जा सके।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने शुक्रवार शाम यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पहलगाम हमले के बाद सशस्त्र सेनाओं द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने गुरूवार शाम को एक बार फिर भड़काने वाली नापाक हरकत करते हुए भारतीय सीमाओं का उल्लंघन किया तथा तुर्किए के करीब 300 से 400 ड्रोन से भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने तथा 36 जगहों पर घुसपैठ कराने की असफल कोशिश की जिसका भारतीय सशस्त्र बलों ने करारा जवाब दिया और पाकिस्तान के चार वायु रक्षा ठिकानों पर जोरदार कार्रवाई की। श्री मिस्री ने कहा कि पाकिस्तान ने हमले के दौरान जानबूझ कर नागरिक हवाई क्षेत्र को बंद नहीं किया और नागरिक विमानों का ढाल के रूप में इस्तेमाल किया। साथ ही भारत ने ननकाना साहिब गुरूद्वारे पर हमले के पाकिस्तान के आरोप को भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि इस तरह के भ्रामक दुष्प्रचार से पाकिस्तान भारत में सांप्रदायिक विवाद पैदा करना चाहता है।

विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा कल रात की गई ये भड़काऊ और आक्रामक कार्रवाइयां भारतीय शहरों और नागरिक बुनियादी ढांचे के अलावा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की गईं। भारतीय सशस्त्र बलों ने आनुपातिक, पर्याप्त और जिम्मेदारी से जवाब दिया। पाकिस्तान द्वारा किए गए इन हमलों का पाकिस्तानी सरकारी मशीनरी द्वारा आधिकारिक और स्पष्ट रूप से हास्यास्पद खंडन करना, उनकी कपटपूर्णता और नीचता का एक और उदाहरण है, जिसे वे गर्व से बता रहे हैं। श्री मिस्री ने कहा, अपनी हरकतों को स्वीकार करने के बजाय, पाकिस्तान ने यह बेतुका और अपमानजनक दावा किया कि भारत के सशस्त्र बल अमृतसर जैसे अपने ही शहरों को निशाना बना रहे हैं और वह पाकिस्तान पर आरोप लगाने की कोशिश कर रहा है। वे इस तरह की हरकतों में पारंगत हैं, जैसा कि उनका इतिहास दर्शाता है। पाकिस्तान ने गलत सूचना फैलाई कि भारत ने ड्रोन हमले के जरिए ननकाना साहिब गुरुद्वारे को निशाना बनाया जो एक और सरासर झूठ है। पाकिस्तान सांप्रदायिक विवाद पैदा करने के इरादे से स्थिति को सांप्रदायिक रंग देने की पूरी कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान द्वारा नियंत्रण रेखा पर स्थित स्कूलों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने पर विदेश सचिव ने कहा कि सात मई की सुबह नियंत्रण रेखा पर पुंछ में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा एक गुरुद्वारा को निशाना बनाया गया जिसमें तीन सिखों की मौत हो गयी। इसी दिन भारी गोलाबारी के दौरान, पाकिस्तान की ओर से दागा गया एक गोला पुंछ में क्राइस्ट स्कूल के ठीक पीछे आकर गिरा। गोला स्कूल के दो छात्रों के घर पर लगा, जिन्होंने दुर्भाग्यवश अपनी जान गंवा दी और उनके माता-पिता घायल हो गए। पाकिस्तान द्वारा की गई गोलाबारी के दौरान स्कूल के कई कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने स्कूल के भूमिगत हॉल में शरण ली। सौभाग्य से स्कूल बंद था, अन्यथा और अधिक नुकसान हो सकता था। पाकिस्तान गुरुद्वारों, चर्चों ● शेष पेज 11 पर



### संघ बोला- पूरा देश सरकार और सेना के साथ

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार और सुरक्षा बलों को बधाई दी। संघ ने कहा कि हिंदू टूरिस्ट्स के क्रूर हत्याकांड में पीड़ित परिवारों और देश को न्याय दिलाने के लिए इस कार्रवाई से पूरे देश का स्वाभिमान और साहस बढ़ा है। हमारा मानना है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों, उनके बुनियादी ढांचे और तंत्र के खिलाफ की जा रही सैन्य कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए जरूरी है। राष्ट्रीय संकट की घड़ी में पूरा देश तन, मन और धन से सरकार और सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है। हम सीमा पर धार्मिक स्थलों और रिहायशी इलाकों पर पाकिस्तानी सेना के हमलों की निंदा करते हैं। हमलों के शिकार हुए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।'

### तनाव के बीच 24 एय़रपोर्ट्स 15 मई तक रहेंगे बंद

भारत सरकार ने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनज़र देश के 24 एय़रपोर्ट्स पर डोमेस्टिक फ्लाइट्स की आवाजाही पर लगी रोक को अब 15 मई तक बढ़ा दिया है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार को दी। गुरुवार को मंत्रालय ने घोषणा की थी कि सुरक्षा कारणों से इन 24 एयरपोर्ट्स से सभी डोमेस्टिक फ्लाइट्स को अस्थायी रूप से निलंबित किया जा रहा है। इनमें सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों के हवाई अड्डे प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसमें जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, चंडीगढ़, भुज, जामनगर, राजकोट एयरपोर्ट शामिल हैं।

### टेरिटोरियल आर्मी की 14 बटालियन एक्टिव, सेना प्रमुख को मिली पावर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारत सरकार ने टेरिटोरियल आर्मी (प्रादेशिक सेना) को सक्रिय करने का आदेश जारी किया है। सरकार ने हाल ही में जारी एक अधिसूचना में कहा है कि भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को टेरिटोरियल आर्मी रूल्स 1948 के नियम 33 के तहत अधिकार प्रदान किया है, जिसके तहत वे किसी भी प्रादेशिक सेना अधिकारी या जवान को सेना के नियमित बलों की सहायता के लिए बुला सकते हैं। इस आदेश के तहत, मौजूदा 32 इन्फैंट्री बटालियनों में से 14 बटालियनों को सक्रिय किया जाएगा। इन बटालियनों को देश के विभिन्न सैन्य कमानों में तैनात किया जाएगा, जिनमें दक्षिणी कमान, पूर्वी कमान, पश्चिमी कमान, केंद्रीय कमान, उत्तरी कमान, दक्षिण-पश्चिमी कमान, अंडमान और निकोबार कमान और आर्मी ट्रेनिंग कमान (इटट्ठटइए) शामिल हैं। सरकारी बयान में कहा गया है, ''हर अधिकारी और हर नामांकित जवान को आवश्यक गार्ड ड्यूटी देने या नियमित सेना को समर्थन देने के उद्देश्य से सक्रिय किया जा सकता है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब बीती रात सीमा से सटे कई राज्यों में पाकिस्तानी ड्रोन हमले देखे गए। हालांकि भारत की मजबूत वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। इन हमलों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ड्रोन के जरिए विस्फोटक और हथियार गिराने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे सुरक्षा बलों की चौकसी और अधिक बढ़ गई है। प्रादेशिक सेना को भारत की 'दूसरी रक्षा पंक्ति' के रूप में जाना जाता है। यह सेना आम नागरिकों से बनी होती है जो सामान्य जीवन में विभिन्न पेशों में कार्यरत होते हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर सेना की मदद के लिए बुलाए जा सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा हालातों में प्रादेशिक सेना की तैनाती से न केवल सेना को अतिरिक्त बल मिलेगा, बल्कि सीमावर्ती इलाकों में निगरानी और जवाबी कार्रवाई की क्षमता भी मजबूत होगी।

# 'सिंधु जल संधि पर विश्व बैंक की भूमिका हस्तक्षेपकर्ता की नहीं'

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने उन रिपोर्टों का खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि विश्व बैंक सिंधु जल संधि को स्थगित रखने के भारत के फैसले में हस्तक्षेप कर सकता है और इस फैसले को पलटने के लिए उसे मजबूर कर सकता है।

केंद्र सरकार के सूचना तंत्र प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने 'एक्स' पर श्री बंगा के हवाले से एक पोस्ट में कहा है, एक मददगार के अलावा हमारी और कोई भूमिका नहीं है। मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक कैसे हस्तक्षेप करेगा और समस्या को कैसे ठीक करेगा, लेकिन ऐसी बातें व्यर्थ हैं। विश्व बैंक की भूमिका केवल मददगार की है। उल्लेखनीय है कि भारत ने सिंधु जल बंटवारे पर भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 की संधि को 22 अप्रैल 2025 के पहलगाव आतंकवादी हमले के



अगले दिन 23 अप्रैल को स्थगित कर दिया था। कथित रूप से पाकिस्तान के इशारे पर काम करने वाले चार आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इनमें एक व्यक्ति नेपाल का नागिक था।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने गुरवार को कहा था कि सिंधु जल संधि जिन परिस्थितियों में संपन्न हुई थी, उनमें मौलिक परिवर्तन हुए हैं... इसकी समीक्षा के लिये पिछले ढाई वर्षों से भारत पाकिस्तान सरकार को लिखता रहा है। श्री मिसरी ने ● शेष पेज 11 पर

### मुख्य सचिवों को नागरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत आपात अधिकारों के इस्तेमाल की अनुमति

नयी दिल्ली। भारतीय सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर पर पाकिस्तानी सेना की जवाबी कार्रवाई से उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नागिरक सुरक्षा अधिनियम के तहत आपात अधिकारों का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है।

सूत्रों के अनुसार मंत्रालय ने सभी राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों तथा प्रशासकों को पत्र लिखकर कहा है कि वे नागरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत मिले आपात अधिकारों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसका उद्देश्य आकस्मिक स्थिति में जरूरी एहतियाती तैयारियों को प्रभावशाली तरीके से पूरा और इन पर अमल करना है।

सूत्रों के अनुसार इन आपात अधिकारों के तहत नागरिक सुरक्षा महानिदेशक को भी जरूरी उपकरणों तथा साजो सामान की खरीद का अधिकार दिया जाता है जिससे कि वह जरूरत को देखते हुए बिना समय बर्बाद किये यह खरीद कर सकें।

# सुरक्षा को लेकर सेनाओं ने सरकार को किया संतुष्ट

एजेंसी

नई दिल्ली।। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को बड़े पैमाने पर किए गए पाकिस्तानी ड्रोन हमले को विफल करने के बाद हालात पर आज चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ और तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को साउथ ब्लॉक में दो घंटे चली इस समीक्षा बैठक में शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने लड़ाकू वर्दी पहनकर हर तरह का मुकाबला करने का संदेश दिया। देश की वर्तमान सुरक्षा स्थिति पर तीनों सेनाओं ने सरकार को भरोसा दिलाया कि राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए सभी नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा।

रक्षा मंत्री के साथ सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और रक्षा सचिव आरके



❑ शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने लड़ाकू वर्दी पहनकर हर स्थिति का माकूल जवाब देने का संदेश दिया

❑ बढ़ते तनाव के बीच रक्षा मंत्री ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व से मौजूदा हालात के बारे में जानकारी ली

सिंह सहित सेना के शीर्ष अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। यह बैठक ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद पाकिस्तान की सैन्य गतिविधियों पर भारत की जवाबी कार्रवाई के मद्देनजर हुई, जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद भारतीय सेना ने 8 और 9 मई की मध्यरात्रि के दौरान पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से किए गए कई ड्रोन हमलों को नाकाम किया। भारतीय सेना ने ● शेष पेज 11 पर

# भारत-पाक तनाव से बाजार में कोहराम

एजेंसी

❑ संेसेक्स 919 और निफ्टी ने 266 अंक का लगाया गोता

मुंबई। भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव से डरे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 880.34 अंक अर्थात 1.10 प्रतिशत का का गोता लगाकर आठ कारोबारी सत्र के बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,454.47 अंक पर आ गया। इससे पहले यह 25 मई को 79,212.53 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 265.80 अंक यानी 1.10 प्रतिशत टूटकर 24008.00 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.10 प्रतिशत फिसलकर 42,111.50 अंक और स्मॉलकैप 0.30 प्रतिशत उतरकर 46,741.95 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4010 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2522 में



गिरावट जबकि 1343 में तेजी रही वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2887 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें से 1738 में बिकवाली जबकि 1065 में लिवाली हुई वहीं 84 के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 17 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.10, सीडी 0.29, ऊर्जा 0.74, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.40, हेल्थकेयर 0.16, आईटी 0.32, दूरसंचार 0.46, यूटिलिटीज 1.50, ऑटो 0.19, बैंकिंग 1.04, तेल एवं गैस 0.46, पावर 1.11, ● शेष पेज 11 पर

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप जयंती पर पाकिस्तान को लिया आड़े हाथ

# पाकिस्तान अब अपने वजूद के लिए संघर्ष करता दिखाई देगा : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ कहा, आतंकवाद को संरक्षण ही नहीं, सीधे सीधे आतंकवाद में लिप्त है पाकिस्तान पूरा उत्तर प्रदेश आज अपनी सेनाओं के साथ खड़ा है: योगी

❑ हमें अपनी सेनाओं का मनोबल बढ़ाने के साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाहों से भी रहना होगा सतर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर घेरते हुए कहा कि उसने इतनी बड़ी हिमाकत कर दी है कि अब वह अपने वजूद के लिए संघर्ष करता दिखाई देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा अब दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है।

मुख्यमंत्री योगी ने आज महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में पाकिस्तान पर यह टिप्पणी की। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों के हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना के बाद हर भारतवासी ने पाकिस्तान को सबक सिखाने की ठान ली थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। आज पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ चुका है और कराहता हुआ नजर आ रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने पाकिस्तान के बेशर्मीपूर्ण रवैये पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भारत की कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों के जनाजे में पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और राजनीतिज्ञों की मौजूदगी दुनिया की आंखें खोलने वाली है। यह साबित करता है कि पाकिस्तान न केवल आतंकवादियों को संरक्षण देता है, बल्कि सीधे तौर पर आतंकवाद में शामिल भी है। अब पाकिस्तान अपने वजूद के लिए जूझ रहा है। मुख्यमंत्री ने देशवासियों से अपील की कि वे भारतीय सेनाओं का मनोबल बढ़ाएं और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि हर भारतवासी की जिम्मेदारी है कि वह अपनी सेनाओं के साथ खड़े हों और शरारतपूर्ण कार्रवाइयों को बेनकाब करें। केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में हमें एकजुट होकर कार्य करना है। योगी ने जोर देकर कहा कि भारत हर हाल में विजयी है और रहेगा। मुख्यमंत्री ने पूरे उत्तर प्रदेश की ओर से भारतीय सेनाओं के साथ मजबूती से खड़े होने का संकल्प दोहराया।

मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की वीरता को याद करते हुए कहा कि उनकी जयंती आज के चुनौतीपूर्ण समय में नई प्रेरणा देती है। उन्होंने हल्दीघाटी की ऐतिहासिक लड़ाई का उल्लेख किया, जहां महाराणा ने वनवासियों और गिरिवासियों की सेना के साथ अकबर की विशाल सेना को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य राकेश सिंह और मानवेंद्र सिंह को चौराहे के सौंदर्यीकरण के लिए बधाई दी गई। उन्होंने कहा कि ये चौराहा महारणा प्रताप सिंह चौराहे के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि 1998 में उन्होंने ही इस चौराहे पर महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापना का प्रस्ताव दिया था। लखनऊ, गोरखपुर और प्रयागराज में तीन मूर्तियां स्थापित की गई थीं, जिनका उद्घाटन कल्याण सिंह और राजनाथ सिंह जैसे नेताओं ने किया था।

### योगी आदित्यनाथ में है विजन, दृढ़ता और ऊर्ज़ा : अजय बंगा



लखनऊ। वर्ल्ड बैंक प्रेसिडेंट अजय बंगा शुक्रवार को अपनी टीम के साथ राजधानी लखनऊ पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान बंगा ने राज्य में हो रहे विकास कार्यों और मुख्यमंत्री के नेतृत्व की जमकर सराहना की। लखनऊ में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत से अभिभूत बंगा ने कहा कि ऐसा लग रहा है मानो मैं अपने घर वापस आ गया हूं। यूपी में मेरा ससुराल है और 12 साल बाद यहां आकर मैं हर क्षेत्र में बदलाव देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ में विजन, दृढ़ता और ऊर्ज़ा है। अजय बंगा ने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास भारत को वैश्विक मंच पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित यूपी ● शेष पेज 11 पर

❑ सीएम योगी से मुलाकात कर वर्ल्ड बैंक के प्रेसिडेंट अजय बंगा हुए गदगद

# करंट की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की हुई मौत

### 15 वर्ष से कोरांव में होटल पर करता था हलवाई का काम, होलागढ़ का रहने वाला था मृतक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। कोरांव बाजार में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे के करीब हलवाई का काम कर रहे व्यक्ति की बिजली करंट की चपेट में आकर झुलस कर मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक दाढ़ी यादव पुत्र अशर्फी लाल यादव (50) निवासी हरकिशु कस्तूरा थाना होलागढ़ प्रयागराज आज के करीब 15 वर्ष पहले कोरांव में आकर हलवाई का काम करना शुरू किया था। इन दिनों वह कोरांव बाजार में दीपक स्वीट हाउस के यहां काम करता था। बृहस्पतिवार को कहीं बारात में भोजन बनाने के लिए गया था। शुक्रवार को सुबह 11 बजे के करीब वह होटल दीपक स्वीट हाउस पर पहुंचा तो स्नान कर कपड़े डाल रहा था। कपड़ा डालते समय वह बिजली करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही झुलस कर उसकी मौत हो गई। होटल के अंदर करंट से हलवाई दाढ़ी यादव की मौत के बाद होटल संचालक में भी हड़कंप मच गया। आनन फानन में हलवाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो पुत्र सुनील और अनिल हैं। हादसे की खबर घर पहुंची तो दोनों पुत्र समेत पत्नी मुख्या देवी समेत अन्य पारिवारी जनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। होलागढ़ से परिजनों के आने के बाद पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर मृतक केशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन पर पड़ा मिला युवक का शव

### मृतक के भाई ने प्रेमिका के परिजनों पर जताई हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मधवापुर निवासी लल्लन उर्फ लल्ला 20 वर्ष का शव शुक्रवार सुबह मलिहाबाद रेलवे फाटक के निकट पटरी पर पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। अपराह्न बाद पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद परिजनों के सिपुर्द कर दिया। परिजनों ने काफी देर तक शव का अन्तिम संस्कार करने से इनकार करते हैं। परिजनों पर माल व मलिहाबाद पुलिस लगातार अन्तिम संस्कार का दबाव बनाती रही। परिजनों ने देर शाम मृतक युवक लल्लन के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। माल पुलिस ने युवक को किया था पाबंद, युवक का मिला शव मलिहाबाद थाने में दी गयी तहरीर में युवक के भाई सूरज कुमार ने आरोप लगाया है कि उसका भाई लल्लन उर्फ लल्ला विगत 2 मई को लतीफ़पुर शादी जानें की बात कह रात 8 बजे निकल गया था। जब वह वापस नहीं आया तो दूसरे दिन थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई गयी थी। सूरज का आरोप है कि इसी बीच माल पुलिस उसके भाई को पकड़ लाई थी। जिसके बाद माल पुलिस ने लल्लन का 151 कर पाबंद किया था। माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद का कहना है छेड़छाड़ के आरोप में युवक को पाबंद किया गया था। तब उसे जानकारी हुई थी कि उसके भाई का प्रेम प्रसंग माल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती से थे। सूरज ने दी गयी तहरीर में युवती, युवती के परिजनों सहित कारिंदों पर हत्या की आशंका जतायी है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाई की जायेगी।

## प्रो. विनय कुमार सिंह होंगे गोरखपुर विश्वविद्यालय के नए नियंता

गोरखपुर । दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो पूनम टंडन ने प्राणि विज्ञान विभाग के प्रो. विनय कुमार सिंह को विश्वविद्यालय का नया नियंता नियुक्त किया है। प्रो. विनय कुमार सिंह वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् के सद्स्य भी हैं। प्रो. विनय कुमार सिंह ने विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 170 से अधिक शोध पत्रों का प्रकाशन, 01 पेटेंट तथा लगभग 13 पुस्तकों का लेखन किया है।साथ ही दर्जन भर से अधिक विद्यार्थियों ने पीएचडी की उपाधि प्रो. सिंह के निर्देशन में प्राप्त की है। प्रो. विनय पूर्व में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कोर्ट मेंबर भी रह चुके हैं। प्रो. विनय कुमार सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के निदेशक सेल्फ फाइनेंस कोर्सेज, मानद ग्रंथालयी-केंद्रीय ग्रंथालय सहित अनेक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षकों ने बधाई दी।

## कानपुर से लखनऊ जा रही रोडवेज बस पलटी, सात लोग गम्भीर घायल

लखनऊ । कानपुर के किदवई नगर डिपो की बस के चालक सूरज को शुक्रवार की अपराह्न दो बजे के करीब स्टेयरिंग फ़ेल होना महसूस हुआ। इस वक्त डिपो की बस लखनऊ के बंथरा इलाके में पहुंची थी और स्टेयरिंग फ़ेल होने से सड़?क किनारे चल रहे ई–रिक्शा, टेम्पो से टकरा गयी। वाहनों से टकराने पर बस पलट गयी और इसके बाद वहां चीख पुकार मच गयी। इस दुर्घटना में ई–रिक्शा एवं बस में सवार सात लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं 11 यात्रियों को सामान्य चोट आयी।बस पलटने की घटना के दस मिनट के भीतर ही बंथरा थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने तत्काल ही घायलों को सीएचसी भेजवाया, जहां से गम्भीर घायलों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के कुछ मिनटों के बाद ही बंथरा जुनाबगंज मार्ग पर जाम की स्थिति बनने पर यातयात कर्मियों ने स्थिति को सम्भाल लिया। फिर भी बस को हटाने तक जाम की स्थिति बनी रही। बंथरा थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण ने कहा कि 30 यात्रियों से भरी किदवई नगर डिपो की रोडवेज बस के पलटने से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। सुरक्षित यात्रियों को दूसरे बस से रवाना किया गया है। वहीं बस को क्रेन से मौके से हटवाते हुए कार्यशाला भिजवाया गया है।

## लालपुर कादीनगर मार्ग जर्जर आवागमन मे असुविधा

सीतापुर। नैमिष देहात नैमिषारण्य के मुख्य मार्ग से जुड़ने वाला लालपुर कादीनगर मार्ग क्षतिग्रस्त है डामर उखड गई है बजरी व पत्थर निकल आए है इससे राहगीरो को समस्या होती है नुकीले पत्थर से वाहन पचंर हो जाते है साईकिल व दोपहिया वाहन चालक फिसल जाते है इस सड़क मे गडडो की मरम्मत नही कराई है इस मार्ग से करीब दो दर्जन से अधिक गांवो के लोग निकलते है सबसे अधिक दिक्कत स्कूली बच्चो को होती है रामनरेश आजाद देवेन्द्र कुमार नन्द महेंद्र राघवेन्द्र सिंह चौहान अदि ने मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की है

## भाजपा नेता की भैंस चोरी, भाई ने दी तहरीर

मलिहाबाद/लखनऊ। बेखौफ चोर ने भाजपा नेता के घर के बाहर बंधी भैंस चोरी कर फ़रार हो गये। चोरी की घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। भाजपा नेता के भाई ने थाने में तहरीर दी है। बीती रात तड़के अज्ञात चोर ने भुलभुला खेड़ा निवासी भाजपा नेता भाजयुमो के पूर्व जिलाउपाध्यक्ष विमल यादव के घर को निशाना बनाया। भाजपा नेता विमल यादव के भाई निर्मल कुमार ने थाने में दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी भैंस घर के बाहर खूंटे में बंधी थी। तड़के अज्ञात चोर बागों के रास्ते उनके घर के बाहर बंधी भैंस चोरी कर चम्पत हो गया। उन्होंने बताया कि चोर सीसीटीवी में कैद हो गया है लेकिन उसकी शक्ल सही दिखाई नहीं दे रही है। निर्मल कुमार का आरोप है कि क्षेत्र में लगातार चोरियां हो रहीं है लेकिन पुलिस चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में विफल हो रहीं है जिससे चोरों के हौसले बुलन्द है। हौसले बुलन्द होने के साथ चोर आयेदिन चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अगर तहरीर मिलती है तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाई की जायेगी।

# नेता की कुर्सी के पीछे लहू से सना सच: पूर्व पार्षद पर युवक की हत्या और लूट का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा, लखनऊ । राजनीति सत्ता और रुतबे का नशा जब इंसानियत को निगल जाए, तो खून की बू उससे छिपती नहीं। समाजवादी पार्टी के पूर्व पार्षद बीजेपी के मौजूदा सक्रिय नेता और भारत केबल नेटवर्क के मालिक अनुराग पांडेय पर हत्या और लूट जैसे घिनौने आरोप लगे हैं–जिनसे सिर्फ कानून ही नहीं, समाज भी कांप उठा है।दुबग्गा थाना क्षेत्र में दर्ज इस मामले ने सवाल खड़े कर दिए हैं–क्या जनप्रतिनिधि की कुर्सी अब हिंसा की ढाल बन चुकी है? सरथरा, माल निवासी पृथ्वी पाल के घर में आज मातम पसरा है। उनका इकलौता बेटा रवि यादव, जो अपने छोटे से सपनों के साथ संघर्ष कर रहा था, अब इस दुनिया में नहीं है। उसकी सिर्फ सांसें नहीं छीनी गईं, बल्कि उसकी अस्मिता, उसकी उम्मीदें और एक बाप का सहारा बेरहमी से छीन लिया गया।शिकायत में बताया गया है कि अनुराग पांडेय ने विजयपाल सिंह और अनमोल गौतम के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में रवि को ऑफिस से बाहर निकलते वक्त अगवा किया, गाड़ी में बैठाकर न सिर्फ उसका मोबाइल, सोने की चेन और पैसे लूट लिए, बल्कि रातभर उसे बांधकर बेदर्दी से पीटा गया। सुबह उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला–सन्नाटा चीख रहा था, इंसाफ मर रहा था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पुलिस की आंखें खोलीं और हत्या, अपहरण लूट जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ। पर क्या यह काफी है?क्या राजनीति में रुतबा कानून से ऊपर हो गया है?क्या सत्ता की चादर में खून के दाग अब छिपाने लायक नहीं बचे?एक पिता का सवाल है–''क्या मेरे बेटे को इंसाफ मिलेगा या वह भी फाइलों में गुम हो जाएगा?''आज जरूरी है कि कानून सिर्फ नाम का नहीं, असर का हो।वरना आने वाला कल हर आम नागरिक को यह सोचने पर मजबूर करेगा कि नेता की कुर्सी के पीछे किसका खून बहाया गया है।

# दुर्गा बाड़ी में मनाई गई कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की 164वीं जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । बंगाली समिति, गोरखपुर के दुर्गा बाड़ी प्रांगण में कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की 164वीं जयंती बांग्ला तिथि के अनुसार मनाया गया । इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समिति के संरक्षक डां. रुप कुमार बनर्जी, डां. शेखर चन्द्र मुखर्जी एवं प्रोफ़ेसर अलक राय ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में डा रुप कुमार ने कहा रवीन्द्र नाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे अल्प शब्दों में उनका साहित्य संसार व्यक्त करना सूर्य को दीया दिखाने के बराबर है (इस अवसर पर गुरुदेव के जीवन परिचय पर श्री तमाल आचार्या ने कहा कि रवीन्द्र नाथ मूलतःप्रेम और प्रकृति के कवि थे आज की परिस्थिति मे प्रेम और प्रकृति की आवश्यकता है। इस अवसर पर अशैक देव नीलू के निर्देशन में छोटे छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में रिद्धिमा चटर्जी, रिद्धि सिंह रावत, आरुल सेनगुप्ता, अरुणा सेनगुप्ता, सिद्धाक्षी दास समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## कुंडे में टायर के सहारे लटक किसान ने की आत्महत्या

रहीमाबाद/लखनऊ। घर के अन्दर किसान ने कुंडे में टायर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ससपन निवासी किसान बीनू सिंह का शव उनके घर में कुंडे से टायर के सहारे लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। ग्रामीणों ने बताया की मृतक किसान बीनू सिंह की प'ी रीना अपने एकलौते पुत्र किट्टू के साथ काफी समय से अपने मायके में रह रही है। ग्रामीणों में यह भी चर्चा थी की मृतक शराब पीने का बहुत आदी था।

# लखीमपुर खीरी के क्रय केंद्रों ने गेहूं क्रय में बनाया नया रिकॉर्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । रबी विपणन वर्ष 2025ऽ26 के अंतर्गत गेहूं क्रय कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 क्रय केंद्रों के अधिकारियों और कर्मचारियों को शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में सम्मानित किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री मनीषा, डिप्टी आरएमओ नमन पाण्डेय की उपस्थिति में चयनित अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले के समर्पित क्रय केंद्र प्रभारी और उनकी टीम ने किसानों के हित में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, समयबद्धता और किसान हितैषी दृष्टिकोण प्रशासन की प्राथमिकता है, और इन केंद्रों का प्रदर्शन इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।लक्ष्य से आगे बढ़े लखीमपुर के क्रय केंद्र मेहनत बनी मिसालइस बार गेहूं क्रय में लखीमपुर खीरी के क्रय केंद्रों ने न केवल लक्ष्य पूरे किए, बल्कि अपनी मेहनत से आंकड़ों को भी पीछे छोड़ दिया। सबसे अग्रणी रहे धीरज गुप्ता (पी.सी.एफ.), जिन्होंने 317.11% लक्ष्य हासिल कर एक मिसाल कायम की। विकास कुमार (भा.ख़ा.नि.गं.) ने 294.38% के साथ दूसरे स्थान पर रहकर किसानों के भरोसे को मजबूत किया। तीसरे स्थान पर गौरव चतुर्वेदी (पी.सी.यू.) रहे, जिनका प्रदर्शन 159% रहा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने भी शानदार समर्पण दिखाया। बृजेश कुमार सिंह (156.41%), रविशंकर (153.95%), इन्द्रजीत सिंह (139.08%), डॉ. रामदुलार प्रसाद (113.85%), आदित्य सिंह (106.21%), और राजेश राम (101.33%) ने पूरे मनोयोग से किसानों की उपज का मूल्य सुनिश्चित किया। वहीं, शशांक दीक्षित (यूपीएसएस) ने 129% की उपलब्धि के साथ सिस्टम को मजबूती दी।लक्ष्य से अधिक क्रय कर किसानों का भरोसा जीताइन केंद्रों ने न केवल अपने निर्धारित लक्ष्यों को पार किया, बल्कि सैकड़ों किसानों को समय पर समर्थन मूल्य का भुगतान दिलाकर भरोसे का नया मानक भी स्थापित किया। यह सफलता जिलाधिकारी की सतत निगरानी, विभागीय समन्वय और निचले स्तर पर ईमानदार क्रियान्वयन का प्रमाण है।प्रदेश में दूसरा स्थान, लखीमपुर का गौरवउल्लेखनीय है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जनपद लखीमपुर खीरी ने गेहूं खरीद में नया इतिहास रचते हुए प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के पीछे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की सक्रिय निगरानी, रणनीतिक योजना और किसानों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक है, बल्कि जिले की कृषि व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता के नए मानक भी स्थापित करती है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणाम को प्रभावित करने वाला साइबर अपराधी गिरफ्तार

प्रयागराज । माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा 2025 के परिणाम को प्रभावित करने वाले एक साइबर अपराधी को प्रयागराज साइबर थाने की पुलिस टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से टीम ने 3 एन्ड्रायड मोबाइल फोन एवं 4 सिम कार्ड बरामद किया है।साइबर अपराध के नोडल व पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित कर्नलगंज थाना क्षेत्र के एलनगंज निवासी अभिषेक सोनी पुत्र स्वर्गीय ईश्वरचन्द्र सोनी है। इसके खिलाफ साइबर थाने में धारा-318(4)/319(2) भारतीय न्याय संहिता व 66(सी)/66(डी)/84(सी) आई.टी. एक्ट के तहत दर्ज किया गया था।उन्होंने बताया कि आरोपित अभिषेक सोनी ने आयोग की संदिग्ध फर्जी ई–मेल आईडी बनाकर उससे रिजल्ट तैयार करने वाली संस्था को ई–मेल भेजकर तीन छात्रों के नम्बर बढ़वाने का विफल प्रयास किया गया। जिसे संबंधित एजेंसी ने फर्जी ईमेल को पकड़ लिया और इस प्रकार माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा परिणाम को प्रभावित करने का विफल प्रयास किया गया।

पूछताछ में यह जानकारी मिली कि आरोपित अभिषेक सोनी माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर फोटोकॉपी एवं मार्कशीट संशोधन करने व आनलाइन फॉर्म भरने की दुकान थी। जहां पर अन्य जनपद से आये अभ्यर्थियों की मार्कशीट में करेक्शन कराने का काम इसके द्वारा करवाया जाता था। अधिक पैसे कमाने के लालच में इसके द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज के ई–मेल आईडी से मिलती जुलर्ती फर्जी मेल बनाया और उसका प्रयोग करके नाकाम कोशिश किया और पकड़ा गया।

# विवेकानंद के आदर्शों पर चलने वाली भाविप की सदैव प्रासंगिकता बनी रहेगी : न्यायमूर्ति

### भारत विकास परिषद प्रयाग शाखा ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । भारत विकास परिषद प्रयाग शाखा ने शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित एक होटल में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनूप कुमार गोयल ने कहा कि विवेकानंद के आदर्शों पर चलने वाली भारत विकास परिषद जैसी समाजसेवी संस्थाओं की समाज एवं राष्ट्र के लिए सदैव प्रासंगिकता बनी रहेगी।उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद की स्थापना भारत चीन युद्ध के समय हुई थी और आज देश पुनः एक युद्ध की ओर अग्रसर है। ऐसे में सदस्यों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि भाविप के सदस्य सदैव समाज और राष्ट्र की सेवा तथा उसकी उन्नति के लिए तत्पर रहते हैं और नई पीढ़ी में अच्छे संस्कार डालने के लिए कटिबद्ध होते हैं। प्रयाग शाखा की निवर्तमान अध्यक्ष डॉ अल्पना अग्रवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद, प्रयाग शाखा का गठन 1983 में प्रयाग के कुछ प्रतिष्ठित बुद्धिजीवियों ने किया था। इसमें प्रयाग के हर क्षेत्र से प्रतिष्ठित नाम जुड़े। नगर के अनेक प्रतिष्ठित न्यायाधीश, अधिवक्ता, डॉक्टर, अध्यापक, व्यवसायी और समाजसेवी परिषद के सदस्य दायित्वधारी रहे। प्रसिद्ध न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा इसके प्रथम अध्यक्ष थे। रामेश्वर प्रसाद गोयल, भूतपूर्व एडवोकेट जनरल, उत्तर प्रदेश एवं वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद; डॉ बी एल अग्रवाल, एमेरिटस प्रोफ़ेसर, मेडिकल कॉलेज इलाहाबाद; मेजर जनरल महेंद्र नाथ रावत, डी.के. भट्टाचार्य, पूर्व अध्यक्ष, उप्र लोक सेवा आयोग सहित तमाम लोग इसके दायित्वधारियों में रहे हैं। वर्तमान में शहर के अनेक प्रतिष्ठित लोग, इस संगठन से जुड़कर समाज सेवा का कार्य कर रहे हैं।इस अवसर पर भारत विकास परिषद प्रयाग शाखा की स्मारिका का विमोचन किया गया। जिसका सम्पादन वरिष्ठ सी ए डॉ नवीन चंद्र अग्रवाल ने किया है। इस स्मारिका के उत्कृष्ट सम्पादन एवं प्रकाशन के लिए सभी सदस्यों ने डॉ अग्रवाल सहित पिछली कार्यकारिणी के अध्यक्ष डॉ कल्पना अग्रवाल एवं प्रोफ़ेसर विवेक भदौरिया की प्रशंसा की। स्मारिका में 1983 से लेकर अब तक के प्रयाग शाखा के सभी अध्यक्षों की फोटो तथा सभी दायित्वधारीयों के नाम की सूची दी गई है। इसके सभी पृष्ठ पर प्रयागराज के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पौराणिक स्थलों की फोटो भी अत्यंत आकर्षक ढंग से दी हुई है। डॉ नवीन चंद्र अग्रवाल ने कहा कि परिषद का दृष्टिकोण है मानव-जीवन के हर पहलू यथा सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक, राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में देश का विकास व संवर्धन है। जिससे अन्ततोगत्वा भारत स्वस्थ, समर्थ और संस्कारित हो।

इस अवसर पर शाखा के संस्थापक सदस्य और पूर्व अध्यक्ष चंद्र मोहन भार्गव, सहित अन्य पूर्व अध्यक्षों संरक्षक पी एस मित्तल, आर पी अग्रवाल, डॉ नवीन चंद्र अग्रवाल, आलोक शाह, प्रो उमेश प्रताप सिंह, डॉ अल्पना अग्रवाल को सम्मानित किया गया। एडवोकेट आरपी अग्रवाल और शाखा अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रं और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जगदीश्वर द्विवेदी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफ़ेसर उमेश प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रोफ़ेसर पूनम मित्तल, प्रोफ़ेसर अशोक मित्तल, इंद्रेश भार्गव, दिनेश रस्तोगी, डॉ पुरुषोत्तम दास केसरवानी, एडवोकेट अरुण त्रिपाठी, शरद गुप्ता, डॉ रितेश अग्रवाल साहित शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## जैसलमेर में ब्लैकआउट के चलते रानीखेत एक्सप्रेस निरस्त

मुरादाबाद । जैसलमेर में ब्लैकआउट एवं आकस्मिक कारणवश रेलगाड़ी संख्या (15014) व (15013) रानीखेत एक्सप्रेस को आंशिक तौर पर निरस्त कर दिया गया है।उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि रेलगाड़ी संख्या(15014) काठगोदाम-जैसलमेर रानीखेत एक्सप्रेस जेसीओ को जोधपुर तक ही संचालित किया जाएगा। जोधपुर एवं जैसलमेर तक यह गाड़ी निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या (15013) जैसलमेर-काठगोदाम रानीखेत एक्सप्रेस जेसीओ 10 मई को जैसलमेर के स्थान पर जोधपुर स्टेशन से काठगोदाम के लिए संचालित किया जाएगा। जैसलमेर से जोधपुर तक यह गाड़ी निरस्त रहेगी।

# महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय में आयोजित हुआ अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में स्थापित महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय में आज एक अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण अपराह्न 3:00 बजे अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के समक्ष अग्निशमन अधिकारी शांतनु कुमार यादव एवं उनकी टीम के नेतृत्व में संपन्न हुआ।इस प्रशिक्षण में अस्पताल के सभी संकाय सदस्य, नर्सिंग स्टाफ, सुरक्षाकर्मी एवं अन्य कर्मचारीगण पूरी निष्ठा और मनोयोग के साथ सम्मिलित हुए।

प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन यंत्रों के उपयोग, आपातकालीन निकासी प्रक्रिया तथा अग्निकांड की स्थिति में किए जाने वाले प्राथमिक उपायों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अस्पताल की आपातकालीन तैयारियों की समीक्षा करना तथा सभी कर्मचारियों में अग्नि सुरक्षा एवं बचाव संबंधी जागरूकता को बढ़ाना था।

## थाना साइबर क्राइम ने ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के4,82,081 कराए वापस

मुरादाबाद । थाना साइबर क्राइम पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र निवासी व्यक्ति से ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के ?9,49,189 में से ?4,82,081 शुक्रवार को वापस कराए। आरोपित साइबर ठग ने पीड़ित के मोबाइल के टेलीग्राम ऐप पर इन्वेस्टमेन्ट (ट्रेडिंग) कराने का लिंक भेजकर धोखाधड़ी की थी।थाना सदर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला भट्टी स्ट्रीट निवासी मौ शफीक ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि बीते सप्ताह उसके मोबाइल के टेलीग्राम ऐप पर इन्वेस्टमेन्ट (ट्रैडिंग) कराने का लिंक भेजकर धोखाधड़ी करके ?9,49,189 रुपयों की धनराशि उड़ा दी थी। थाना साइबर क्राइम ने प्रार्थना पत्र के आधार पर साइबर क्राइम थाना पर धारा 419/420 भादवि व 66डी आईटी एक्ट मुकदमा पंजीकृत किया था।

# भारतीय नारियों ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया : महंत देव्यागिरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्यागिरी महाराज ने आपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री और देश की सेना की प्रशंसा की, तो वहीं शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को महंत देव्यागिरी महाराज की अगुवाई में आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए आभार व्यक्त

किया गया। शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए शांति हवन भी हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश के वीर जवानों विशेषकर बहन कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की इस सफलता के लिए प्रशंसा की। भारतीय नारियों ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया और आतंकवादियों को मारा भी है एवं हमारी बहनों के सिंदूर उजाड़ने वालों से बदला लिया है। महंत ने कहा कि हम सभी भोलेनाथ से प्रार्थना करते हैं कि भारतीय सेना का आपरेशन सफल हो और पाकिस्तान को अपनी करनी का फल मिले। पूरे देश को वीर जवानों और उनकी माताओं पर गर्व है।

# सपा फ्रन्टल संगठनों की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर फ्रन्टल संगठनों की मासिक बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिला अध्यक्ष जयसिंह 'जयंत' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान उपस्थित रहे। बैठक का संचालन युवा नेता आकाश रावत ने किया।

बैठक में उपस्थित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश उत्तर प्रदेश में 27 जनवरी 2025 से चल रहे पीडीए पंचायत कार्यक्रमों में सभी फ्रन्टल संगठनों के पदाधिकारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाये और पीडीए पंचायत कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी की



जनकल्याणकारी नीतियों को गांव-गांव, घर-घर पहुंचाया जाए। साथ ही प्रकोष्ठों के सभी पदाधिकारी 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में बढ़ाने पर जोर दें। आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर भी चर्चा की गयी।

बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष टीबी सिंह, अनिल पासी, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, वरिष्ठ नेता भरत यादव, मायाराम वर्मा, बीकेटी चेयरमेन गनेश रावत, महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष अंजनी प्रकाश यादव, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष सालिम काकोरी, छात्र सभा जिलाध्यक्ष ओम कुमार लोधी के साथ प्रकोष्ठों के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रोडवेज बस की स्टेयरिंग फ़ेल बस पलटी, हुआ बड़ा हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा, लखनऊ। इलाके के लखनऊ कानपुर हाईवे पर स्थित चुनाव गंज तिराहे के पास चलती रोडवेज की बस की अचानक स्टेयरिंग फ़ेल हो जाने से बड़ा हादसा हो गया। बेकाबू होकर बस रोड पर चल रहे कई वाहनों को टक्कर मारते हुए सीधे दुकान के अंदर घुसकर हुए पलट गई। बस में 25 यात्री सवार थे जिनमें से आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए घायलों में दो बच्चे भी शामिल थे। सभी घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। बस पलटने से पहले रोड पर चल रहे छोटा हाथी,ईऽरिक्शा और टैंपो को टक्कर मार दी थी। जब तक क्रेन मंगाकर बस को हटाया जाता तब तक कानपुर लखनऊ रोड पर लंबा जाम लग गया। किदवई नगर डिपो की रोडवेज बस में चारबाग से कानपुर की ओर 25 यात्री जा रहे थे। जिसको चालक सूरज चला रहा था। लखनऊ से चलने के बाद बंथरा से आगे निकलते हुए जुबानगंज के पास बस की स्टेरिंग फ़ेल हो गई जब तक ड्राइवर कुछ समझ पाता इसी दौरान बस रोड पर चल रही दो-तीन गाड़ियों को रौंदते हुए दुकान में घुसकर पलट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजकर क्रेन द्वारा बस और अन्य वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारू रूप से बहाल करवाया।

# केजीएमयू में अब मरीज करा सकेंगे रोबोटिक सर्जरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद ने शुक्रवार को शताब्दी फ़ेज 1 में रोबोटिक सर्जरी का शुभारंभ किया। रोबोटिक सर्जरी शताब्दी फ़ेज 1 मे पीपीपी माडल पर स्थापित है। रोबोटिक सर्जरी की विशेषता होती है कि सर्जन आपरेशन थियेटर के अंदर एक कंसोल मशीन पर बैठा रहता है एवं रोबोट को कमांड देता है जिससे रोबोट एकदम सटीक सर्जरी करता है। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में शताब्दी अस्पताल में रोबोट पीपीपी माडल पर शुरू हो जाने से मरीजों की उच्च गुणवत्ता की सर्जरी की जा सकेगी।

यूरोलॉजी विभाग द्वारा एक 22 वर्षीय मरीज आपरेशन किया गया जिसमें मरीज की टेस्टिस उसके पेट के निचले भाग में



जन्मजात पड़ा हुआ था जिसे रोबोटिक सर्जरी कर अंडकोष के स्थान पर पहुंचा कर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया। इस आपरेशन में डा. भूपेंद्र पाल, डा. मनोज यादव, डा. अवनीश गुप्ता, डा. अजय पाल, डा अभिजीत चंदा एवं डा विश्वजीत सिंह उपस्थित थे। निश्चेतना विभाग से डा. दिनेश सिंह थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि यह मुख्य रूप से स्वदेशी भारतीय कंपनी है। हमारी प्राथमिकता हमेशा से रिसर्च को बढ़ावा देना, कामों की उच्च गुणवत्ता को ध्यान में रखकर आविष्कार एवं रिसर्च आदि को बढ़ावा देना रहा है। रोबोटिक सर्जरी एवं ओटी के शुभारंभ के मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डा. सुरेश कुमार, मीडिया प्रभारी डा. के. के. सिंह, डा. विश्वजीत सिंह, डा. एच. एस. पाहवा मुख्यरूप से उपस्थित थे।

## नगरामः घर में सेंधमारी कर चोरों ने उठाया चार बोरी गेहूं , मुकदमा दर्ज

निगोहां, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगराम थाना क्षेत्र के ग्राम तमोरिया गांव में बीती रात चोरी की एक वारदात ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी राकेश पुत्र बाबूलाल ने नगराम थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते 6 मई की रात लगभग 12:30 बजे के बाद विपक्षी श्रवन पुत्र बाबूलाल अपने कुछ साथियों के साथ उसके घर में सेंधमारी कर भीतर घुस आया और वहां से चार बोरी गेहूं चुरा ले गया।पीड़ित राकेश ने आरोप लगाया कि श्रवन और उसके साथी पहले से ही आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और इस घटना से उसे मानसिक आघात पहुंचा है। राकेश ने नगराम थाना प्रभारी से इस प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।इस घटना की तहरीर पुलिस को सौंप दी गई है, वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी की है। नगराम पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है।

## कानपुर से लखनऊ जा रही रोडवेज बस पलटी, सात लोग गम्भीर घायल

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कानपुर के किदवई नगर डिपो की बस के चालक सूरज को शुक्रवार की अपराह्न दो बजे के करीब स्टेयरिंग फ़ेल होना महसूस हुआ। इस वक्त डिपो की बस लखनऊ के बंथरा इलाके में पहुंची थी और स्टेयरिंग फ़ेल होने से सड़?क किनारे चल रहे ई—रिक्शा, टेम्पो से टकरा गयी। वाहनों से टकराने पर बस पलट गयी और इसके बाद वहां चीख पुकार मच गयी। इस दुर्घटना में ई—रिक्शा एवं बस में सवार सात लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं 11 यात्रियों को सामान्य चोट आयी। बस पलटने की घटना के दस मिनट के भीतर ही बंथरा थाने के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने तत्काल ही घायलों को सीएचसी भेजवाया, जहां से गम्भीर घायलों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के कुछ मिनटों के बाद ही बंथरा जुनाबगंज मार्ग पर जाम की स्थिति बनने पर यातयात कर्मियों ने स्थिति को सम्भाल लिया। फिर भी बस को हटाने तक जाम की स्थिति बनी रही। बंथरा थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण ने कहा कि 30 यात्रियों से भरी किदवई नगर डिपो की रोडवेज बस के पलटने से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। सुरक्षित यात्रियों को दूसरे बस से रवाना किया गया है। वहीं बस को क्रेन से मौके से हटवाते हुए कार्यशाला भिजवाया गया है।

## परियोजना प्रबंधक के बैठक में ना पहुंचने पर निदेशक विशाल सिंह ने जाहिर की नाराजगी


लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के निदेशालय के सभागार में शुक्रवार को निदेशक विशाल सिंह की अध्यक्षता में कार्यदायी संस्थाओं के साथ निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। निदेशक विशाल सिंह ने परियोजना प्रबंधक के बैठक ना पहुंचने पर नाराजगी जाहिर की। निदेशक ने सख्त लहजे में कहा कि भविष्य में आयोजित समीक्षा बैठकों में कार्यदायी संस्था पूरी तैयारी के साथ अपने आर्किट्रेक एवं परियोजना प्रबंधक के साथ उपस्थित होगें। वहीं अधिकारी प्रत्येक कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करायेगें। बैठकों में अनुपस्थिति को कार्यवाही के नजरिये से देखा जायेगा। बैठक में निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में निर्माण कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अतः सभी कार्य पारदर्शिता और प्रभावशीलता के कार्य पूर्ण होगें। किसी निर्माण कार्यों की अनियमितता बरतने पर कार्रवाई होगी। वहीं निगरानी और समन्वय दोनों पर अधिकारी जोर देगें। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक ने बजट, व्यय एवं वित्तीय प्रबंधन पर प्रस्तुति दी। निदेशक ने स्थलीय निरीक्षण और निर्माण एजेंसियों से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अपर निदेशक संस्कृति सृष्टि धवन, सहायक निदेशक रेनू रंग भारती, अमित अग्निहोत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## देश की सेनाओं के साथ पूरा हिंदुस्तान खड़ा : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारे देश की बहादुर सेना ने पाकिस्तान को ईंट का जवाब पत्थर से दिया है। वीर - बांकुरे सैनिकों ने आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देने का काम किया है। भारत के सुदर्शन चक्र के सामने पाकिस्तान का कोई हथियार टिक नहीं पा रहा है और न ही टिक पाएगा। उप मुख्यमंत्री शुक्रवार को बाबू केडी सिंह स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित 13वीं राष्ट्रीय सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप का शुभारंभ करने के बाद खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत छेड़ता नहीं है, लेकिन उसे कोई छेड़ता है तो फिर भारत उसे छोड़ता भी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं के साथ पूरा हिंदुस्तान खड़ा है। देश के दुश्मनों को सबक सिखाया जा रहा है। देश की सेनाओं को प्रणाम करते हुए कहा कि भारतीय सेना विजेता सेना है। उन्होंने मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों में जहां नई ऊर्जा व नई उत्साह का संचार किया। वहीं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे खेलों में आगे बढ़ें और देश की सेवा में भी आगे बढ़े।

# गंभीर टीबी मरीजों की खोजने को चलाएं विशेष अभियान : पार्थ सारथी सेन शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश में 100 दिवसीय विशेष सघन ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) अभियान की गतिविधियों को आगे भी जारी रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उच्च जोखिम वाले मरीजों की टीबी के साथ अन्य दूसरे पहलुओं की जांच व इलाज करने के भी निर्देश दिए हैं।

प्रमुख सचिव शुक्रवार को एक स्थानीय होटल में जिला क्षय रोग अधिकारियों (डीटीओ) के लिए आयोजित दो दिवसीय समीक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा मरीजों को खोजने पर ध्यान दें। उच्च जोखिम वाले मरीजों की पहचान करें। इसके लिए लगातार 100 दिवसीय विशेष सघन अभियान चलाया जाए। उन्होंने मल्टी ड्रग रेजिस्टेट (एमडीआर) टीबी के प्रत्येक मरीज के लिए बीपाल (बीडाकुलिन, प्रिटोमेनिड, लिनेजोलिड, मोक्सिफ्लाक्सिन) रेजिमेंन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कहा कि टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट सभी पात्र मरीजों को दिया जाए साथ ही उन्होंने सभी सूचनाएं निःक्षय पोर्टल पर दर्ज कराने के भी निर्देश दिए। महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. रतनपाल सिंह सुमन ने बोला की टीबी के उच्च जोखिम वाले मरीजों का विशेष ख्याल रखे और सभी को समुचित इलाज उपलब्ध कराए और निरंतर निगरानी रखें।

निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि टीबी के इंसीडेंस रेट में वार्षिक गिरावट वर्तमान मे 2.5 प्रतिशत है जिसे बढ़ाकर 10 फीसदी तक किया जाना है। इसके लिए हम सबको प्रयास करने होंगे। उन्होंने बताया कि एक्टिव टीबी न होने की पुष्टि के बाद ही टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट दिया जाना है। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने कहा कि इस साल के अंत तक देश को टीबी मुक्त करने के लिए प्रत्येक प्रयास महत्वपूर्ण है। उन्होंने निःक्षय पोर्टल, केस पंजीकरण पर विस्तार से चर्चा की। यह प्रशिक्षण दो चरणों में 75 जिले के डीटीओ और आगरा, लखनऊ, बरेली, गोरखपुर, और वाराणसी के मेडिकल कालेज के मैक्रोबैलोजिस्ट को दिया जा रहा है प्रशिक्षण का पहला चरण शुक्रवार को पूरा हो गया है और दूसरा चरण 14-15 मई को संपन्न होगा।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अनूठी पहल, सीएम फ़ेलो लिख रहे हैं ग्रामीण विकास की नई इबारत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरगामी सोच और अनूठी पहल के तहत प्रदेश में सीएम फ़ेलोशिप प्रोग्राम शुरू किया था। सीएम फ़ेलोशिप प्रोग्राम के तहत प्रदेश के सभी आकांक्षात्मक विकास खंडों में सीएम फ़ेलो की नियुक्ति की गई थी, जो आज ग्रामीण विकास के क्षेत्र में इनोवेशन और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में योगदान देकर नये विकास की नई इबारत लिख रहे हैं। सीएम फ़ेलो ग्रामीण स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं विकास कार्यों में अपने सुझाव, जन समस्याओं को सीएम फ़ेलो पोर्टल के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों तक पहुंचाते हैं, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव हो पाती है। साथ ही ब्लाक एवं जिला स्तर पर समस्याएं दूर करने में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं। इनके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से प्रेरित हो कर सीएम फ़ेलो अपने सफल इनोवेटिव प्रयोगों से प्रदेश स्तर पर व्याप्त गंभीर समस्याओं के हल और विकास कार्य के मॉडल प्रस्तुत कर रहे हैं।

# एसजीपीजीआई में एआई संचालित ओसीटी प्रणाली स्थापित,ह्रदय रोगियों के उपचार में होगी सहायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में अब एक नवीनतम कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-संचालित इंट्रावैस्कुलर ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (ओसीटी) प्रणाली स्थापित की गई है, जो फ्रैक्शनल और रिलेटिव फ्लो रिज़र्व (कोरोनरी फ्लो का आकलन) तथा 3क एंजियो को-रजिस्ट्रेशन (एक साथ एंजियोग्राफिक दृश्य प्रदान करने वाली तकनीक) को एकीकृत करती है। यह अत्याधुनिक प्रणाली अब हृदय रोग विशेषज्ञों को कोरोनरी एंजियोप्लास्टी के लिए एक समग्र और उन्नत दृष्टिकोण प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। मैनुअल विश्लेषण के स्थान पर एआई एल्गोरिद्म का उपयोग करके, यह तकनीक प्लाक संरचना, कैल्सीफिकेशन, रक्त वाहिका का आकार, स्टेंट की स्थिति आदि का मूल्यांकन अधिक सटीकता से कर सकती है, साथ ही इन जानकारियों को एंजियोग्राफी डेटा से भी जोड़ सकती है। एसजीपीजीआई के कार्डियोलॉजी विभाग की टीम जिसमें प्रो. आदित्य कपूर, प्रो. सत्येन्द्र तिवारी, प्रो. रूपाली खन्ना, प्रो. नवीन गर्ग और डॉ. अंकित साहू शामिल हैं। अब तक 10 केस में इस प्रणाली का सफलतापूर्वक उपयोग कर चुके हैं। उन्होंने कोरोनरी इंटरवेंशन के दौरान इस तकनीक की तेज और सटीक निर्णय-निर्माण क्षमता की सराहना की है। कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो. कपूर ने एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. आर. के. धीमन के प्रयासों की सराहना की, जिनके सहयोग से यह मशीन संस्थान में लाई जा सकी। यह मशीन उच्च-रिज़ॉल्यूशन रियल-टाइम 3कपुनर्निर्माण, 3कवॉल्युमेट्रिक इमेजिंग, और एक साथ एंजियो-ओसीटी डिस्प्ले प्रदान करती है, जिससे प्रक्रियाओं की सटीकता और रोगियों के उपचार के परिणामों में उल्लेखनीय सुधार होगा। निदेशक प्रो. आर. के. धीमन ने कार्डियोलॉजी विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए रोगी देखभाल में उनके योगदान की प्रशंसा की और भविष्य के सभी प्रयासों में विभाग को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# अब 13 जिलों में ग्रामीणों को इलाज के लिए नहीं काटने होंगे शहर के चक्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

स्वास्थ्य सेवाओं को सुविधाजनक बनाने पर योगी सरकार का विशेष फोकस

लखनऊ । प्रदेश की योगी सरकार ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की है। राज्य के 13 जिलों में नवनिर्मित 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इससे अब गांव के मरीजों को इलाज के लिए शहर की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। योगी सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीणों को उनकी ही तहसील और ब्लॉक स्तर पर बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए। इस संबंध में शासन की ओर से महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को शीघ्र व्यवस्था सुचारु करने के लिए कहा गया है। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देने की



दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे न सिर्फ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, बल्कि समय और पैसे की भी बचत होगी।

योगी सरकार की ओर से चयनित 13 जिलों में नए स्वास्थ्य केंद्रों को आधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधाएं दी जाएंगी। यह पहल स्वास्थ्य सुविधाओं के विकेंद्रीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कहा है कि स्वास्थ्य सेवाएं जनसामान्य की बुनियादी जरूरत हैं और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस योजना से पीलीभीत, रायबरेली, प्रयागराज, मीरजापुर, महराजगंज, मऊ, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, हरदोई, चन्दौली, बलरामपुर, बरेली और मेरठ जिलों के लाखों ग्रामीण लाभान्वित होंगे। सरकार का लक्ष्य है कि इन सभी केंद्रों को जल्द से जल्द क्रियाशील कर प्रदेशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं का स्तर सुधारा जाए।

ग्रामीणों को मिलेंगी ये सुविधाएंजिन जिलों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार की सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं उनमें पीलीभीत की गांधीनगर मुरैना, रायबरेली की चन्दापुर, प्रयागराज की भीटी, मीरजापुर की अघोड़ी, महराजगंज की सोहगी बरवा, मऊ की नीमडाड, कानपुर देहात की परौंख, प्रतापगढ़ में तीन रानीगंज कैथोला, हथिगवां एवं डेरवा के अलावा हरदोई की चौसार और चंदौली की बबुरी सीएचसी शामिल हैं। इनमें एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी लैब, प्रसव केंद्र, आपातकालीन सेवा, प्राथमिक उपचार, टीकाकरण जैसी मूलभूत और जरूरी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही 24 घंटे एंबुलेंस सेवा और दवा वितरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

# सीतापुर में लूट की घटना में संलिप्त तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददात

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद सीतापुर में लूट,चोरी, नकबजनी, छिनैती जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवम् विधिक कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मिश्रिख दीपककुमार सिंह के नेतृत्व में थाना संदना पुलिस टीम द्वारा लूट जैसी घटना में 02 वांछित एवम् प्रकाश में आये 01 अभियुक्त सहित कुल 03 शातिर अभियुक्तों 1. मनोज कुमार पुत्र परवन लाल निवासी कल्ली थाना मिश्रिख सीतापुर 2. चांद पुत्र सत्तार नि0 गोपलापुर थाना मिश्रिख सीतापुर 3. समीर पुत्र कल्लू नि0 गोपलापुर थाना मिश्रिख सीतापुर को करनपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनसे मौके से लूट संबंधित एक अदद सैमसंग गैलेक्सी




मोबाइल व कुल 2,400/- रूपये व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साईकिल नं0- ठ्घ्34उट्ट9167 बरामद हुआ है। अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि कल दिनांक 08.05.2025 को दिन में थाना संदना के ग्राम गुजरेहटा गांव के सामने एक लड़के से मोबाइल व रूपये लूट लिये थे।

घटना के सम्बन्ध में थाना संदना पर मु0अ0सं0 134/25 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत है। बरामद मोटरसाइकिल को अंतर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया है एवम् पंजीकृत अभियोग में नियमानुसार धारा बढ़ोत्तरी कर अभियुक्तों उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है।

अभियुक्तों का नाम मनोज कुमार पुत्र परवन लाल निवासी कल्ली थाना मिश्रिख सीतापुर, चांद पुत्र सत्तार नि0 गोपलापुर थाना मिश्रिख सीतापुर,3 समीर पुत्र कल्लू नि0 गोपलापुर थाना मिश्रिख सीतापुर रहने वाला है। इनके पास से एक अदद मोबाइल सैमसंग गैलेक्सी व 2400 रूपये व एक अदद मोटर साईकिल नं0- यूपी 34 उट्ट9167अनावरित अभियोग ऽ मु0अ0सं0 134/25 धारा 309(4)/317(2) उगट्ट थाना संदना सीतापुर पुलिस टीम मे उ0नि0 अबू मो0 कासिम , उ0नि0 राधिका रमण , हे0का0 शिवबहादुर सरोज, का0 मनोज सिंह , का0 दीपक चाहर , का0 रंजीत सिंह, का0 हरिशंकर समेत अन्य लोग शामिल थे।

# माता बगलामुखी करें शत्रु का नाश मां भारती के सपूत हो विजयी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर। खैराबाद नगर क्षेत्र से सटे पवित्र भुइंया ताली तीर्थ में माता बगुलामुखी मंदिर के सामने बने विशाल हवन कुंड में आज से महंत बजरंगमुनि तथा श्रद्धालुओं के साथ हवन प्रारंभ हो गया इसमें माता बगुलामुखी जो की शक्तिपीठ मानी जातीहैं यह प्रार्थना की जा रही है कि मां भारती के सपूत पाकिस्तान को धूल चटाएं तथा मां भारती का परचम पाकिस्तान की धरती पर लहराए। महंत बजरंगमुनि ने बताया कि यह हवन शक्ति की देवी माता बगुलामुखी के समक्ष आज से प्रारंभ किया गया है तथा यह हवन तब तक चलता रहेगा जब तक भारतीय सेना अपने पौरुष के बल पर दुश्मन देश को धूल न चटा दे।

उन्होंने बताया कि माता बगुलामुखी के मंदिर पर जब से सीमा पर युद्ध प्रारंभ हुआ है तथा पाकिस्तान के द्वारा बराबर साजिश करके भारत के शहरो पर हमले किए जा रहे हैं माता बगलामुखी भारत माता के सपूतों की रक्षा करें तथा भारत जो की शांति प्रिय अहिंसक देश है उसे विजय दिलाए तथा पाकिस्तान की धरती पर भारत का परचम लहराए। उन्होंने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर जो चलाया गया है। माता की कृपा होगी और यह आपरेशन निश्चित रूप से सफल साबित हो गया है तथा आगे आगे ऑपरेशन सफल हो ऐसी हम सब प्रार्थना माता बगलामुखी से करते हैं। इस अवसर पर आकाश शुक्ला सुभाशीष अवस्थी बाबूराम बाथम संदीप अवस्थी आलोक बाजपेई अभिषेक गुप्ता नवनीत दीक्षित गौरव अग्रवाल सहित श्रद्धालु मौके पर मौजूद थे।

## उद्यान विभाग जनपद के फल बागवानी के किसानों को मौसम को लेकर किया जागररूक

सीतापुर। उद्यान विभाग द्वारा वर्तमान मौसम के दृष्टिगत जनपद के फल बागवानी करने वाले कृषकों को सूचित किया है कि वर्तमान समय में मौसम के दृष्टिगत आम बागवानों हेतु फलों को आंतरिक ऊतक क्षय (फ्रूट निक्रोसिस) के लक्षण दिखायी पड़ने पर बोरैक्स 6 से 8 ग्राम मात्रा प्रति ली0 पानी में घोल बनाकर पर्णीय छिड़काव करें। फसल में लगने वाले कैटरपिल्लर (कटर कीट) के लक्षण दिखायी देने पर उक्त के नियंत्रण हेतु (क्लोरीपाइरिफॉस 50 प्रतिशत् साइपरमैथ्रिन 5 प्रतिशत) क्लोरोसाइपर या इमामेक्टिन बेन्जोएट 0.5 मि0ली0 प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें साथ ही साथ आम एंव अमरूद में फल मक्खी से बचाव हेतु मिथाइल यूजिनॉल फ़ेरोमोन ट्रैप (8 से 10 टेप प्रति हेक्टेयर) से लगाये तथा (एन0एस0के0ई0) नीम सीड कर्नेल एक्सट्रैक्ट 5 प्रतिशत प्रति लीटर पानी मे घोल बनाकर 10 से 15 दिन के अंतराल पर छिड़काव करना लाभकारी है। नींबू की टहनियों में यदि उकठा रोग प्रलक्षित होता है तो 50 ग्राम जिंक सल्फ़ेट मोनोहाइड्रेट प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर 10 से 15 दिन के अंतराल पर छिड़काव करना लाभकारी है एंव उक्त फसलों में फूल खिलने की स्थिति दिखने पर सिंचाई न किया जाना समीचीन होगा।

## विद्यालय में टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन

लहरपुर, सीतापुर। शुक्रवार को द मिलिनियम अकादमी विद्यालय परिसर में सरकारी अस्पताल के सहयोग से टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एएनएम श्रीमती नेहा द्वारा टिटनेस और डिप्थीरिया (ट्ठद्गह्लड्डठ्ठ और ध्द्बश्चद्धह्लद्धद्गह्म्द्बड्ड) रोगों से बचाव हेतु टीके लगाए गए।10 से 16 वर्ष की आयु के कई विद्यार्थियों ने इस टीकाकरण में भाग लिया। यह शिविर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया थाप्रधानाचार्य आर.एन. श्रीवास्तव ने सभी अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा, ''ऐसे टीकाकरण शिविर बच्चों को स्वस्थ और रोगमुक्त बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। यदि भविष्य में विद्यालय में इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएं, तो सभी अभिभावक उसमें अवश्य भाग लें।विद्यालय परिवार सभी स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षकों और अभिभावकों का सहयोग के लिए आभार प्रकट करता है।

## हर प्रसाद बने जिला बार एसोसिएशन मुरादाबाद के अध्यक्ष

मुरादाबाद । जिला बार एसोसिएशन मुरादाबाद का वार्षिक चुनाव शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। एल्डर कमेटी के चैयरमेन फारुख निजामी ने बताया कि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर हर प्रसाद निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद शेर सिंह बौद्ध, महासचिव सरदार प्रकाश वीरसिंह, कोषाध्यक्ष भीकम सिंह सैनी निर्वाचित हुए हैं।

इस मौके पर ऐल्डर कमेटी के चैयरमेन फारुख निजामी, रमाशंकर टंडन, ललित अरोरा, जयवीर सिंह व सत्य प्रकाश भटनागर के निवर्तमान अध्यक्ष अनिल पाल सिंह, डीजीसी सिविल मुरादाबाद अजय गुप्ता, निवर्तमान महामंत्री ध्रुव कुमार सक्सेना, सुरेन्द्र पाल सिंह सोमपाल सिंह हरस्वरूप आदि रहे। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने बधाई दी

## कानपुर की मस्जिदों से हिन्दुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे

कानपुर। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को लेकर देश भर में दुआओं और पूजा-पाठ का दौर जारी है। इसी क्रम में जनपद की तमाम मस्जिदों के बाहर जुमे की नमाज के बाद नमाजियों ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा की गई सैलानियों की निर्मम हत्या के जवाब में भारत ने 15 दिनों बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में आतंकियों के नौ ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। इस पर बौखलाए पड़ोसी देश पाकिस्तान ने हमारे देशवासियों को एक बार फिर से निशाना बनाना शुरू किया। फलस्वरूप भारत ने गुरुवार को जवाबी कार्रवाई शुरू की।दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच देश भर में पूजा पाठ का दौर भी शुरू हो गया है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान नमाजियों ने पहले तो पाकिस्तान पर भारत की जीत की दुआ मांगी। उसके बाद मस्जिदों के बाहर हाथों में तिरंगा झंडा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।नमाजी महबूब आलम ने कहा कि हमारे देश की सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर उन सभी निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी है।

# गर्मी की तपिश में राहत की फुहार, मज़दूरों को मिला इम्युनिटी बूस्टर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मीरजापुर । जहां सूरज की तपिश लोगों को घरों में कैद कर रही है, वहीं मीरजापुर के अहहौरा थाना क्षेत्र में मज़दूर तपती ज़मीन और पत्थर की धूल में रोज़गार की तलाश में जूझ रहे हैं। इन्हीं हालातों के बीच एक सकारात्मक पहल लेकर सामने आई है भारत डिज़ास्टर रिलीफ फाउंडेशन, जिसने शुक्रवार को इन मज़दूरों के लिए राहत की सौगात लेकर गांव-गांव दस्तक दी।तेज़ गर्मी से बेहाल दिहाड़ी मज़दूरों को बीडीआरएफ ने इम्युनिटी बूस्टर किट, चप्पल और गमछा वितरित किए। खास बात यह रही कि महिलाओं के लिए अलग से चप्पलों की व्यवस्था की गई ताकि वे धधकती ज़मीन पर नंगे पांव चलने को मजबूर न हों।पत्थर खदानों में काम करने वाले श्रमिकों को न सिर्फ राहत सामग्री मिली, बल्कि उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर जरूरी जानकारी भी दी गई। संस्था के कार्यकर्ताओं ने बताया कि कैसे पत्थर की धूल फ़ेफड़ों में जाकर टीबी जैसी घातक बीमारी बन सकती है। इसके बचाव के लिए मास्क पहनने और काम के बाद साफ-सफाई रखने की सलाह दी गई।बीडीआरएफ के ट्रस्टी अक्षय अवस्थी और विजय मौर्य के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में ग्रामीणों को लू से बचाव, ठंडे पानी का सेवन, और डिहाइड्रेशन से बचने के घरेलू उपायों के बारे में जागरूक किया गया।भारत डिज़ास्टर रिलीफ फाउंडेशन की यह पहल बताती है कि सिर्फ बड़े शहरों में नहीं, गांव के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाना भी असली सेवा है। तेज़ धूप में राहत की यह छोटी-सी छांव कई मज़दूर परिवारों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं। इस दौरान एक मज़दूर महिला सीता देवी ने भावुक होकर कहा कि हमारे लिए तो कोई सोचता ही नहीं था, पर ये लोग हमारे लिए चप्पल लेकर आए हैं, गर्मी में ये सबसे बड़ी राहत है। वहीं खदान में काम करने वाले रामबचन ने कहा कि अब हमें पता चला कि धूल से कैसे बीमारियां होती हैं, वरना हम तो बस कमाने में लगे रहते थे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकली शोभायात्रा में जमकर बवाल जमकर हुई पत्थर बाजी,बाबा साहब की प्रतिमा खण्डित

**हमीरपुर ।** महाराणा प्रताप की जयंती पर शुक्रवार को निकाली जा रही शोभायात्रा में बवाल हो गया। पत्थरबाजी में कुछ लोगों को चोटें आईं हैं। उपद्रव के दौरान बाबा साहब की प्रतिमा भी खंडित कर दी गई। लोगों के आक्रोश को देखते गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।सिसोलर थानाक्षेत्र के गांव चांदीकला निवासी सौरभ सिंह, शनि सिंह उर्फ सार्थक, रामजी, रामू सिंह आदि लोगों ने महाराणा प्रताप की जयंती पर शोभायात्रा निकाली थी। यह यात्रा गुसियारी, टिकरी, कपसा होकर सिजवाही गांव पहुंची। गांवों में शोभायात्रा के पहुंचने पर लोगों की संख्या बढ़ती गई। सिजवाही गांव पहुंचते ही किसी बात को लेकर शोभायात्रा में शामिल लोगों से दलित समाज के लोगों से विवाद हो गया। देखते ही देखते पत्थर, लाठी डंडे आदि चलने लगे। इसी विवाद में कुछ लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा खंडित कर दी। इस झगड़े में मुरली (70), मइयादीन (70), कुसुम कली (50) प'ी राम आसरे, लीला (65) मुल्ली को गंभीर चोंटे आईं हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाकर तहरीर देने के लिए कहा है। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल के साथ एडीएम विजय शंकर तिवारी, एएसपी मनोज कुमार गुप्ता, एसडीएम राज कुमार गुप्ता, सीओ विनीता पहल, नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह मौजूद हैं।अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता का कहना है कि ग्राम चांदीकला गांव निवासी सार्थक सिंह उर्फ शनि पुत्र विनोद सिंह के नेतृत्व में करीब 15-20 अन्य लोग महाराणा प्रताप की जयंती पर शोभायात्रा निकाल रहे थे। शोभायात्रा ग्राम टिकरी से सिजवाही पहुंची। वहां रास्ते में डीजे पर गाना बजाए जाने का कुछ लोगों ने विरोध किया। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हुई। पत्थर बाजी की गई, जिसमें दोनों पक्षों के कुछ लोग घायल हुए हैं। तहरीर मिलने पर दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# गन्ना सट्टा सर्वे प्रारंभ काश्तकार रखें सावधानी

## बिचौलियों की बढ़ी हुई रकबा पर करें शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। गन्ना सट्टा सर्वे प्रारंभ किया गया है काश्तकार सावधानी रखें बिचौलियों की बढ़ी हुई रकबा पर शिकायत दर्ज कराएं।2025-26 सत्र के लिए गन्ना सट्टा सर्वे की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस दौरान सभी गन्ना काश्तकारों से अपील की गई है कि वे अपने गन्ने की बोआई और रकबे की सही जानकारी सर्वे टीम को दें, ताकि भविष्य में पर्ची जारी करने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए।गन्ना विभाग द्वारा सर्वे का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक किसान को उसके वास्तविक रकबे के अनुसार पर्ची मिले और किसी प्रकार का अन्याय न हो।

साथ ही विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ बिचौलियों द्वारा अपने रकबे को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने की शिकायतें मिली हैं। यदि किसी किसान को लगता है कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा गलत तरीके से गन्ने का रकबा बढ़ाया गया है, तो वह तत्काल संबंधित गन्ना समिति या गन्ना विकास अधिकारी को इसकी शिकायत करें।काश्तकारों के लिए जरूरी हिदायतेंसर्वे टीम के पहुंचने पर खेत में उपस्थित रहें।गन्ने की किस्म बोआई की तारीख और खेत की वास्तविक स्थिति की सही जानकारी दें।यदि रकबे में कोई गड़बड़ी पाई जाती है, तो तुरंत लिखित शिकायत दर्ज कराएं।गन्ना विभाग ने किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने में सभी की भागीदारी जरूरी है।

# उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की परसदा शाखा ने ग्राम चौपाल का किया आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा , सीतापुर । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के सबसे बड़े ग्रामीण बैंक के गठन के बारे मे लोगो को जागरूक करना था शाखा प्रबंधक अभिषेक आनंद ने ग्रामीण क्षेत्र मे व्यवसाय और कृषि को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई ऋण योजनाओं की जानकारी दी ऋण अधिकारी आंशिक सिंह अधिकारी ने ग्राहकों को मिलने वाली नई सुविधाओ और ऋण मानको मैं किये गए बदलवों के बारे में बताया म्बैंक मित्र ने बचत खाते, जमा योजनाएं और बीमा उत्पादों सहित बिभिन्न बैंकिंग सेवाओ की जानकारी दी म्साथ ही उन्होंने बैंक के साथ मिलकर काम करने पर जोर दियाइस चौपाल में ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं से जुडी विस्तृत जानकारी दी गई इससे ग्रामीण छेत्रों में वित्तीय समावेसन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद हैइस कार्यक्रम में प्राधन व बैंक के अधिकारी व पदाधिकारी और काफ़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया ।

# आचार्य द्विवेदी ने साहित्य से सांस्कृतिक चेतना जगाई: गणेश केसरवानी

## इंडियन प्रेस चौराहा अब होगा आचार्य द्विवेदी चौक, अरैल में बनेगा साहित्य तीर्थ केन्द्र :महापौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। हिन्दी के युग–प्रवर्तक आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने साहित्य से सांस्कृतिक चेतना को नयी दिशा और दृष्टि प्रदान की। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को गति व दिशा देने में उनके अतुलनीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह बात शुक्रवार को इंडियन प्रेस चौराहे पर उनकी जयंती पर पंडित देवीदत्त शुक्ल-रमादत्त शुक्ल शोध संस्थान के तत्त्वावधान में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने कही।उन्होंने प्रतिमा-स्थल का नामकरण 'आचार्य द्विवेदी चौक' करने की घोषणा की, क्योंकि यह प्रतिमा उन महापुरुष की है, जो समग्र हिन्दी-जगत में 'आचार्य' एवं 'युग-निर्माता' के रूप में समादृत हैं । इसके साथ ही उन्होंने प्रतिमा-स्थल पर सीढ़ी लगवाने की भी घोषणा की, ताकि माल्यार्पण एवं साफ-सफाई करने में सुविधा हो । महापौर ने प्रतिमा-स्थल के पास 'आचार्य द्विवेदी चौक' का पट्ट लगवाने की भी घोषणा की ।महापौर ने कहा कि प्रयागराज के अरैल क्षेत्र में वृहद स्तर पर साहित्य तीर्थ केन्द्र बनने जा रहा है, जो इस तीर्थ नगरी के अप्रतिम साहित्य-अवदान के अनुरूप होगा और नगर का एक नव आकर्षण होगा । इसके लिए लगभग २० करोड़ का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है।

नगर के विभिन्न चौराहों पर स्थापित साहित्यकारों और महापुरुषों की प्रतिमाओं के सौंदर्यी करण की दिशा में भी नगर निगम महत्वपूर्ण कार्य करने जा रहा है।इस मौके पर पूर्व मंत्री डा0 नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी हिंदी के देदीप्यमान नक्षत्र के रूप में समादृत हैं । हिन्दी के विकास और उन्नयन में उनकी ऐतिहासिक भूमिका रही । इसीलिए वे आचार्य के रूप में जाने जाते हैं। प्रयाग से प्रकाशित होनेवाली 'सरस्वती' पत्रिका का १९०३ से १९२० तक असाधारण सम्पादन कर उन्होंने इतिहास रचा, जो 'द्विवेदी-युग' के नाम से जाना जाता है ।

संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ मुरारजी त्रिपाठी ने कहा कि आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को गति व दिशा प्रदान करने में भाषा-साहित्य की क्या और कैसी बौद्धिक भूमिका होती है, यह अपने बौद्धिक अवदान से स्पष्टतः सिद्ध किया । स्वाधीनता, स्वदेशी व स्वावलंबन ही उनका मूल मंत्र था। आज के दौर में इसकी सर्वाधिक आवश्यकता है। सन् १९०० में लिखित 'अयोध्या का विलाप' शीर्षक उनकी कालजयी कविता अपना विशिष्ट महत्त्व रखती है ।भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेशचन्द्र गुप्त ने कहा कि आचार्य द्विवेदी ने अपनी कठोर साहित्यिक साधना से प्रयाग का गौरव बढ़ाया। संयोजक व्रतशील शर्मा ने कहा कि जब १९६२ में आचार्य द्विवेदी की प्रतिमा स्थापित हुई थी, तब वह सार्वजनिक स्थान पर किसी साहित्यकार की स्थापित होनेवाली पहली प्रतिमा थी।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर हिंदी के इस अनन्य सेवक के प्रति श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर विभूति द्विवेदी, रवीन्द्र मिश्र, अंजनी सिंह, नजम भाई, पंकज त्रिपाठी, अमित सहित अन्य उपस्थित रहे ।

# इविवि कुलपति ने 'रोल ऑफ ऑनर बोर्ड' का किया अनावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पुरा छात्रों के गौरवमयी इतिहास समेटे पुराछात्र पट्टिका (रोल ऑफ ऑनर बोर्ड) को स्थापित किया गया है। इसमें राजनीति, विधि, कला, शिक्षा, साहित्य और प्रशासन में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 256 पूर्व छात्रों के नाम स्वर्णिम पट्ट पर लिखे गए हैं। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने शुक्रवार को विजयनगरम परिसर में स्थापित रोल ऑफ ऑनर बोर्ड का अनावरण किया।इस मौके पर कुलपति ने कहा कि यह रोल ऑफ़ ऑनर बोर्ड विश्वविद्यालय की गौरवमयी परम्परा का प्रतीक है। विजयनगरम हाल स्वयं में विश्वविद्यालय के गौरवपूर्ण पहचान को समेटे हुए है। इसमें पुरा छात्र पट्टिका लगाने से विश्वविद्यालय के इतिहास के दो पक्ष आज एक में समेकित हो गए हैं। यह गौरवशाली पुराछात्र पट्टिका इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली पुराछात्रों के राष्ट्रनिर्माण में कर्मठता और समर्पण को दर्शा रही है। यह सदियों तक हमारे पुरा छात्रों की प्रतिभा और उपलब्धियों की याद दिलाती रहेगी और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के प्रेरणा की स्रोत बनी रहेगी।इविवि की पीआरओ प्रो जया कपूर ने बताया कि रोल ऑफ ऑनर बोर्ड को कुलपति प्रो. संगीता के निर्देशन में विजुअल आर्ट विभाग के अध्यक्ष प्रो. अरूण जेटली ने तैयार करवाया है।इससे पहले कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव का कुलसविच प्रो. आशीष खरे और यूनिवर्सिटी आफ इलाहाबाद एलुमिनी एसोसिएशन के सचिव प्रो. कुमार वीरेंद्र ने स्वागत किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने ग्राम चौपाल खुर्रमपुर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**विज्ञान और संवाद के माध्यम से आदर्श गांव की परिकल्पना को धरातल पर करें लागू : वेंकटेश्वर लू**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रायबरेली। नोडल अधिकारी जनपद/प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग उप्र शासन एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में विकास खण्ड ऊँचाहार की ग्राम पंचायत खुर्रमपुर में विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल में नोडल अधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से समस्या के समाधान के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने अब तक की गई कार्यवाहियों की भी समीक्षा की। ग्रामीणों, सचिव व प्रधान के आपसी तालमेल द्वारा विकास योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित कराया जाये कि सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ मिलें कोई भी पात्र लाभार्थी लाभ से वंचित न रहे, इसके साथ ही किसी भी अपात्र व्यक्ति की पेंशन का लाभ न मिले।

उन्होंने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाए। जिससे आदर्श गांव की परिकल्पना को धरातल पर लाया जा सके। इसके लिए विभागीय अधिकारी लोगों को जागरूक भी करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों के साथ समय-समय पर संवाद भी स्थापित कराने के लिए कहा, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। चौपाल में ग्रामीण विद्युतीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ पेयजल कार्यक्रम, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उप्र स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन योजना-ग्रामीण, राज्य/केन्द्रीय वित्त योजना, मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आई.जी.आर.एस. के संदर्भ आदि योजनाओं पर चर्चा की गयी। इसके उपरांत प्रमुख सचिव समाज कल्याण ने श्री बाबा झारखंडेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, उपजिलाधिकारी ऊँचाहार सिद्धार्थ चौधरी, डीडीओ अरुण कुमार, परियोजना निदेशक, (जिला ग्राम्य विकास अभिकरण) सतीश प्रसाद मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी ऊँचाहार कामरान, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव ने आईटीआई ऊंचाहार में आधुनिक कार्यशाला का किया निरीक्षण

रायबरेली। प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू ने आईटीआई ऊंचाहार में आधुनिक कार्यशाला व प्रशिक्षण कक्षाओं के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था निर्माण निगम व जांच एजेंसी आरईडी द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की जानकारी ली तथा आईटीआई में उन्होंने पठन-पाठन सामग्री, अध्यापकों की उपलब्धता, वी सेट क्लासरूम, थ्री डी प्रिंटर, कंप्यूटर लैब, रोबोटिक व आधुनिक प्लंबिंग मशीनों को भी देखा। इस अवसर पर आईटीआई प्रधानाचार्य पवन कुमार मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

रायबरेली । प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू ने जिला अस्पताल का निरीक्षण जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ किया। उन्होंने यहां पर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं व दवाओं की जानकारी ली। यहां पर उन्होंने अल्ट्रासाउंड मशीन, आयुष्मान कार्ड धारकों को दी जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, पीएचसी व सीएचसी में डॉक्टरों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डा नवीन चंद्रा को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

# लॉकअप से फरार अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पडरौना, कुशीनगर। कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थाने के लॉकअप से एक वांछित अपराधी उल्टी करने का बहाना लेकर फरार हो गया।जिसके बाद थाना परिसर और पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया।फरार वांछित अपराधी परसौनी गांव का प्रधान प्रतिनिधि भी है।हालांकि पुलिस ने चंद मिनटों में उसे पकड़कर जेल भेज दिया।क्षेत्र में थाने से अपराधी भागने की चर्चा जोरों से शुरू हो गई थी।कुछ माह पहले थाने से दो पक्षों में सुलह समझौते के दिन ही एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया था। जिसमें प्रधान प्रतिनिधि वांछित चल रहा था।शुक्रवार सुबह अचानक से थाना परिसर में हड़कंप मच गया।तब जाकर सूचना आम हुई कि लॉकअप से एक वांछित अपराधी निवासी परसौनी महेश प्रसाद 37 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय राम उग्रह प्रसाद उल्टी का बहाना लेकर थाने से फरार हो गया।अपराधी फरार होने के बाद ही उसे पकड़ने लिए पुलिस टीमें सक्रिय हो गईं और कुछ ही देर बाद उसे पकड़ भी लिया गया।हालांकि पुलिस उसके थाने से फरार होने की बात से इनकार कर रही है।लेकिन अपराधी के थाने से भागने की क्षेत्र में चर्चा जोरों से शुरू हो चुकी थीं।

फरवरी माह में क्षेत्र के गांव में चर्चा के अनुसार पटखौली गांव में विवाद के बाद थाने में सुलह हुआ था।उसी दिन महेश प्रसाद ने दूसरे पक्ष पर लाठी डंडे से हमला कर दिया था।जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी थी।मामले में महेश प्रसाद प्रधान प्रतिनिधि पर थाने से एनबीडब्ल्यू हो चुका था तथा मामले में वांछित घोषित चल रहा था।

# चौकीदारों की मदद से क्षेत्र में अपराध पर लगेगा अंकुश

**चौकीदार सुरक्षा की मजबूत कड़ी है। इनकी समस्याओं का किया जायेगा निस्तारण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन पर नवसृजित थाना चंदापुर में थाना अध्यक्ष प्रशांत कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में चौकीदारों की एक बैठक आहुत की गई। उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए आदेश व निर्देशों का पालन करने हेतु सुझाव दिया गया।

बताते चले की पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन पर थाना अध्यक्ष चंदापुर ने क्षेत्र के चौकीदारों की एक बैठक थाना परिसर में आयोजित की। जिसमें उपस्थित चौकीदारों को उनके कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गई । थाना अध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी ने कहा कि यदि किसी भी गांव में किसी भी तरह का कोई अपराधी किस्म का व्यक्ति घूम रहा हो या कोई अज्ञात व्यक्ति दिखाई पड़े। जिसको कोई जानता पहचानता न हो उसको मेरे प्राइवेट नंबर या सीयूजी नंबर पर सूचित करें अभिलंब पड़कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र में किसी भी तरह के अपराधिक कार्य करने वाले अपराधी की सूचना तुरंत दें जिससे कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लग रहे। इस मौके पर एस आई रवि पवार,एस आई अशोक कुमार, पवन सचान, संतोष कुमार सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ई–चालानों का आज राष्ट्रीय लोक अदालत में कराये सरल निस्तारण

रायबरेली। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल दीवानी न्यायालय, रायबरेली में राजकुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश रायबरेली के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अन्य मामलों के साथ-साथ वाहनों के ई-चालानों का निस्तारण सुगमता से कराया जा सकता है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा बताया गया कि जिन व्यक्तियों के वाहनों का पुलिस अथवा यातायात पुलिस द्वारा ई-चालान किया गया है वे सभी व्यक्ति दीवानी न्यायालय परिसर रायबरेली में आकर राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुगमता से अपने मामले का निस्तारण करा सकते है।

# गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की जांच में कई खामियां उजागर

**कमरों की स्थिति जर्जर, मान्यता से अधिक कक्षाओं का संचालन- विद्यालयों के नाम बदलने और शिक्षण व्यवस्था में अनियमितता उजागर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। जिला स्तरीय गठित समिति द्वारा शुक्रवार को विकास खण्ड दुदही क्षेत्र में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। बीईओ पडरौना सुरेंद्र बहादुर सिंह और बीईओ रामकोला राजेश प्रसाद की संयुक्त टीम ने निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां पाईं।निरीक्षण के दौरान स्टेप बाइ स्टेप पब्लिक स्कूल गौरी श्रीराम में मान्यता से अधिक कक्षाएं संचालित होती मिलीं। विद्यालय को केवल कक्षा 01 से 05 तक की मान्यता प्राप्त है, जबकि कक्षा 06 से 08 तक कुल 12 छात्र पढ़ते पाए गए। कक्षाओं का पार्टीशन एल्युमिनियम शीट से किया गया था, जो कभी भी गिरने की स्थिति में था। ग्राउंड फ्लोर पर 06 तथा प्रथम तल पर 03 कमरे पाए गए, जिनमें से दो कमरों में अत्यधिक अंधेरा था। कक्षों की स्थिति जर्जर थी और शिक्षक मानक के अनुरूप तैनात नहीं थे। एक अध्यापिका द्वारा राष्ट्रपति शब्द और राष्ट्रपति का नाम भी गलत लिखा गया था।जामिया सरकारे ने-अमत ग्राम बतरौली घुरखड़वां के निरीक्षण में भी अनियमितताएं सामने आईं। विद्यालय टिनशेड में संचालित हो रहा था, जहां भीषण गर्मी से बच्चों को कठिनाई हो रही थी। विद्यालय ने अपनी मान्यता जामिया सरकारे ने-अमत के नाम से प्राप्त की थी, लेकिन बोर्ड, आईकार्ड, टाई और बेल्ट पर जेएसएन पब्लिक स्कूल अंकित कर दिया गया था, जो नियमविरुद्ध है। एमजीटीएन पब्लिक स्कूल गौरी श्रीराम के निरीक्षण में भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा मान्यता के नाम में हेरफ़ेर पाया गया। विद्यालय की मान्यता मदरसा गुलशने तहीरुन नेशा के नाम से है, जबकि बोर्ड पर एमजीटीएन पब्लिक स्कूल लिखा गया है। विद्यालय में कुल 57 नामांकित छात्रों में से 55 उपस्थित थे, किन्तु उपलब्ध चार कमरे मानक अनुरूप नहीं पाए गए। निरीक्षण टीम ने संबंधित विद्यालय प्रबंधनों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए जांच आख्या उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी है। आगे की कार्रवाई शासन के निर्देश पर निर्भर करेगी।

# क्षेत्राधिकार प्रदीप कुमार को व्यापारियों ने किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। नवागत क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने मिल कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा कुशलक्षेम पूछा बताते चले कि आज दिन शुक्रवार को दोपहर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रिंकु जायसवाल की अगुआई में व्यापारियों ने क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार से उनके कार्यलय पर मिल कर प्रतीक चिह्न भेंट कर कुशल क्षेम पूछा। वहीं क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप सभी पुलिस का सहयोग करते रहे पुलिस हर व्यापारी के साथ किसी भी मामले में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी किसी भी व्यापारी को किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो या कोई अपराधी व्यापारी को परेशान कर रहा तो मुझको सूचित करें उस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी इस मौके पर बबलू वैश्य विनोद ओमप्रकाश सोनी आदर्श वैश्य श्रवण कुमार सोनी संतोष मौर्य रवि कुमार जयम वर्मा सजीवन पासवान छोटेलाल मौर्य पल्लू विश्वकर्मा मनीष यादव राजीव वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में एक पशु तस्कर घायल एक अन्य सहित दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जनपद पुलिस से हुए मुठभेड़ में एक पशु तस्कर घायल हो गया है, पुलिस नें एक अन्य सहित कुल दो पशु तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मौके से एक मैजिक वाहन, 02 अवैध तमन्चा .315 बोर मय कारतूस, दो राशि गोवंश आदि बरामद किया गया है।जानकारी के अनुसार थाना कसया क्षेत्रान्तर्गत कुछ पशुतस्करों के होने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें थाना कसया, थाना कोतवाली हाटा तथा स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कसया क्षेत्रान्तर्गत बैरिया चौराहा रामकोला नहर पटरी के समीप घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक मैजिक वाहन आते हुए दिखाई दी, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन पर सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया जिसकी पहचान मुसाहेब अंसारी पुत्र असगर अंसारी साकिन कुचिया पिपरा थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर के रुप में हुई,तथा उसके एक अन्य साथी राकेश महतो पुत्र ब्रह्मदेव महतो साकिन पगरा धनटोला थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। मौके/कब्जे से एक महिन्द्रा मैजिक वाहन नं0 ठघ 57 उड्ड 1986,,02अवैध तमन्चा .315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस .315 बोर, दो राशि गोवंश, 01 लकड़ी का ठीहा, 01 अदद बांका व प्लास्टिक की रस्सी बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर पुलिस के द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की गईं। पूछ-ताछ गिरफ्तार अभियुक्तों नें बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है। जो विभिन्न जनपदों से गोवंशीय पशुओं को वाहन पर क्रूरतापूर्वक लाद कर वध हेतु बिहार ले जाते है। गौकशी कर अवैध धन अर्जित करते है। जिसे आपस में बाट लेते है। दोनों अभियुक्त का लंबा आपराधिक इतिहास भी है।बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी थाना कसया जनपद कुशीनगर मय टीम,प्रभारी निरीक्षक स्वाट आशुतोष कुमार सिंह जनपद कुशीनगर मय टीम,प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर मय टीम, उ0नि0 आलोक यादव स्वाट टीम जनपद कुशीनगर शामिल रहे।

## पूर्व सांसद ने रखी माँ काली मंदिर जीर्णोद्धार की आधारशिला



राजापाकड़/कुशीनगर। फाजिलनगर विकास खण्ड के लवकुश पश्चिम पट्टी स्थित प्राचीन माँ काली मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु शुक्रवार को भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेश पांडेय (गुड्डू पांडेय) ने मंदिर के जीर्णोद्धार की आधारशिला रखी।इस दौरान उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि जिस मंदिर की शिलान्यास उन्होंने दो दशक पूर्व किया था, आज पुनः उसी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन करने का अवसर उन्हें मिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि माँ काली का यह मंदिर अब और अधिक भव्य व दिव्य रूप में तैयार होगा।पूर्व सांसद ने कहा कि भारत देवी-देवताओं और वीरों की भूमि है, और इन्हीं के सम्मान से देश ने विश्वगुरु की पहचान पाई है। उन्होंने भारतीय सैनिकों की सराहना करते हुए कहा कि माँ काली का आशीर्वाद हमेशा देश के वीर जवानों पर बना रहे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक सशक्त राष्ट्र बन चुका है और अब कोई भारत की ओर आँख उठाने की भूल करेगा तो उसका परिणाम गंभीर होगा।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला ने माँ काली की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह मंदिर शक्ति का स्रोत है और वे मातारानी से देश के सैनिकों को शक्ति और सुरक्षा प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।इस अवसर पर पशुपतिनाथ जायसवाल, पंचानंद मिश्र, शक्ति प्रकाश दीक्षित सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय सैनिकों की विजय के लिए विधिवत पूजा के साथ हुई।भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य अभय मिश्र रिंकू, प्रभुनाथ मिश्र, सोनू दुबे, नागेंद्र पांडेय, प्रियेश पाठक सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता राणा प्रताप मिश्र ने किया जबकि अध्यक्षता सिध्देश्वर मिश्र ने की।

## कैबिनेट मंत्री का कुशीनगर दौरा स्थगित

कुशीनगर। भारत-पाक तनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा का पूर्व निर्धारित कुशीनगर दौरा स्थगित कर दिया गया है। वीआईपीई ईमेल के माध्यम से इसकी सूचना जारी कर दी गई है।शनिवार को तमकुही के बरवाराजापाकड़ स्थित गेंदा सिंह लघु माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व मंत्री बाबू गेंदा सिंह की प्रतिमा अनावरण व जनसभा प्रस्तावित थी, जिसमें कैबिनेट मंत्री मुख्य अतिथि थे। आयोजनकर्ता डा. पुनीत राय ने बताया कि बदले हालात को देखते हुए कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। प्रतिमा अनावरण व जनसभा के आयोजन की नई तिथि की सूचना बताई जाएगी।

## महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई 14 को

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी 14 मई 2025 को पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में पूर्वाह्न 11 बजे महिला उत्पीड़न के रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु महिला जनसुनवाई करेंगी तथा सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह व आगंनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करेंगी।

## धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा 3 जुलाई तक लागू: एडीएम (प्रशासन)

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने भारतीय नागरिकता सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा के बारे में बताया है कि जनपद में 12 मई 2025 को बुद्ध पूर्णिमा, 8 जून को ईदुज्जुहा बकरीद, वर्तमान में राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा व स्थानीय गंगा घाटों पर पूर्णिमा/अमावस्या पर्व पर गंगा स्नान एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद/विश्वविद्यालय की गतिमान वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाओं के आयोजन, परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन व संचारी रोगों के प्रभावी रूप से रोकथाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का क्रियान्वयन किया जाना है। उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत वर्तमान में समयाभाव के कारण पक्षों को सुनने के उपरान्त आदेश पारित किया जाना सम्भव नहीं है।

# जिम्मेदारों के सह पर कम्पोजिट दुकान बना अवैध माडलशॉप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। जिला आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षक के सह पर पडरौना नगर सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित अधिकांशतः कम्पोजिट दूकानों पर आबकारी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। नतीजतन जिम्मेदारो के संरक्षण मे तमाम कम्पोजिट दुकानो को अवैध तरीके से '' मॉडल शॉप'' बनाकर चिखना के साथ शराब परोसी जा रही। एक बानगी के तौर पर खिरकिया स्थित कम्पोजिट (अंग्रेजी व बीयर) शॉप को अवैध '' मॉडल शॉप'' के रुप में कभी भी देखा जा सकता है। बेशक! पडरौना नगर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अंग्रेजी व बीयर की एक साथ संचालित कम्पोजिट दुकानो में अनुज्ञापियो द्वारा खुलेआम आबकारी नियमों को रौंदा जा रहा है। कहना ना होगा कि कम्पोजिट दुकानों पर मॉडल शॉप की तरह बकायदे टेबल-कुर्सी लगाकर ग्राहको को वहा बैठाकर चिखना और शराब परोसी जा रही है जो नियम विरुद्ध है। सूत्रो का कहना है कि नियम विरुद्ध यह कृत्य जिला आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षक के संरक्षण मे फलफूल रहा है और इसके बदले मे अनुज्ञापियो द्वारा इन साहबों को मोटी रकम दी जाती है। यहां बताना जरूरी है कि किसी भी कम्पोजिट दुकानों पर ग्राहको को बैठाकर दारू पिलाने का न तो कोई नियम व गाइडलाइन है और न ही कोई व्यवस्था। यहा किसी भी सूरत मे बैठकर कोई शराब नही पी सकता है। ग्राहको को बैठकर पीने की व्यवस्था सिर्फ माडलशॉप मे दी गयी है।

बावजूद इसके खिरखिया, मिश्रौली, रवीन्द्रनगर, बावली चौक आदि कम्पोजिट दुकानों पर दिनभर बैठकर पीने वाले लोगो का जमावड़ा लगा रहता है जिसके वजह से कम्पोजिट दुकानों के ईर्द-गिर्द का माहौल हमेशा संवेदनशील बना रहता है। कम्पोजिट दुकानों के अगल-बगल के दुकानदारों का कहना है कि दुकानों पर बैठकर खुलेआम शराब पीने के कारण नगर का वातावरण दूषित हो रहा है। इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

## कम्पोजिट दुकान संचालित करने का नियम

बतादे कि सरकार की नई आबकारी नीति के तहत कंपोजिट दुकानें बनाई गई हैं जहां अंग्रेजी शराब, बीयर और वाइन की बिक्री कम्पोजिट दुकानों करने की व्यवस्था की गयी है। मतलब यह कि इन दुकानों पर शराब बेचने की अनुमति है, लेकिन पीने की अनुमति नहीं है। जानकार बताते है कियदि कोई व्यक्ति बैठकर शराब पीना चाहता है, तो उसे ''मॉडल शॉप'' में जाना होगा, जो कि एक अलग प्रकार की दुकान है जहां बैठकर शराब पीने की अनुमति है। मॉडल शॉप में शराब पीने के लिए अलग से शुल्क देना पड़ता है। जानकारों का कहना है किउत्तर प्रदेश में कंपोजिट दुकानों का उद्देश्य शराब की बिक्री को एक ही जगह पर केंद्रित करना है, न कि शराब पीने की सुविधा प्रदान करना।कंपोजिट दुकानों का खुलने का समय सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक है।

## जिला आबकारी अधिकारी बोल

`इस संबंध में जब जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र से बातचीत की गयी तो उन्होने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कम्पोजिट दुकानों पर बैठाकर शराब पिलाने का कोई नियम नही है अगर कोई अनुज्ञापी ऐसा करता है तो वह नियम विरुद्ध है उसके खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि बैठाकर अंग्रेजी शराब व बीयर पिलाने का नियम '' मॉडल शॉप'' में है।

# 1088 जरूरतमंद बच्चों को मिला सहारा,उम्मीदों को मिले नए पंख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में 1088 बच्चों के लिए यह किसी वर दान से कम नहीं है।एक समय था जब जीवन में अ निश्चितता,संघर्ष और अभाव उनके हिस्से में था। ले किन अब मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत उन्हें न सिर्फ आर्थिक सहारा मिलेगा,बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का अवसर भी मिलेगा।18 वर्ष से कम उम्र के इन बच्चों को मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत संचालित स्पॉन्सरशिप योजना के तहत प्रति माह चार हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान किए जा ने के लिए चुना गया है।वर्तमान में 792 बच्चों को इससे लाभान्वित किया जा रहा है।बाकी के लिए अगले माह से बजट जारी हो जाने की उम्मीद है। पूर्व में इस योजना के तहत केवल 134 बच्चे ला भान्वित हो रहे थे,लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 1088 हो गई है।यह न सिर्फ आंकड़ों की बात है, बल्कि उन कहानियों की शुरुआत है जो अब उम्मी द,सुरक्षा और आत्मसम्मान से लिखी जाएंगी।

## जब आँसू उम्मीद में बदलते

748 ऐसे बच्चे,जिनकी मां विधवा हैं,अब वे इस योजना से जुड़े हैं।ऐसे परिवार,जो कभी दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे थे,अब हर महीने चार हजार रूपये की मदद से अपने बच्चों की पढ़ा ई,दवा और देखभाल कर पाएंगे।33 एचआईवी संक्रमित बच्चे, जिनके लिए समाज में कई बार सं वेदनशीलता की जगह उपेक्षा मिलती है,अब इस योजना के दायरे में हैं।44 दिव्यांग बच्चे भी अब मुख्यधारा में शामिल होकर अपना भविष्य संवारने का सपना देख सकते हैं।

## हर संघर्ष की पहचान, हर दर्द को सहारा

यह योजना सिर्फ संख्याओं की नहीं है,यह उन क हानियों की है जो चुपचाप सब कुछ सहते आए है दस बाल श्रमिक,आठ भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चे, तीन तलाकशुदा या परित्यक्त मां के बच्चे, 21 ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता दिव्यांग हैं और 32 बच्चे जिनके अभिभावक जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं।इन सभी बच्चों के लिए यह योजना केवल आ र्थिक सहयोग नहीं,बल्कि एक मानवीय स्पर्श है जो उन्हें यह अहसास दिलाती है कि वे अकेले नहीं हैं।वे बच्चे जिनके माता-पिता नहीं रहे,जिनकी मां त लाकशुदा या अलग रह रही हो।जो बाल विवाह, बाल श्रम,तस्करी या भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए हैं।जो लापता रहे हैं,बेघर हैं या जिनके माता-पिता जेल में हैं।एचआईवी,मानसिक या शारीरिक असम र्थता और गंभीर बीमारी से ग्रसित अभिभावकों वाले बच्चे भी इस योजना के पात्र हैं।प्राकृतिक आ पदा,उत्पीड़न और उपेक्षा के शिकार बच्चे–अब अकेले नहीं हैं। मिशन वात्सल्य उन्हें सहारा देने, उनका जीवन बेहतर बनाने और एक नया रास्ता दिखाने का प्रयास कर रहा है।

## एक मिशन,जो सिर्फ योजना नहीं,जिम्मेदारी

जिला प्रशासन के प्रयास से यह योजना अब जन पद में एक नई पहचान बना रही है।जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष सोनी ने बताया कि बच्चों की पहचान, दस्तावेजीकरण,सत्यापन और चयन की प्रक्रिया बेहद संवेदनशीलता के साथ की गई है, जिससे सहायता केवल उन्हीं तक पहुंचे जो वास्तव में इसके हकदार हैं।

# अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं अनुदानित मदरसों के प्रधानाचार्यो की बैठक सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जनपद के अनुदानित मदरसे के प्रधानाचार्य की बैठक जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र के कार्यालय पर संपन्न हुईं। बैठक में पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार मदरसों की यूडाईस और अपार आईडी के प्रगति की समीक्षा की गई। मदरसों में आदर्श प्रशासनिक योजना के निर्माण हेतु निर्देशित किया गया। एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को अनिवार्य रूप से लागू किए जाने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के समय पाया गया है कि मदरसों में व्यवस्थित टाइम टेबल का प्रयोग नहीं किया जा रहा है इस हेतु निर्देशित किया गया कि टाइम टेबल बनाकर एक प्रति कार्यालय में प्रेषित करें और इसका कड़ाई से पालन करें। मदरसों में धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा पर भी जोर देने के लिए निर्देशित किया गया जाता है। बच्चों को अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान का ज्ञान नहीं के बराबर होता है, इन स्थितियों को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। स्थिति में सुधार और सकारात्मक परिवर्तन के लिए कठोर निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अलमरकज इस्लामी दारूल फिक्र दरगाह शरीफ, दारूल उलूम अशरफिया हशमतुरिजा, मदरसा मिस्बाहूल उलूम, जामिया गाजिया सयैदुलउलूम बड़ी तकिया, जामिया अशरफिया मसउदुल उलूम छोटी तकिया, झरुलउलूम मसउदिया मिसबाहथा सालारगंज, मदरसा अजीजुल उलूम नानपारा व मदरसा अलजामे अतुल मुस्तफाईया शामिल हुए।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़,दो बदमाश गोली लगने से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के उमरीबेगमगंज में पुलिस और बदमा शों के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो ग ए,बदमाशों ने 24 व 25 अप्रैल की रात चोरी की वारदात के दौरान एक व्यक्ति की गोली मारकर ह त्या कर दी थी तब से उनकी तलाश की जा रही थी जिले के उमरीबेगमगंज में बृहस्पतिवार की रात पु लिस व बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई।इसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए जिन्हें गोण्डा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि 24 व 25 अप्रैल की रात उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के र हने वाले देवीदीन निवासी पूरे तिलक धन्नीपुरवा डि क्सिर के घर में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की जा रही थी।चोरी की घटना के दौरान शिवदीन के जग गया।शिवदीन ने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया जिस पर बदमाशों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी।इस मामले के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई गई थी।

बृहस्पतिवार की रात एसओजी और सर्विलांस व थाना उमरी बेगमगंज की संयुक्त पुलिस टीम व बाइक सवार बदमाशों के बीच दुर्गापुर मोड़ मुठभेड़ हो गई।बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में बृजेश उर्फ छोटू पासी निवासी मदनवा राजापुर थाना परसपुर व पल्लू पासी निवासी अकनिया माझा पसीयन परुवा पसका थाना परसपुर के पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गए।एक बदमाश नानमुन्ना लोध को पुलिस टीम ने घेरकर पकड़ लिया।घायल बदमाशों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।एसपी विनीत जयसवाल ने बताया कि बदमाशों के कब्जे से पिस्टल,तमंचा व चोरी किए गए जेव रात बरामद किए गए हैं।आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

# चेकिंग के दौरान ट्रेन में पकड़ा गया अवैध पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे के नि र्देश पर गोंडा के प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल. यादव के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन और ट्रे नों में चेकिं ग अभियान चलाया गया 20104 गोरखपुर से लो कमान्य तिलक तक जाने वा ली ट्रेन के कोच में 492 बोतल अवैध पानी और 59 यात्री बिना टिकट के कोच के अंदर पकड़ा गया।ट्रेन में बिना टिकट यात्रा कर रहे लोगों से 50,290 रूपये का जुर्माना वसूला गया है।वही गोंडा रेलवे स्टेशन पर तैनात प्लेटफार्म इंस्पेक्टर व आरपीएफ की संयुक्त टीम ने प्लेटफॉर्म पर खड़ी लोकमान्य तिल क एक्सप्रेस कोच में छापा मारा।जिसमें पानी की अवैध बॉटल्स बरामद हुई।इन बॉटल्स को सुरक्षित स्थान एलपीओ में जमा क्ऱा दिया गया है।आपको बता दें कि रेलवे कैंपस में रेल नीर की ही बिक्री की परमिशन है।वही रेल नीर की जगह अवैध वेण्डर अनाधिकृ त पानी बॉटल को बेच रहे हैं।जबकि रेलवे कैंपस व ट्रेनों में केवल रेल नीर बेचने का निर्देश है।सूचना पाते ही जांच टीम ने रेलवे स्टेशन पर खड़ी मुंबई एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस कोच में अपनी टीम को साथ में लेकर कोच में छापा मारा तो कोच में बोतल पानी लावारिस अवस्था में बरामद हुए।वही लावा रिस पानी की बोतल को एलपीयू में जमा करा दि या गया।वही प्लेटफार्म निरीक्षक के.एल.यादव ने बताया कि गर्मी के मौ सम में कुछ शरारती तत्व पानी की बॉटल्स को अवैध तरीके से भीड़-भाड़ वा ली ट्रें न के जनरल, स्लीपर कोचेज में बेचने की कोशिश करते हैं।उनके मंसूबों को फ़ेल करने के लिए रेलवे की टीम प्रति दिन इंस्पेक्शन करेगी।जिससे कि रेलवे के रेवेन्यू में बढ़ोत्तरी के साथ ही पैसेंजर्स को कम रेट पर रेल नीर मिल सके।

# मीडिया और पुलिस एक दूसरे के पूरक: एसएसपी

## अपराधियों पर अंकुश लगा कर गोरखपुर को अपराध मुक्त जनपद बनाना पहली प्राथमिकता: राजकरन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर बुधवार को एसएसपी कैंप कार्यालय पहुंचकर पदभार संभाल कर आज बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन व्हाइट हाउस सभागार में मीडिया से रूबरू होते हुए एसएसपी श्री नैय्यर ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगा कर गोरखपुर को अपराध मुक्त जनपद बनाना पहली प्राथमिकता होगी एसएसपी ने बताया कि मीडिया और पुलिस आपसी सामंजस्य बनाते हुए अपने अपने कार्यों को करे मीडिया और पुलिस एक दूसरे के पूरक हैं कोई घटना घटित होने पर पुलिस का पक्ष लेने के बाद घटना को पब्लिश किया जाए खबर लिखे जाने या चलने के बाद किसी प्रकार का खंडन ना करना पड़े मीडिया के बगैर पुलिस के कार्य अधूरी है एसएसपी ने बताया कि हर फरियादियों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से नियमानुसार किया जाएगा किसी फरियादी को बेवजह थाने का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा दुर्घटना ग्रस्त हॉटस्पॉट स्थान को चिन्हित कर उचित कदम उठाया जाएगा जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके एसएसपी श्री नैय्यर ने कहा कि हमारे कार्यालय में आने वाले या थानों पर पहुंचने वाले हर पीड़ित व्यक्ति के समस्याओं का न्यायोचित समाधान किया जाएगा पहले किए गए पर्ची व्यवस्थाएं पूर्ववत संचालित होती रहेगी।राज करन नैय्यर 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाले श्री नैय्यर की शैक्षिक पृष्ठभूमि प्रभावशाली है वह बायोटेक्नोलॉजी में बीई और नैनोटेक्नोलॉजी में एमटेक की डिग्री हासिल की है। अपनी तकनीकी पृष्ठभूमि के बावजूद, उन्होंने पुलिस सेवा में आकर कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में अपनी विशेष पहचान बनाई।

नैय्यर जून 2023 से अयोध्या के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात थे। उनके कार्यकाल में अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह (जनवरी 2024) जैसे बड़े आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराए। इस दौरान उन्होंने लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने, सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने, और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी रणनीतिक योजना और नेतृत्व की वजह से अयोध्या में किसी भी बड़ी अप्रिय घटना से बचा जा सका। श्री नैय्यर अयोध्या के अलावा बलिया जौनपुर सहित अन्य जनपदों में बखूबी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वो का निर्वहन कर चुके हैं अब गोरखपुर के एसएसपी के तौर पर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए हर समस्याओं का समाधान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगे जिससे गोरखपुर अपराध मुक्त हो सके।

# विकलांग व महिला कोच में सफर करना पड़ा महंगा, 52 यात्री पकड़े गए




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। ट्रेन के महिला कोच में अनाधिकृत रूप से सफर कर रहे 37 यात्रियों को तथा विकलांग कोच में 13 यात्रियों को विकलांग कोच में यात्रा करते हुए यात्रियों को रेलवे सुरक्षा बल ने पकड़कर चाला न कर दिया।ट्रेनों की महिला और विकलांग कोचो में पुरुष व सामान्य यात्रियों का कब्जा रहता है। यही स्थिति विकलांग कोचों की रहती है आरपीए फ ने इन कोचों में अनाधिकृत यात्रियों पर अंकुश लगाने को चेकिंग अभियान छेड़ रखा है।शुक्रवार को चेकिंग के दौरान महिला कोचों में विकलांग को च में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले एवं अन धिकृत रूप से खाद्य सामग्री बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान 37 व्य क्तियों को महिला कोचों में अनाधिकृत रूप से या त्रा करते हुए एवं 13 व्यक्तियो को विकलांग कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा करते हुए मिले एवं दो व्यक्तियों को अनाधिकृत रूप से खाद्य सामग्री बेच ते हुए कुल 52 व्यक्तियों को रेल अधिनियम के तह त गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तु त किया गया।भविष्य में इस तरह के अभियान ल गातार चलाए जाएंगे।

## भारतीय सेना के स्ट्राइक से राज्यकर्मियों ने जताई खुशी

गोरखपुर । 9मई पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में भारतीय सेवा द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमले कर आतंकवादियों को नेस्तनाबूद किए जाने पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद में हर्ष व्यक्त किया है।परिषद के अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एक बार फिर यह साबित हो गया कि हमारी सेना विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेना है।उन्होंने कहा कि बिना पाकिस्तान बॉर्डर में घुसे हमारी सेना ने आतांकिस्तान ऐसा सबक सिखाया है कि वह इसे कभी भूल नहीं पायेगा। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों के इस जज्बे को हम सलाम करते हैं तथा देश के प्रधानमंत्री से यह गुहार लगाते हैं कि वह अर्ध सैनिक बलों के मनोबल को बढ़ाने के लिए उनके पुरानी पेंशन से फिर बहाल करने की घोषणा करें यही देश के लाखों सैनिकों का इनाम होगा। परिषद के संरक्षक अशोक पांडेय महामंत्री मदन मुरारी शुक्ला कार्यकारी अध्यक्ष राजेश सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्याम नारायण शुक्ल राजेश मिश्रा कनिष्क गुप्ता इजहार अली अनूप कुमार आदि कर्मचारी नेताओं ने भारत माता की जय भारतीय सेना जिन्दाबाद के नारे लगाए तथा सेना द्वारा इस साहसिक कार्य को करने पर पूरा कर्मचारी परिषद में सेना को सैल्यूट किया।

## राजघाट थाना क्षेत्र में हुई 25 लाख की घटना का पुलिस ने किया खुलासा



गोरखपुर। चंद पैसों के लालच में कम उम्र के युवक लूट जैसी घटना को अंजाम देने से हिचक नहीं रहे हैं। ऐसे ही पांच अभियुक्त को क्राइमब्रांच,स्वाट टीम और राजघाट पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। जिन्होंने राजघाट थाना क्षेत्र के बसंतपुर के पास 25 लाख रुपए के जेवरात से भरे बैग को लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे सर्विसलांस और क्राइम ब्रांच के साथ राजघाट पुलिस के अथक प्रयास करने के बाद 24 घंटे के अंदर लूट की घटना का खुलासा एस पी सिटी अभिनव त्यागी ने किया। 20 से 25 साल के बीच के युवक आपराधिक घटना को अंजाम दे रहे है। यही वजह है कि पहली बार लूट की घटना में शामिल युवकों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। लूट जैसी घटना को अंजाम देने वाले बदमाश आज सलाखों के पीछे भेजे जा रहे है। बुरे काम का अंजाम बुरा होता है। आज युवा पीढ़ी बुरे कामों को तेजी से ग्रहण कर रही है ।सिविल लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी व क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी ने राजघाट थाना क्षेत्र के बसंतपुर में हुई लूट की घटना का खुलासा किया है। घटना में शामिल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में करन चौधरी पुत्र बबलू चौधरी, सरफराज आलम पुत्र शौकत अली, आदित्य शर्मा पुत्र अश्वनी शर्मा, अनुज शर्मा पुत्र स्व. राधे शर्मा, रजत कुमार पुत्र अमरनाथ पांचों आरोपी कोतवाली सर्किल के रहने वाले हैं। इस घटना में शामिल एक वांछित के गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटे गए 25 लाख के गहनों को भी बरामद करने में सफलता हासिल किया है।खुलासा करने वालों में राजघाट थाना प्रभारी सदानंद सिन्हा, वरिष्ठ उप निरीक्षक जयप्रकाश यादव, पाण्डेयहाता चौक इंचार्ज पप्पू कुमार राय, एसओजी प्रभारी सूरज सिंह, स्वाट टीम प्रभारी मनीष यादव, उप निरीक्षक राज मंगल सिंह, उपनिरीक्षक उमाशंकर कनौजिया, उपनिरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक विजय प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक विकास कुमार, उपनिरीक्षक वैभव विश्वकर्मा , उपनिरीक्षक मोहम्मद शादाब, हेड कांस्टेबल दुर्गेश मिश्रा, करुणापति तिवारी अरुण यादव, अशोक सरोज, हरेंद्र सिंह, प्रिंस राय, राजेंद्र कुमार , मृदुलकान्त सिंह, शिवभोला , गुलफाम, सोनू प्रसाद आदि शामिल रहे।

# पहाड़ापुर चौकी के दीवान विनय यादव के कथित बयान से भड़का विवाद

## भाजपा सरकार में मुल्लों की नहीं सुनी जाती, ऑडियो वायरल

## निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता


श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय
देवी पाटन मण्डल, गोण्डा
दिनांक- 7/5/25

गोण्डा। जिले में स्थित कटरा बाजार थाना क्षेत्र की पहाड़ापुर पुलिस चौकी एक गंभीर विवाद के केंद्र में आ गई है।यहां तैनात दीवा न विनय यादव का एक कथित ऑडियो वायरल हो रहा है,जिसमें उन्हें यह कहते सुना जा रहा है कि ''भाजपा सरकार में मुल्लों की कितनी सुनी जाती है,पुलिस मजबूर है।वही इस वायरल ऑडियो की कैनविज टाइम्स पुस्टि नहीं करता है।'' इस कथन ने न केवल स्थानीय समुदाय में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है,बल्कि प्रशासनिक निष्पक्षता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस मामले को लेक र गांव के निवासी चांदबाबू पुत्र अख्तर अली ने पु लिस महानिरीक्षक,देवीपाटन मंडल को एक विस्तृ त प्रार्थना पत्र भेजा है।उन्होंने आरोप लगाया है कि दीवान विनय यादव गांव के ही एक प्रभावशाली व्यक्ति के इशारे पर उन्हें और उनके परिवार को बार-बार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।प्रार्थी का कहना है कि जब वह किसी शिकायत को लेकर चौकी जाते हैं,तो दीवान द्वारा उन्हें अपमानित किया जाता है।साथ ही उनके साथ तानाशाही रवैया अपनाया जाता है, जिससे वे खुद को असहाय महसूस करते हैं।चांदबाबू ने अपने प्रार्थना पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया है कि यह रवैया न केवल असंवैधानिक है,बल्कि लोक तांत्रिक व्यवस्था और अल्पसंख्यक अधिकारों के खिलाफ भी है।प्रार्थना पत्र में दर्ज एक और गंभीर आरोप के अनुसार, 2 मई 2025 को जब दीवान बिनय यादव मस्जिद पर सुरक्षा ड्यूटी में तैनात थे, उसी समय गांव के वांछित अपराधी मेहबूब और उसके साथियों ने चांदबाबू के भाई अन्नू पर जान लेवा हमला किया।चश्मदीदों के अनुसार, दीवान खुद मौके पर मौजूद थे और हमलावरों की पहचान भी कर सकते थे।लेकिन इसके बावजूद, प्राथमि की में गंभीर धाराएं हटाकर केवल मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि यह सीधी-सादी पक्षपातपूर्ण कार्रवाई है, जो आरोपी को संरक्षण देने का प्रयास प्रतीत होती है। इससे न्याय की प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं और पुलिस की कार्यप्रणाली पर आमजन का विश्वास डगमगाने लगा है।चांदबाबू द्वारा प्रस्तुत किए गए ऑडियो क्लिप में दीवान द्वारा कथित रूप से की गई टिप्पणी ''भाजपा सरकार में मुल्लों की कितनी सुनी जाती है'' न केवल आपत्तिजनक है,बल्कि यह संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक समानता के अधिकार का भी सीधा उल्लंघन प्रतीत होता है।

यह बयान प्रशासन की धर्मनिरपेक्ष छवि को आघात पहुंचाता है और कानून व्यवस्था की निष्पक्षता पर संदेह खड़ा करता है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इस बयान की निंदा करते हुए कहा है कि ऐसे अधिकारी पुलिस विभाग को बदनाम कर रहे हैं और सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा दे सकते हैं।इस पूरे घटनाक्रम से नाराज स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से निर्दोषों को न्याय दिलाने,दोषी पुलि सकर्मी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने,और धार्मिक आधार पर किसी भी प्रकार की भेद भाव पूर्ण टिप्पणी पर सख्त कदम उठाने की मांग की है।चांदबाबू ने प्रशासन से यह भी अपील की है कि वायरल ऑडियो की फोरेंसिक जांच कराई जाए और यदि यह प्रमाणित होता है कि उक्त टिप्पणी दीवान ने ही की है, तो उनके विरुद्ध विभागीय जांच के साथ-साथ विधिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।घटना के प्रकाश में आने के बाद भी प्रशा सन की ओर से कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है,जिससे लोगों में और भी असंतोष फैल रहा है।यह चुप्पी, खासकर एक संवेदनशील बयान के सामने आने के बाद,सरकार और पुलिस प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल खड़े करती है।

यह माम ला केवल एक विवादित बयान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पीड़ित व्यक्ति को न्याय से वंचित कि ए जाने,धार्मिक भेदभाव,और पुलिस की निष्पक्षता के सिद्धांतों के उल्लंघन जैसे कई गंभीर पहलू जुड़े हैं।अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस पर कितनी संवेदनशीलता और गंभीरता से कार्रवाई करता है।यदि दोषी पाए जाते हैं, तो सख्त और पारदर्शी कार्रवाई करके ही आम जनता का विश्वास दोबारा स्थापित किया जा सकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर एयर स्ट्राइक पहलगाम में उजड़े महिलाओं के सिंदूर का बदला : चेयरमैन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई जवाबी कार्रवाई का स्वागत कर प्रधानमंत्री का आभार जताया है।22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने कश्मीर घूमने गए पर्यटकों को उनका नाम पूछ पूछ कर गोली मार दी थी।दर्जनों महिलाओं ने अपनी आंखों के सामने अपने मांग का सिंदूर को उजड़ते देखा है।ठीक उसके बाद से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐलान कर दिया था कि पाकिस्तान जिस भाषा में समझता है। उसे उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। भारत की इस करवाई पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने कहा है कि पहलगाम हमले के बाद ही प्रधानमंत्री ने ऐलान कर दिया इन



आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे मंगलवार अर्धरात्रि भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया।इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के लगभग 100 किलोमीटर अंदर घुसकर पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों के कई ठिकानों पर एयर स्ट्राइक किया गया। पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व आज भारतीय सेना के पराक्रम की तारीफ कर रहा है।

**इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के लगभग 90 किलोमीटर अंदर घुसकर पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों के कई ठिकानों पर एयर स्ट्राइक किया गया**

यह नया भारत है यह घर के अंदर घुसकर मारना जानता है। जिस प्रकार धर्म पूछ कर महिलाओं के माथे का सिंदूर उजाड़ा गया था। आज भारतीय सेवा ने उनके घर के अंदर घुसकर ऑपरेशन सिंदूर चलाया है।आज पूरा देश खुद को गर्वान्वित महसूस कर रहा है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना का आभार व्यक्त करती हूं कि देश के अंदर लोगों की भावनाओं का अपने सम्मान रखा है। यह कार्रवाई आतंकवादी गतिविधि का विरुद्ध निर्णायक संदेश है। ऐसे जवाबी कार्रवाइयों से देश विरोधी गतिविधियों का मनोबल टूटेगा।

# जरूरतमंदों को परोसा गया गरमागरम भोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वावधान में गुरुवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में 500 मरीजों, तीमारदारों और जरूरतमंदों को गरमागरम भोजन वितरित किया। भोजन प्राप्त कर जरुरतमंदो के चेहरे पर संतोष झलक रहा था।

संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में हर गुरुवार को यह सेवा कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसमें कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक होता है। इस बार भी, मौसम की परवाह किए बिना कार्यकर्ताओं ने पूरे मनोयोग से मरीजों और उनके परिजनों को भोजन परोसा। भोजन में शुद्धता और पोषण का विशेष ध्यान रखा गया था, जिससे यह केवल पेट भरने का माध्यम नहीं बल्कि एक मानवीय स्पर्श भी प्रतीत हुआ। संघ के संरक्षक निजाम खान ने बताया कि यह सेवा कार्य पूरी तरह लोगों के सहयोग और स्वेच्छा पर आधारित है। ‟हमारा उद्देश्य केवल भूख मिटाना नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में लोगों को यह एहसास कराना है कि वे अकेले नहीं हैं,” उन्होंने कहा।भोजन वितरण कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अनुशासित ढंग से काम किया, जिससे व्यवस्था में कोई अव्यवस्था नहीं हुई। मरीजों के साथ आए तीमारदारों ने कहा कि इस तरह की सेवा अस्पताल जैसे स्थानों पर एक बहुत बड़ा सहारा होती है, जहाँ अक्सर जरूरत के समय लोग असहाय महसूस करते हैं। इस पुनीत कार्य में सहयोग करने वाले प्रमुख लोगो में हाजी मुजतबा अंसारी, सरदार गुरुप्रीत सिंह, राज कुमार यादव, डॉ शादाब खान,राशिद खान,अमानत खान, आसिफ,आदिल,बैजनाथ प्रजापती,माता प्रसाद जायसवाल,भोलू,इस्लाम खान पप्पू, अजलान खान,निसार अहमद खान इत्यादि का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर लगाया गया प्याऊ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर क्षत्रिय समाज पूरनपुर के द्वारा शरबत प्याऊ का आयोजन किया गया हैं।महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर कोतवाली रोड पर हेल्थ केयर पैथोलॉजी के बाहर शरबत प्याऊ का आयोजन किया गया हैं।जिसमें क्षत्रिय समाज के कौशलेंद्र भदौरिया, नगर के प्रमुख चिकित्साद्व्तेज बहादुर सिंह,शेखर सिंह, शिवम भदोरिया सहित अन्य लोगों ने प्याऊ का आयोजन करवाया उससे पूर्व महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया है।उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया कार्यक्रम में हजारों राहगीरों ने भीषण गर्मी में ठंडे शरबत का आनंद लिया है।

# सात फ़ेरे लगाकर शिवा के संग रिश्तों की डोर में बंधी विद्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत जमुरवां के गांव लालपुर की एक अनाथ बेटी के कन्यादान कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री के साथ ही एमएलसी एवं डीएम समेत अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों ने वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। विद्या ने सात फ़ेरे लगाकर शिवा के संग रिश्तों की डोर में बंध गई। ब्लाक प्रमुख ने बारातियों का स्वागत सत्कार कर अनाथ बेटी का कन्यादान किया जिसकी चहुंओर प्रशंसा हो रही है। क्षेत्र के गांव लालपुर मजरे जमुरवां की अनाथ बेटी विद्या का कन्यादान कार्यक्रम गुरुवार को पैतृक गांव में आयोजित किया गया। इस आयोजन की रुपरेखा ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने तय कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ विवाह कराया। कार्यक्रम स्थल एवं जनवासा को आधुनिक लाइटों से सजाया गया था और जलपान में लजीज व्यंजन



बनवाये गये थे।ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह उनके सुपुत्र अखण्ड प्रताप सिंह के साथ ही सैकड़ों की संख्या में उनके सहयोगी बारातियों के स्वागत सत्कार में लगे रहे। बताते चलें कि गांव लालपुर मजरे जमुरवां की रहने वाली विद्या अनाथ है उसके पिता की करीब बारह साल और मां की सात पहले मौत हो चुकी है। इसकी खबर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह तक

**तिलोई की ब्लाक प्रमुख ने अनाथ बेटी विद्या का कन्यादान कर दिया आशीर्वाद**

**राज्यमंत्री के साथ ही डीएम एवं सीडीओ ने अनाथ बेटी विद्या के वैवाहिक समारोह में शामिल होकर दी शुभकामनाएं**

पहुंची तो उन्होंने अनाथ बेटी विद्या के वैवाहिक समारोह का आयोजन करने की जिम्मेदारी स्वयं उठा ली और अपनी पत्नी अर्चना सिंह के साथ कन्यादान भी किया। बताते चलें कि विद्या की शादी जगदीशपुर विकास क्षेत्र के गांव आदिलपुर निवासी शिवा के साथ हुई है।बिटिया विद्या को दहेज में मोटर साइकिल, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन,कूलर, बेड, सोफा, अलमारी के साथ ही अन्य तमाम घरेलू सामग्री और गृहस्थी का सामान भी उपहार स्वरुप भेंट किया गया है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि के इस नेक कार्य की चहुंओर प्रशंसा हो रही है।इस कन्यादान कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, एडीएम अर्पित गुप्ता,सीडीओ सूरज पटेल, सीओ अजय कुमार सिंह, एसडीएम अमित सिंह,तहसीलदार अभिषेक यादव,ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, अंकित पासी, विपुल सिंह चौहान, रमेश सिंह, धर्मेश मिश्रा,खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी, राम किशुन कश्यप, सत्येन्द्र तिवारी, इंस्पेक्टर राकेश सिंह,धीरेन्द्र यादव, मनीष सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, आशीष मिश्रा, देवी शरण बाजपेयी, राजेश पाण्डेय,दिग्विजय सिंह के साथ ही क्षेत्रीय ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ही अन्य तमाम जनप्रतिनिधि और सम्भ्रांत नागरिकों ने वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया।

# देश को एक और महाराणा प्रताप की जरूरत : अजय कुमार सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। रामबरन पीजी कॉलेज बिभारपुर जयसिंहपुर सुल्तानपुर में महाराणा प्रताप जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह मौजूद रहे । इस अवसर पर बोलते हुए श्री सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप हमारे देश में ऐसे महापुरुष के रूप में प्रतिपादित हुए हैं जिन्होंने जाति और धर्म की सीमाओं से परे रहकर राष्ट्र धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया ऐसे समय में जब देश में आतंकवादी नक्सलवादी और अलगाववादी गतिविधियां जारी हैं तो ऐसे समय में देश को एक और महाराणा प्रताप की जरूरत है । श्री सिंह ने आगे जोर देकर कहा कि महाराणा



प्रताप को इतिहासकारों ने इतिहास के पन्नों में वह स्थान नहीं दिया जो कवियों और साहित्यकारों ने दिया उन्होंने अंत में कहा कि पंडित श्याम नारायण पांडे ने हल्दीघाटी की रचना करके महाराणा प्रताप को अजर और अमर बना दिया कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई विभाग के प्रधानाचार्य अशोक पांडे ने की इस अवसर पर प्रमुख रूप से महाविद्यालय के प्रशासक संजय सिंह इंचार्ज प्राचार्य डॉक्टर अजय त्रिपाठी कंप्यूटर प्रभारी प्रवेश गुप्ता कार्यालय अधीक्षक मोहम्मद इस्माइल महेश जायसवाल अरविंद मिश्रा एवं केंद्राअध्यक्ष डॉ जे के सिंह उपस्थित रहे।

# सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई जवाबी कार्यवाही जिला पंचायत सदस्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। पाकिस्तान के खिलाफ की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर जिला पंचायत सदस्य रेनू राज ने कहा है।कि जिस प्रकार हमारे देश की जल सेवा,थल सेना ,वायु सेवा के जांबाज सिपाहियों ने अपना पराक्रम दिखाकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। इसको हमारे देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया नाम ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के घर में घुसकर एयर स्ट्राइक की है।जिससे लगभग आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर 90 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया है।यह नए भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए दर्शाता है। पिछले 15 दिनों से देशवासियों के अंदर जो रोष और गुस्सा भरा था।



उसको भारतीय सेना ने अपनी पराक्रम से शांत करने का प्रयास किया है। ऑपरेशन सिंदूर निश्चित रूप से भारत की माताओं बहनों की अस्मिता की ताकत दिखाने हेतु पाकिस्तान में बैठे इंसानियत के दुश्मनों को तोड़ कर रख दिया गया हैं। इस जवाबी कार्रवाई के लिए जिला पंचायत सदस्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

## ससुर ने महिला के साथ की छेड़छाड़

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति व सुसराल पक्ष ने मारपीट कर उसको घर से निकाल दिया था। पुलिस से शिकायत के बाद महिला परामर्श केन्द्र में मामला चल रहा था। 30 अप्रैल 2025 को दोनों पक्ष का समझौता होने के बाद महिला अपने पति के साथ घर चली गई। आरोप है कि पीड़िता 6 मई को नहाने के लिए कमरे से कपड़ें लेने पहुंची इस पर उसका ससुर उसके कमरे में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने का दबाव बनाने लगा। महिला के विरोध करने पर ससुर देख लेने की धमकी देकर चल गया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने पति को दी। आरोप है कि पति भी अपने परिजनों का पाठ भरते हुए उसकी पिटाई कर मोबाइल व अन्य सामान छीनकर उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता अपने मायके पहुंची और मामले की शिकायत अपने परिजनों से की परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। शिकायत के बाद से पीड़िता न्याय के लिए कोतवाली के चक्कर काट रही है।

## पेड़ की डाल गिरने से बाइक सवार एक की मौत दूसरा घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव चंदोखा निवासी सुरेश चंद्र पुत्र कल्लू उम्र 35 वर्ष अपने छोटे भाई सत्यपाल उम्र 25 वर्ष के साथ पूरनपुर ट्रैक्टर का गेर आँयल लेने के लिए बाइक से पूरनपुर आए थे। शुक्रवार समय लगभग 4:30 पर गेर आँयल लेकर बाइक सवार दोनों भाई घर वापस लौट रहे थे, जैसे ही कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा के पास पहुंचे तभी अचानक एक विशाल पेड़ की डाल टूट कर बाइक पर गिर गई। हादसे में बाइक सवार दोनों भाई घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए निजी वाहन से अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने सुरेश चंद्र को मृत घोषित कर दिया। जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## चौकी जरा क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर बाइक पोल से टकराई चार लोग घायल, अस्पताल में कराया भर्ती

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवदिया धनेश गांव के रहने वाले महेश कुमार अपनी पत्नी कुशमा देवी पुत्र अनमोल और पुत्री साकक्षी के साथ रिस्तेदारी में गए थे। बाइक सवार दंपति अपने बच्चों के साथ बाइक से घर वापस लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार पुलिस चौकी जरा क्षेत्र में पहुंचा तभी नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर बाइक विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दंपति सहित दोनों बच्चे भी घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टर के द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## ईको बैन स्वामी को बिना सूचना दिए ईको बैन ले जाने का आरोप पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जितौरिया के रहने वाले राजकुमार पुत्र लालजीत ने बताया कि उसने वर्ष 2023 में इको बैन खरीदी थी। ईको को उसने दिनेश कुमार को किराए पर चलाने के लिए दी थी। उसके बाद वह काम करने बाहर चला गया और जब अब घर वापस लौटा तो उसने दिनेश कुमार से गाड़ी के बारे में जानकारी की। दिनेश बताया कि पीलीभीत निवासी एक युवक उसके घर से ईको बैन खींच ले गया। उसने ईकों फाइनेंस पर ली थी। जब उसने ईको ले जाने वाले से बात की तो 60 हजार रुपये की मांग करने लगा। उस ईको को कोई दूसरा चला रहा है। पीड़ित युवक ने मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है।

## साढ़े छह लाख रुपये की स्मैक के साथ बोलेरो सवार युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ चलाये जा रहे सघन अभियान के तहत पैंसठ ग्राम ग्राम स्मैक के साथ एक बोलेरो सवार युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसकी अनुमानित कीमत छह लाख पचास हजार रुपया बताई जाती है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान ग्राम फूला की तरफ से आ रही एक बोलेरो गाड़ी संदिग्ध प्रतीत होने पर रोक कर नाम पता पूछा गया तो चालक ने अपना नाम सलमान उर्फ सन्ना पुत्र मुन्तजीर निवासी बहुआ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब तीस वर्ष बताया। पुलिस टीम द्वारा बोलेरो गाड़ी संख्या यूपी 41 एके 8277 के कागज मांगने पर दिखा नही सका और तलाशी में युवक के कब्जे से चालीस ग्राम स्मैक एवं बोलेरो गाड़ी की तलाशी से पच्चीस ग्राम स्मैक कुल पैंसठ ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर उनके शौर्य और बलिदान को किया याद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। हिंदुआ सूर्य‘ भारत माता के महान सपूत, राष्ट्र नायक,वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती सनातन धर्म समिति, कुशभवनपुर द्वारा धूमधाम व समारोह पूर्वक मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह, एमएलसी,विशिष्ट अतिथि भूमि विकास बैंक के चैयरमेन गिरीश नारायन सिंह, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी व पूर्व जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू समेत अन्य लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस दौरान उनको नमन करते हुए उनके शौर्य व बलिदान को याद किया गया।मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा महाराणा प्रताप मातृभूमि की रक्षा और आत्म गौरव के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।कहा कि प्रताप पूरे देश की आन-



बान-शान के प्रतीक हैं।इस दौरान भूमि विकास बैंक के चैयरमेन गिरीश नारायन सिंह,पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू, भाजपा मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने महाराणा प्रताप के शौर्य व बलिदान को याद करते हुए कहा स्वदेश और स्वधर्म के लिए उनका त्याग और बलिदान वर्तमान और भावी पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणा बना रहेगा।।संचालन कार्यक्रम संयोजक गांधी सिंह ने किया।इस दौरान मुख्य अतिथि समेत मौजूद वरिष्ठ लोगों का अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम के बाद राहगीरों को मिष्ठान वितरण किया गया।इस अवसर पर सहकारी बैंक डायरेक्टर अजय सिंह लीडर, भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी,नरेन्द्र सिंह,पूर्व सभासद अरुण सिंह,संजय सोमवंशी,डॉ सुजीत सिंह, इन्द्रजीत सिंह, दिनेश उपाध्याय, अनिल सिंह,धीरेन्द्र सिंह धीरू, आत्मजीत सिंह टीटू,राम चरित पाण्डे, इन्दराम सिंह,दिनेश चौरसिया, विनोद कुमार पांडेय,मनीष साहू, रघुवीर सिंह राणा, राम आशीष मौर्या,सोनू सिंह,पंडित रामतीरथ मिश्रा, पंकज दूबे आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक नेता के पिता के निधन पर शोक की लहर

अमेठी । विकास क्षेत्र सिंहपुर के कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई में कार्यरत शिक्षक ओंकार नाथ पाण्डेय के पिता का शुक्रवार को निधन हो गया है उनके निधन की सूचना मिलते ही बेसिक शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही शिक्षक नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।बताते चलें कि कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई में कार्यरत शिक्षक ओंकार नाथ पाण्डेय के पिता उमा शंकर पाण्डेय बीते कई महीनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे उनका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था लेकिन शुक्रवार की सुबह उनका निधन हो गया। शिक्षक नेता के पिता के निधन की सूचना मिलते ही बेसिक शिक्षा विभाग में शोक की लहर दौड़ गई उनका अंतिम संस्कार रायबरेली जनपद के गंगा घाट डलमऊ में किया गया। शिक्षक नेता के पिता के निधन पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी,राष्टीय शैक्षिक महासंघ सिंहपुर के अध्यक्ष सत्येन्द्र तिवारी, भाजपा नेता प्रशांत कुमार शुक्ला,उबैद अहमद,नवनीत त्रिवेदी, दिलीप शुक्ला,अनुज शुक्ला,विकल्प श्रीवास्तव, चन्द्र शेखर द्विवेदी, आलोक शुक्ला, मन मोहन शुक्ला,इंद्र प्रकाश शर्मा, मनोज शुक्ला, शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य तमाम लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुये पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

# जोश और संयम

आखिरकार पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला करके न केवल आतंकवादियों की कमर तोड़ी है बल्कि बड़बोले पाकिस्तान के दंभ को भी तोड़ा है। बेहद सुनियोजित व सटीक तथा नियंत्रित कार्रवाई से भारत ने दुनिया को संदेश दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति जीरो टॉलरेंस की है। साथ ही सैन्य ठिकानों व नागरिक संस्थानों को निशाना न बनाकर मानवता का संदेश ही दिया है। बताया कि हमें आत्मरक्षा का अधिकार है। साथ ही दुनिया को यह भी बताया कि विश्व बंधुत्व हमारा सांस्कृतिक संकल्प है। लेकिन यदि हमारी बेटियों के सिंदूर छीने जाएंगे तो हम अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं लांघकर भी आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने से नहीं हिचकेंगे। यह भी कि मानवता के संरक्षण के संकल्प के साथ कि हम कभी नागरिक को निशाना नहीं बनाएंगे। गीता के उस संदेश का अनुपालन कि हम युद्ध के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन जब युद्ध अपरिहार्य हो, तो फिर युद्ध लड़ना धर्म बन जाता है। पिछले दिनों देश में शीर्ष सैन्य नेतृत्व की सक्रियता और प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री के बयान इस सधी हुई कार्रवाई के संकेत दे रहे थे। इस कार्रवाई को आतंकवाद के खिलाफ मानवता के सुरक्षा कवच के रूप में देखा जाना चाहिए। हमने बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के बाद इस कार्रवाई को तब अंजाम दिया जब पानी सिर से ऊपर गुजरने लगा। ऑपरेशन सिंदूर ने उन्हें भी जवाब दे दिया है जो भारतीय अस्मिता की रक्षा के लिये किए जा रहे सैन्य व कूटनीतिक उपक्रमों को लेकर सतही बयानबाजी कर रहे थे। उन्हें इस बार बालाकोट के यथार्थ की तरह सवाल उठाने का मौका नहीं मिलेगा। इस बार के हमले के तमाम फोटो-वीडियो अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में तैर रहे हैं। बिहार की जनसभा में प्रधानमंत्री ने चेताया भी था कि आतंकवादियों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि फिर वे ऐसा दुस्साहस न कर सकें। साथ ही गृहमंत्री ने कहा था कि जैसे जनता चाहती है, वैसा ही होगा। सचमुच वैसा ही हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की सीमित युद्ध की रणनीति व अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति सटीक रही। निस्संदेह, आतंकवाद के खिलाफ किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संयुक्त राष्ट्र सहित विश्वभर के तमाम अमन पसंद देशों की मोहर लगनी ही चाहिए। कौन नहीं जानता कि अमेरिका, इस्राइल समेत तमाम अनेक यूरोपीय देश अपने विरुद्ध किसी भी आतंकवादी हमले के सूत्रधारों को कुचलने में कभी विलंब नहीं करते। आज इस कार्रवाई के बाद अमेरिका व चीन समेत तमाम विश्व शक्तियों को भारत-पाक को एक तराजू में रखकर नसीहतें देने की बजाय ईमानदारी से शांति व मानवता के पाले में खड़ा होना होगा। साथ ही भारतीय नागरिक के रूप में एक बड़ी सोच के साथ हमें इस सर्जिकल स्ट्राइक पर युद्ध उन्माद का जश्न मनाने के बजाय संयम से आतंक के दमन के रूप मे देखना चाहिए। वहीं दूसरी ओर सर्जिकल स्ट्राइक ने देश के आहत मर्म पर सांस्कृतिक और भावनात्मक मरहम भी लगाया है। यह बताया गया है कि विवाहिताओं द्वारा लगाए जाने वाला सिंदूर महज दिखावटी रस्म नहीं है। यह प्यार और रिश्तों में निरंतरता का पर्याय भी है। जब आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 पुरुषों की हत्या करके उनकी जीवन संगिनियों का सिंदूर पोंछा था, तो उस सिंदूर के मिटने के दर्द को पूरे देश ने गंभीरता से लिया। खासकर उस विवाहिता का दर्द जिसके हाथ की मेहंदी फीकी भी नहीं पड़ी थी। उसके दुरूख को पूरे देश ने महसूस किया और आतंक की धरा को नेस्तनाबूद करने के लिये ही 'सिंदूर ऑपरेशन' को अंजाम दिया गया। निस्संदेह, पहलगाम आतंकी हमले के शिकार लोगों की विधवाओं का विलाप कालांतर राष्ट्रीय चेतना का पर्याय बन गया। इस अभियान ने दर्शाया कि आतंकवाद का विरोध केवल भू-राजनीतिक ही नहीं है बल्कि यह रिश्तों, घरों और शांति की भी रक्षा करता है। यही वजह है कि ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी से देश को रूबरू कराने के लिये आयोजित प्रेस वार्ता को महिला अधिकारियों कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने संचालित किया। संदेश दिया कि सिंदूर से खिलवाड़ करने वाले आतंक के पैरोकार भारतीय नारी को किसी भी नजरिये से कमजोर न समझें।

# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार

**ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं। भारत ने यह कार्रवाई अचानक नहीं की बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई।**

भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से यह साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के सभी प्रारूपों और स्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं। भारत ने यह कार्रवाई अचानक नहीं की बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पीओके में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब 'हिट ऐंड होल्ड' की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह 'नो वॉर्निंग, नो वॉर' रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था। इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में




जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफ़ेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दर्शाता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है। पाकिस्तान की अब तक की रणनीति यही रही है कि वह भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो 'आतंकिस्तान' को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर अब एक ऐसा उदाहरण बन गया है, जो यह बताता है कि आतंक से अब डायलॉग से नहीं, डायनामाइट से निपटना है। भारत ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, चाहे उसके लिए कितनी भी बड़ी कार्रवाई क्यों न करनी पड़े। आज भारत के पास रक्षात्मक ही नहीं, आक्रामक कूटनीति भी है। अब हम इंतजार नहीं करते कि दुश्मन कब वार करे बल्कि अब हम तय करते हैं कि कब, कहां और कैसे प्रहार करना है। यह बदलाव केवल सरकार की नीति में ही नहीं, देश की चेतना में भी है और यही चेतना ऑपरेशन सिंदूर की असली ताकत है। अब पाकिस्तान को भली-भांति समझ लेना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर तो केवल शुरुआत है। अब हर आतंकी ठिकाने के लिए भारत के पास ऐसा जवाब है, जो न केवल आतंकियों के ठिकानों बल्कि समूचे पाकिस्तान का नाम ही विश्व के मानचित्र से गायब कर सकता है। **-योगेश कुमार गोयल**

# सिंदूर, संवेदना और सेनाः तबाह आंतकिस्तान

**संजीव ठाकुर**

22 अप्रैल 25 को पहलगाम में जिन भारतीय महिलाओं के पतियों की आतंकवादी ने निर्मम हत्या कर उनको  खून से रूलाया था भारत सरकार और भारतीय सेना ने पाकिस्तान को तबाह और 100 आतंकवादियों को मारकर उन मासूम वीर वधुओं के आंसुओं के एक-एक कतरे एक-एक बूंद का बदला ले लिया है। हमले में आतंकवादियों ने जिन मासूम भारतीय हिंदू महिलाओं के सिंदूर को उजाडा था तब आतंकवादियों और उनके अकाओं को यह अंदाज भी नहीं रहा होगा कि उनकी इस नापाक हरकत से पूरा पाकिस्तान और आतंकवादियों की पूरी काम को तबाह कर दिया जाएगा। सिंदूर केवल सिंदूर ही नहीं है यह सनातन धर्म,संस्कृति और संस्कार में पवित्र सुहाग का प्रतीक भी है और  हिंदू सनातन धर्म में विवाह के पश्चात स्त्रियों का सिंदूर बहुत बड़ा महत्व,अलंकार, स्वाभिमान और अभिमान है और आतंकवादियों ने हमारी देवी स्वरूप भारतीय महिलाओं के सिंदूर की इज्जत ना करके उनके ईस्ट पतियों को गोलियों से मारा है सनातन में यह जघन्य अपराध है और इस अपराध की सजा भारतीय सेना ने पूरी संवेदना, शक्ति, सामर्थ्य और ऊर्जा के साथ भारत सरकार के निर्देशन में आतंकवादियों को और पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों की पूरी कौम को मार् कर बदला पूरा किया। भारतीय सेना के जवानों ने लगभग 100 आतंकवादियों को 6 मई को मार गिराया पहलगाम में 27 निर्दोष हिंदुओं की हत्या के बदले के रूप में सेनाओं ने 9 जगह पर लगभग 20 ठिकानों को बर्बाद कर दिया और 8 मई पाकिस्तान ने फिर जम्मू में गुरुद्वारे पर हमला कर कई निर्दोष नागरिकों की हत्या कर दी थी जवाब में भारतीय सेना और उनके जवानों ने लाहौर एयरबेस सिस्टम को पूरी तरह नष्ट कर दिया इसके बाद रावलपिंडी, लाहौर इस्लामाबाद, सियालकोट तथा अन्य शहरों में इतनी तबाही मचाई कि पाकिस्तान के वजीर शहबाज शरीफ और पाकिस्तान की फौज के सरगना मौलाना असीम मुनीर बंकर में छुपने के लिए मजबूर हो पड़ा है। वैसे भी पाकिस्तान फौजी पिछले 10 वर्षो से लड़ाई और सिमा निगरानी का काम छोड़कर शराब डीजल और नशीले पदार्थों की तस्करी में लगे हुए थे और उसका सारा पैसा और धन सेना के अकाओं मे वितरित किया जाता रहा है सेना अपना का काम भूलकर पश्चिम तथा खाडी के देशों से डीजल, पेट्रोल और नशीला पदार्थ की तस्करी में पैसा कमाने में लगा हुआ था। इसके अलावा पाकिस्तानी फौज और और खुफिया संगठन आई एस आई आतंकवादियों को ट्रेनिंग देने भारत भेजने और भारत में आतंकवादी घटना को अंजाम देने में लगे हुए थे पाकिस्तानी फौज आतंकवादियों की तरह ही काम करते रहे हैं। पाकिस्तान का दुर्भाग्य है कि स्वतंत्रता के बाद से जितने भी निर्वाचित 18 प्रधानमंत्री बने थे वे अपना कार्यकाल कभी पूरा नहीं कर सके और पूरे पाकिस्तान में फौजी और उनके फौजी प्रमुखों ने ही अपना शासन प्रशासन चलाया है उल्लेखनीय है कि सेना ने ही  जुल्फिकार अली भुट्टो को देश-द्रोह का आरोप लगाकर फांसी दे दी थी और उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो की हत्या भी करवा दी इसी तरह असिम मुनीर ने इमरान खान को जेल की काल कोठरी में भिजवा दिया है, आतंकवाद की बुनियाद और बारूद पर बैठे पाकिस्तान अंदर से पूरा खोखला हो चुका है। भारतीय फौजी ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पीओके में सक्रिय दहशत कर दो के नौ ठिकानों का निशाना बनाया था और पलक झपकते ही उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया था विशेषज्ञ बताते हैं की सेवा की कार्रवाई इतनी सटीक और अनुशासित थी कि भारतीय विमान को पाकिस्तान में घुसने की जरूरत भी नहीं पड़ी। बहावलपुर और मुरीदके में इतनी तबाही मचाई की वहां एक भी बिल्डिंग बची नहीं है उल्लेखनीय है कि यहां पिछले कई दशकों से आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने जम्मू कश्मीर राजस्थान जैसलमेर में पाकिस्तानी लगभग 100 ड्रोन को असफल कर दिया है और इसी तरह द्व16 तथा आईएफ 17 को मार गिराया गया है इसी तरह पाकिस्तान के दो पायलट भी हिंदुस्तानी फौज के कब्जे में आ गए हैं अब उनसे पाकिस्तान सेना की महत्वपूर्ण जानकारी ली जाएगी। सेना की इस जवाबी कार्रवाई में पूरे पाकिस्तान को और उसके बड़े शहरों को लगभग तबाह कर दिया है अब पाकिस्तान की सेना उनकी सरकार और उनके यहां पल रहे आतंकवादियों को समझ में आ गया होगा की सिंदूर की क्या ताकत होती है और सनातन में कितनी शक्ति ऊर्जा और सामर्थ्य होता है।

## सेहत मंत्र

# जीरे के पानी के सेवन से मिलते हैं बड़े फायदे

जीरे का इस्तेमाल लगभग हर सब्जी में तड़के के रूप में किया जाता है। इतना ही नहीं, कुछ लोग इसे भूनकर व पीसकर भी खाने में इस्तेमाल करते हैं। ना सिर्फ इसकी महक काफी अच्छी होती है, लेकिन इसके सेवन से आपको कई तरह के हेल्थ बेनिफिट्स भी मिलते हैं। आमतौर लोग इसे भोजन में ही इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप चाहें तो जीरा के पानी का भी सेवन कर सकते हैं। अगर आप जीरे के पानी का नियमित रूप से सेवन करते हैं तो इससे आपको कई बड़े लाभ प्राप्त होते हैं। अगर आप रोजाना एक गिलास जीरे के पानी का सेवन करते हैं तो इससे आपको पाचन संबंधी समस्याएं जैसे अपच आदि से छुटकारा मिलता है। जीरे का पानी न केवल पाचन एंजाइमों के स्राव को उत्तेजित करता है, बल्कि पाचन प्रक्रिया को भी तेज करता है। जिससे आपको आंत संबंधी समस्याओं से निपटने में मदद मिलती है। यह आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को साफ करता है और एसिडिटी, पेट की गैस, मॉह्वनग सिकनेस, और मतली जैसी पेट से संबंधित समस्याओं से राहत प्रदान करता है। रोजाना जीरे का पानी पीने से शरीर तरोताजा रहता है और शरीर का तापमान ठंडा रहता है। जीरे का पानी ना सिर्फ निर्जलीकरण को रोकता है, बल्कि वाटर रिटेंशन की समस्या को भी दूर करता है। इसमें उच्च मात्रा में पोटेशियम पाया जाता है, आपके शरीर में इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। अगर आप अपने मोटापे से परेशान है तो ऐसे में जीरे का पानी आपके लिए सहायक साबित हो सकता है। जीरे में एंटी-इंफलेमेटरी प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं और नियमित रूप जीरे का पानी पीने से यह इंफलेमेशन को दूर करके मोटापे को कम करने में सहायक है। इतना ही नहीं, इसमें कैलोरी भी काफी कम होती है। शरीर को मजबूत बनाने और बीमारियों से लड़ने के लिए इम्युनिटी का मजबूत होना बेहद जरूरी है। जीरे का पानी आपके इम्युन सिस्टम को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसमें आयरन पाया जाता है। आयरन रेड ब्लड सेल्स के प्रॉडक्शन के लिए जरूरी होता है। इतना ही नहीं, जीरा एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो फ्री-रेडिकल्स से लड़ता है और संक्रमण के खतरे को कम करता है।

## धर्म मंत्र

# जब समझ आ गई नारद मुनि को भगवान की माया

देवर्षि नारद जयंती प्रति वर्ष ज्येष्ठ माह में कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाई जाती है। देवर्षि नारद का नाम सभी लोकों में माननीय है। जैसा कि पुराणों में वर्णित है नारद मुनि ब्रम्हाजी के मानस पुत्र थे, एक लोक की खबर दूसरे लोक तक पहुंचाने में उनकी अहम्‍ भूमिका रही है। देवी-देवता हों, मुनिजन या देत्यगण, प्रत्येक लोक में नारद मुनि का सम्मान था, वे सबके प्रिय थे।  शास्त्रों के मुताबिक ब्रह्माजी की इच्छा थी कि उनका पुत्र नारद उनकी रचाई सृष्टि में वैवाहिक जीवन व्यतीत करें किन्तु नारद जी की आसक्ति संसारी बनने की नहीं थी, उन्हें तो ऋषि-मुनियों वाला जीवन पसंद था। उन्होंने पिता की बात नहीं मानी जिससे क्रोध में आकर ब्रह्माजी ने नारद को आजीवन अविवाहित रहने का श्राप दे दिया। कथाओं के अनुसार देवर्षि नारद ने धर्म के प्रचार प्रसार तथा लोक कल्याण हेतु जिन्दगी भर एक लोक से दूसरे लोक में संदेश वाहक का काम किया, वे देवताओं के दूत बनकर उन्हें अन्य लोकों की कथा-व्यथा श्रवण कराते थे और कई बार तो देवताओं से तर्क संगत प्रश्न कर सृष्टि की समस्याओं का हल भी उनसे करा लिया करते थे। एक लोक से दूसरे लोक की परिक्रमा करते हुए नारद जी ने सूचनाओं का आदान-प्रदान करने का काम बखूबी निभाया। वे सभी लोकों में इधर-उधर घूमते रहते थे जिसके पीछे भी एक कथा कही जाती है। कहा जाता है कि राजा दक्ष की पत्नी आसक्ति से उनके 10 हजार पुत्रों का जन्म हुआ था लेकिन नारद जी ने उनके सभी 10 हजार पुत्रों को मोक्ष की शिक्षा का पाठ पढ़ाकर राजपाट से उनका मोह भंग कर दिया जिससे नाराज होकर राजा दक्ष ने नारद जी को श्राप दिया था कि स्वयं नारद भी ज्यादा समय तक एक जगह नहीं रह पाएंगे, बल्कि यहां वहां घूमते रहेंगे।

## पर्यटन



# सिर्फ हिल स्टेशन नहीं है शिमला, कई ऐतिहासिक विरासतें खुद में समेटा हुआ है यह शहर

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला देश के लोकप्रिय पर्यटक स्थलों में से एक है। दिल्ली और उसके आसपास के राज्यों के लिए तो यह वीकएंड का ठिकाना भी है इसलिए यहाँ हमेशा पर्यटकों का ताँता लगा रहता है। विशेषकर गर्मियों के मौसम में तो जिसे देखो वह शिमला के लिए निकल पड़ता है और शिमला में प्रवेश से पहले वाहनों का लंबा जाम लग जाता है। हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा नगर शिमला अंग्रेजों की बनायी गयी इमारतों से भरा पड़ा है और हर प्रेमी जोड़े की यहाँ जरूर कोई ना कोई याद जुड़ी हुई है। शिमला को 1864 में, भारत में ब्रिटिश राज की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया था। ब्रिटिश राज के साथ-साथ यह ब्रिटिश भारतीय सेना के कमांडर-इन-चीफ का मुख्यालय और 1876 के बाद से पंजाब प्रान्त की भी ग्रीष्मकालीन राजधानी थी। स्वतंत्रता के बाद, शिमला पूर्वी पंजाब राज्य की राजधानी बन गया और बाद में हिमाचल प्रदेश के गठन पर इसे राज्य की राजधानी घोषित कर दिया गया। शिमला को पहाड़ों की रानी के नाम से भी जाना जाता है। यह राज्य का प्रमुख वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक केंद्र भी है। हिमालय के घने जंगलों में स्थित शिमला की जलवायु परिस्थितियों ने शहर की स्थापना के लिए अंग्रेजों को आकर्षित किया था। ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में शिमला ने 1914 के शिमला समझौते और 1945 के शिमला सम्मेलन सहित कई महत्वपूर्ण राजनीतिक बैठकों की मेजबानी की। स्वतंत्रता के बाद 28 रियासतों के एकीकरण के परिणामस्वरूप 1948 में हिमाचल प्रदेश राज्य अस्तित्व में आया। स्वतंत्रता के बाद भी, शिमला शहर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक केंद्र बना रहा और इसने 1972 के शिमला समझौते की मेजबानी की।  शिमला शहर के प्रमुख आकर्षणों में वाइसराय लॉज, क्राइस्ट चर्च, जाखू मन्दिर, माल रोड और रिज शामिल हैं। यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल के रूप में घोषित ब्रिटिश-निर्मित कालका-शिमला रेलवे लाइन भी एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण है। अपने कठोर इलाके के कारण, शिमला माउंटेन बाइकिंग रेस एमटीबी हिमालय की मेजबानी करता है, जो सर्वप्रथम 2005 में शुरू हुआ और दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन माना जाता है।

# अप्रैल माह में 5 वर्ष से अधिक पुराने लम्बित 709 राजस्व वादों का हुआ निस्तारण, जनपद का प्रदेश में प्रथम स्थान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**डीएम की सख्ती के बाद तहसीलों के राजस्व न्यायालयों में विचाराधीन वादों के निस्तारण में आई तेजी**

बाराबंकी । जनपद ने अप्रैल माह में तहसीलों में राजस्व के 5 वर्ष से अधिक अवधि के पुराने लम्बित 709 वादों निस्तारण करके प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी बाराबंकी, श्री शशांक त्रिपाठी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करके मुकदमों की पेंडेंसी खत्म करने के सख्त निर्देश दिए थे। डीएम की सख्ती के बाद जिले के विभिन्न तहसीलों के राजस्व न्यायालयों में विचाराधीन वादों के निस्तारण प्राथमिकता से किया गया। इस सम्बंध में जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 06-05-2025 को राजस्व कार्यों की समीक्षा की गयी थी, जिसमें जनपद बाराबंकी के समस्त राजस्व न्यायालयों में विचाराधीन वादों में 5 वर्ष से अधिक अवधि के पुराने लम्बित वादों में 2422 के सापेक्ष राजस्व न्यायालयों में निस्तारित वादों मासिक समीक्षा में माह अप्रैल, 2025 में कुल 709 वादों का निस्तारण किया गया है। जिस कारण उ0प्र0 शासन व राजस्व परिषद, उ0प्र0 लखनऊ एवं अन्य उच्चाधिकारियों के निर्देशों का अनुपालन करके जनहित एवं वादकारियों में अच्छा सन्देश गया है। जो सराहनीय है। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने बताया कि भविष्य में इसी प्रकार वादों का निस्तारण किये जाने हेतु समस्त पीठासीन अधिकारियों से अपेक्षा की गयी।

तहसील वार मुकदमों के निस्तारण का विवरण

पुराने निस्तारित वादों में सर्वाधिक वादों का निस्तारण करने वाले न्यायालय जिसमें तहसीलदार न्यायिक, नवाबगंज, द्वारा 66, तहसीलदार सिरौलीगौसपुर, द्वारा 63 वाद, तहसीलदार (न्यायिक) रामनगर द्वारा 62 वाद, तहसीलदार (न्यायिक), फतेहपुर के 54 वाद, उप जलाधिकारी हैदरगढ द्वारा 45 वाद, तहसीलदार (न्यायिक) रामसनेहीघाट द्वारा 42 वाद, तहसीलदार रामसनेहीघाट द्वारा 37 वाद, उपजिलाधिकारी न्यायिक नवाबगंज, द्वारा 35 वाद, तहसीलदार फतेहपुर द्वारा 32 वाद, उप जिलाधिकारी न्यायिक फतेहपुर द्वारा 25 वादों का निस्तारण किया गया है।

# जिलाधिकारी ने जेब्रा पार्क का किया निरीक्षण नया झंडा लगवाने के दिये निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**पार्क की स्थिति का जायजा लिया और सुविधाओं की समीक्षा की**

**निरीक्षण के दौरान पार्क में आवश्यक सुधारों और रखरखाव पर दिया जोर**

बाराबंकी। शुक्रवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने उपजिलाधिकारी नवाबगंज श्री आनन्द कुमार तिवारी और ईओ नगर पालिका परिषद नवाबगंज श्री संजय शुक्ला के साथ शहर के पल्हरी चौराहा स्थित जेब्रा पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में नया झंडा लगवाने के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा तालाब के किनारे बनी रोड के नीचे की कई स्थानों पर मिट्टी धस गयी है जिसकी पटाई कराकर रोड को ठीक करवाने के निर्देश ईओ नगर पालिका को प्रदान किए। इसके अलावा उपलब्ध सुविधाओं, जैसे कि खेल के मैदान, पैदल चलने की जगह, और अन्य सुविधाओं की देखा। जिलाधिकारी ने पार्क में आवश्यक सुधारों और रखरखाव के विषय में निर्देश दिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पार्क सभी के लिए सुरक्षित और आकर्षक हो। जिलाधिकारी ने पार्क के रख-रखाव में जनता की सहभागिता पर भी जोर दिया, ताकि पार्क को स्वच्छ और सुंदर रखा जा सके। उन्होंने पार्क की साफ-सफाई कराने के साथ ही बंद पड़े फौव्वारों को ठीक कराकर चालू कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

**धनोखर तालाब में जल निकासी की व्यवस्था के दिये निर्देश**

जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ धनोखर तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नाले के खुले गटर को बंद करने के निर्देश दिए। तालाब में पानी भरने व निकासी के लिये लिए व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बंद पड़े फव्वारे को चालू कराने के निर्देश दिए, जिससे वाटर एरेक्शन होता रहे। ईओ नगर पालिका को तालाब की समुचित साफ-सफाई के निर्देश दिये। इसके अलावा एसडीएम नवाबगंज को निर्देश देते हुए कहा कि आस-पास चल रहे निर्माण कार्य की जांच करा लें जिससे यह सुनिश्चित हो जाये कि तालाब की भूमि पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण तो नहीं हो रहा है।

मोहारीपुरवा में एमबीबीआर(MBBR) तकनीक पर बने सीवर जल सोधन प्लांट का किया निरीक्षण जिलाधिकारी ने मोहारीपुरवा में एमबीबीआर तकनीक पर बने सीवर जल सोधन प्लांट का निरीक्षण किया। प्लांट क्रियाशील था। सीवर का जल शोधन करके तालाब में जा रहा था। जिलाधिकारी ने प्लांट का बारीकी से निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इसी तरह सीवर के जल शोधन हेतु 8 अन्य तालाबों का प्रपोजल बनाकर भेजे। इससे गंदे पानी की समस्या से भी निजात मिलेगी और वाटर रिचार्ज भी होता रहेगा। जिलाधिकारी ने परिसर में वृक्षारोपण कराने के भी निर्देश दिये।

## हत्या की साजिश रचने वाला आरोपी गिरफ्तार, मृतका का पति निकला मास्टरमाइंड

मोहनलालगंज, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीजीआई थाना क्षेत्र में 5 मई को हुई महिला सविता की हत्या के मामले में मोहनलालगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मामले की गहराई से जांच करते हुए पुलिस ने हत्या की साजिश रचने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस साजिश का मुख्य सूत्रधार कोई और नहीं बल्कि मृतका का पति ही निकला। मोहनलालगंज पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड की गंभीरता से जांच करते हुए आरोपी अजय रावत पुत्र भगवती प्रसाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी अजय की उम्र लगभग 22 वर्ष है और वह ग्राम डाईन मोहिद्दीनपुर, थाना पीजीआई, जनपद लखनऊ का निवासी है। गौरतलब है कि 5 मई को सविता की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई थी। प्रारंभिक जांच में ही पुलिस को संदेह हुआ कि यह हत्या सुनियोजित साजिश के तहत की गई है। जांच में यह खुलासा हुआ कि सविता के पति संजय कुमार रावत ने ही अपने परिचित अजय रावत के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई थी।

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गहन पड़ताल के आधार पर आरोपियों की संलिप्तता स्पष्ट की। शुक्रवार को इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अजय रावत को मोहनलालगंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया है।

## नरेंद्र बने बार अध्यक्ष



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में नरेंद्र वर्मा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। श्री वर्मा ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 125 वोटो से पराजित किया। श्री वर्मा पूर्व में भी अध्यक्ष रह चुके हैं।

## बड़े मंगल की तैयारी साफ सफाई जोरों पर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जेठ माह के बड़े मंगल को लेकर पूरे क्षेत्र में हनुमान मंदिरों पर साफ सफाई का कार्यक्रम चल रहा है ।इस बार 13 मई को बड़ा मंगल पड़ रहा है। जिसको लेकर सभी हनुमान मंदिरों में साफ सफाई और रंगाई पुताई का कार्य हो रहा है ।क्योंकि जेठ माह में पांच बड़े मंगल पड़ेंगे। इन सभी बड़े मंगल का बड़ा ही महत्व है। प्रत्येक मंगलवार को सभी हनुमान भक्तों को विधि विधान से बजरंगबली की पूजा अर्चना करनी चाहिए ।राम भक्त हनुमान सभी की मनोकामनाएं अति शीघ्र पूर्ण करते हैं ।तथा संकटों से अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इस कलयुग में हनुमान जी एक ऐसे देवता हैं, जिनकी पूजा अर्चना करने से लोगों पर संकट का प्रभाव नहीं पड़ता है। बजरंगबली की भक्तों पर महान कृपा बनी रहती है।

## हादसे को दावत दे रही जर्जर पुलिया

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड रामनगर के ग्राम दुर्गापुर में आवागमन के मुख्य मार्ग पर पिछले दस वर्षों से जर्जर पुलिया ग्रामीणों के लिए जान जोखिम बनी है ।घाघरा नदी की बाढ़ से यह पुलिया हर साल क्षतिग्रस्त होती रही है ।ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को इसकी जानकारी दी लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई ।पीडब्ल्यूडी ने रोक लगाते हर चेतावनी बोर्ड लगाए हैं परंतु केवल चेतावनी से समस्या का समाधान नहीं हो सकता ।विभाग के इंजीनियरों के अनुसार पुल के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था जिसे मंजूरी मिल गई है जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## सड़क हादसे में जवान मरणासन्न! सवालों में घटना

बनीकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली रामसनेहीघाट क्षेत्र में भिटरिया ओवर ब्रिज के पास रात में अज्ञात वाहन ने पीआरवी 112 बाइक ड्यूटी पर तैनात धर्मेंद्र प्रताप सिंह व कांस्टेबल जितेंद्र कुमार को जोरदार ठोकर मारी। बताते हैं कि दोनों जवान दरियाबाद की ओर से भिटरिया आ रहे थे। हादसे में धर्मेंद्र प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी बनीकोडर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने पैर में ज्यादा चोट होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर ,स्कूटी सवार की मौत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र अंतर्गत हाइवे स्थित ग्राम नयागाँव के निकट अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से स्कूटी सवार एक 25 वर्षीय युवक की मौक़ेपर ही मौत हुई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक दीपक पुत्र जगदीश लखनऊ थाना इंदिरा नगर के चांदन फ़रीदनगर वार्ड निवासी बताया गया है ।दीपक ग्राम देवकहा एक तिलक समारोह में गया था।

## सेक्टर बैठक, सीडीपीओ ने बताए गुर, चेताया

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आंगनबाड़ी केंद्र बदोसराय में शुक्रवार को आयोजित सेक्टर बैठक की अध्यक्षता सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने की ।बैठक में बच्चों के बौद्धिक विकास और ईसीसीई कैलेंडर पर विशेष चर्चा की गई। सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों की शिक्षा में सुधार के लिए सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए चार्ट का उपयोग करें। चार्ट से बच्चों को विषय समझने में सहायता मिलेगी। विभागीय कार्यों में लापरवाही न बरतने की चेतावनी भी दी ।बैठक में सुपरवाइजर अर्चना सिंह मौजूद रहीं। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रतिमा यादव, स्वर्णिम मौर्या, पूनम देवी, प्रीति देवी, रंजना मौर्या, शशि प्रभा,अरुण कुमार सहित सेक्टर की सभी कार्यकत्रियां उपस्थित थीं।

## गाय चोरी कर रहा कसाई युवक धरा गया

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। चोर को रंगे हाथों ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दबोच लिया ।पिटाई के बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है ।पकड़ा गया चोर कस्बे का ही एक क़साई है,जो पशुपालक कुर्सी कस्बा निवासी रहीस अहमद की गाय मध्य रात खोल कर ले जा रहा था। कुर्सी थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गया चोर कस्बे के ही कुरैशी मोहल्ले का रहने वाला है जोकि अभी नाबालिग है। फिलहाल आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## विवाहिता से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की सजा

जौनपुर । अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम सुरेंद्र प्रताप यादव की अदालत ने शुक्रवार को छह वर्ष पूर्व हुए एक दुष्कर्म के मामले में सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी को 10 साल की सजा और 14 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने 21 जुलाई 2019 को मुकदमा दर्ज कराया था। उसने बताया कि वह दुकान बंद करके रात नौ बजे अपने घर पहुंचा तो पत्नी बदहवास हालत में मिली थी। पूछने पर उसने बताया कि उनके आने से पहले पड़ोसी राहुल घर में घुसा और मुंह बंद करके जानमाल की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। पीआरवी वाहन को सूचना भी दी, लेकिन बारिश के कारण पुलिस नहीं पहुंच सकी। अगले दिन यानी 22 जुलाई 2019 को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मामले में पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने व पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर युवक को दुष्कर्म का दोषी पाया और 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

## मौसेरे भाई को बचाने की कोशिश में युवती नहर में डूबी

औरैया । जनपद के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जाना में नहर नहाने गए चार भाई-बहनों में से एक भाई डूबने लगा। जिसे बचाने की कोशिश में शादीशुदा बहन नहर में डूब गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर में जाल डालकर ओर गोताखोरों के माध्यम से युवती को ढूंढने की कोशिश कर रही है। एनडीआकरएफ को भी घटना की सूचना दी गई है।

# अंबानी को ऑपरेशन सिंदूर का नाम पेटेंट कराने से रोकें पीएम मोदी : शाहनवाज़ आलम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा ''ऑपरेशन सिंदूर'' शब्द के पंजीकरण के लिए पेटेंट डिजाइन एंड ट्रेडमार्क महानियंत्रक के पास आवेदन देने को देश की सामूहिक भावना को बेचने का घिनौना प्रयास बताया है।

शाहनवाज़ आलम ने जारी बयान में कहा कि जब पूरे देश की भावनाएं पहलगाम हिंसा से आहत हैं और दोषियों के खिलाफ़ भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे ''ऑपरेशन सिंदूर'' के साथ एकजुट हैं तब इन भावनाओं को सिनेमा के ज़रिये बेचना उन सभी के ज़ख़्मों को बेचने के बराबर है जिनके परिजनों ने पहलगाम और पुंछ में अपनों को खोया है। यह एक तरह से देश का अपमान है जिसके लिए अंबानी को देश से माफी मांगनी चाहिए। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि यह नहीं भूला जा सकता कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और जियो के मालिक अनिल अंबानी पीएम मोदी के निजी मित्र हैं। जिसके जियो सिम का प्रचार तक पीएम मोदी जी कर चुके हैं। इसलिए पीएम मोदी से यह आग्रह किया जाना चाहिए कि वो अपने मुनाफाखोर दोस्त अनिल अंबानी पर ''ऑपरेशन सिंदूर'' नाम का पेटेंट कराने का आवेदन वापस ले लेने का दबाव डालें।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि जिस तरह हिंदुत्ववादी संगठनों के कार्यकर्ता पहलगाम की घटना के बाद जगह-जगह पाकिस्तान के झण्डे लगाते पकड़े जा रहे हैं वैसे ही अंबानी भी युद्ध की आपदा को अवसर मानते हुए फिल्म बनाकर मुनाफ़ा कमाने का शर्मनाक काम कर रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर छात्राओं में खुशी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया गया। मिशन शक्ति 5 के तहत आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में छात्राओं ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साहस की सराहना की।मिशन शक्ति की समन्वयक डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने दोनों महिला अधिकारियों की तस्वीरें लेकर उनका अभिनंदन किया। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि महिला अधिकारियों को ऑपरेशन सिंदूर की जिम्मेदारी सौंपना देश के शीर्ष नेतृत्व का महत्वपूर्ण निर्णय था।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पहल और उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान की सराहना की। उनका कहना था कि इन पहलों का उद्देश्य महिलाओं को हर क्षेत्र में उचित अवसर देना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने देश की बेटी होने पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि भारत की महिलाएं आतंकवादियों के इरादों को नाकाम करने में सक्षम हैं।

# स्थलीय सत्यापन कर जानी विकास कार्यों की हकीकत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिद्धौर बाराबंकी। विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र में लघु सिंचाई विभाग द्वारा पूर्ण कराए गए विकास कार्यों का शुक्रवार को को जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा विकास खंड में स्थलीय सत्यापन किया गया जिसमें नामित टीम जिला पूर्ति अधिकारी व सहायक अभियंता जल निगम द्वारा सत्यापन किया गया। साल्हाभारी , भिटौरा लखन , लोहारपुर, पारा, छतौनी, दीन पनाह, आदि ग्राम पंचायतों में लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराई गई बोरिंग व अन्य योजनाओं का स्थलीय सत्यापन किया गया । इस दौरान लघु सिंचाई अवर अभियंता सोमवीर सिंह यादव, बोरिंग टेक्नीशियन संदीप ,हरेंद्र व किसान आदि मौजूद रहे।

# मजाक बनी ग्राम चौपाल, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिद्धौर बाराबंकी। गांव की समस्या का , गांव में समाधान कराए जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सिद्धौर ब्लाक क्षेत्र की दो ग्राम पंचायत दीनपनाह और छतौनी में ग्राम चौपाल का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। परंतु

चौपाल में प्रतिभाग करने वाले कुछ संबंधित अहलकारों का ''चौपाल'' में न आना चर्चा का विषय रहा। जब कि जानकारी के अनुसार आयोजित होने वाली ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य,पशुपालन, राजस्व आदि विभाग के संबंधितों को चौपाल में शामिल होना चाहिए।ता कि ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण हो। *परंतु ग्राम विकास व ग्राम पंचायती राज विभाग के अलावा अन्य विभाग के संबंधितो का चौपाल में न पहुंचना आमजन को अखर रहा है*।....हला कि शुक्रवार को ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत दीनपनाह में एडीओ कोऑपरेटिव शैलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान, ग्राम प्रधान सत्यनाम सिंह वर्मा, आदि की मौजूदगी व छतौनी में एडीओ आईएसबी राधेश्याम की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामपंचायत सचिव अजय नाथ गौड़, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार आदि की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। परंतु बताते हैं कि अन्य विभाग के संबंधितों का चौपाल में न आना समस्याओं का कारण बना रहा।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जालौन में 12 हजार घरों में सोलर पावर प्लांट

**एजेंसी**

जालौन। जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक कर योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति में सुधार करने को कहा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जालौन में 12,000 घरों में सोलर पावर प्लांट लगाए जाने का लक्ष्य है। अब तक 663 सूर्य घरों में नेट मीटरिंग का कार्य पूर्ण हुआ है। जिलाधिकारी ने इस प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर सभी ग्राम प्रधानों और नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक ग्राम पंचायत वार ग्राम प्रधान के माध्यम से 20 व्यक्ति प्रति ग्राम पंचायत, तथा 10 लाभार्थी प्रति वार्ड चिन्हित कर मई माह में ही शत प्रतिशत कार्यवाही कर उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण व शहरी आमजन को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसे समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाना आवश्यक है।

अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गांवों में जाकर ग्राम प्रधानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करें और उनका लाभ सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास कार्यों में रफ्तार लाने के लिए सभी अधिकारी अपने कार्यों में तेजी लाएं और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति में सुधार करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव, पीओ नेडा राकेश पाण्डेय सहित सम्बंधित अधिकारी और बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।


# कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ जनपद बाराबंकी

संख्या - 44 / दाखिल-खारिज / आपत्ति / न0पं0है0 / 2025-26 दिनांक- 09 मई 2025

**गृहकर सूची में नामान्तरण हेतु प्रस्तुत आवेदनों का विवरण**

नगर पंचायत हैदरगढ जनपद बाराबंकी में निम्नलिखित प्रकरणों में नामान्तरण ( खारिज - दाखिल ) की कार्यवाही प्रस्तावित है किसी भी प्रकरण में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित रुप से इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है वाद मुद्दत समाप्ति के उपरान्त प्राप्त हुये किसी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा तथा नियमानुसार नामान्तरण (खारिज - दाखिल ) की कार्यवाही कर दी जायेगी । प्रस्तावित प्रकरण की सूची निम्न प्रकार है

**वसीयत / वरासत के आधार पर**


| क्रम संख्या | सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी का नाम व पता | जिसके नाम नामान्तरित / दर्ज होना है का नाम व पता | भवन जहां स्थित है |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | श्रीमती रामलील पत्नी स्व0 शान्ति प्रसाद शर्मा निवासी-भटखेरा वार्ड हैदरगढ बाराबंकी | श्री ज्ञान प्रकाश पुत्र श्री जुगुल किशोर निवासी - भटखेरा वार्ड, हैदरगढ बाराबंकी | भटखेरा वार्ड नगर पंचायत हैदरगढ बाराबंकी |
| 02 | श्री रामफल मिश्रा पुत्र श्री महोदव मिश्रा श्रीकृष्णपुर, बहुता वि0ख0 त्रिवेदीगंज हैदरगढ, बाराबंकी | श्री श्रवण कुमार मिश्रा पुत्र श्री रामफल मिश्रा निवासी - बृम्हनान वार्ड हैदरगढ, बाराबंकी | सुभाष वार्ड, नगर पंचायत हैदरगढ, बाराबंकी |
| 03 | श्रीमती सिदद्वीकन पत्नी स्व0 अब्दुल हमीद निवासी - घोसियाना वार्ड नगर पंचायत हैदरगढ, बाराबंकी | श्रीमती गुलशन पुत्री स्व0 अब्दुल हमीद निवासी - घोसियाना वार्ड नगर पंचायत हैदरगढ, बाराबंकी | घोसियाना वार्ड नगर पंचायत हैदरगढ, बाराबंकी एवं सुभाष वार्ड नगर पंचायत हैदरगढ बाराबंकी |

**उपजिलाधिकारी/अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत हैदरगढ़**
**जनपद बाराबंकी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत हैदरगढ़**
**जनपद बाराबंकी**

# भारत-पाक तनाव के बीच आईपीएल एक सप्ताह के लिये स्थगित, बोर्ड ने कहा राष्ट्रहित सर्वोपरि

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया और बीसीसीआई ने कहा कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है, ऐसे में राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में ही रद्द होने के बाद से मौजूदा आईपीएल के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक सप्ताह के लिये स्थगित करने का फैसला किया है। पहले यह बताया गया था कि आईपीएल अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया गया है। इसमें कहा गया कि नये कार्यक्रम और टूर्नामेंट के आयोजन के बारे में सूचना समय आने पर दी जायेगी। इससे पहले संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के साथ हालात की व्यापक समीक्षा की जायेगी। लीग का समापन 25 मई को कोलकाता में होना था। बोर्ड बाकी 16 मैच ( 12 लीग और चार नॉकआउट) सही समय पर कराने की कोशिश करेगा। ऐसी अटकलें हैं कि सितंबर महीने में होने वाला एशिया कप रद्द किया जाता है तो यह एक विकल्प हो सकता है। बोर्ड के बयान में कहा गया कि इस नाजुक मोड़ पर बीसीसीआई देश के साथ खड़ा है। हम भारत सरकार, सशस्त्र बलों और देश के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हैं। इसमें कहा गया कि बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है जिनके ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए वीरतापूर्ण प्रयास राष्ट्र की रक्षा करने के साथ प्रेरणा देते हैं और जो हाल ही के आतंकवादी हमले और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए अनुचित आक्रमण का दृढ़ जवाब दे रहे हैं। बोर्ड ने कहा कि क्रिकेट देश का जुनून है लेकिन यह देश की अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर नहीं है। इसमें कहा गया कि बोर्ड भारत की सुरक्षा के लिए सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और हमेशा राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में अपने निर्णय लेगा। बोर्ड ने आधिकारिक प्रसारक, टाइटल प्रायोजक और सभी साझेदारों समेत हितधारकों को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने के लिये धन्यवाद दिया। भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। हवाई हमले के अलार्म और जम्मू में विस्फोट जैसी आवाजों की खबरों के बीच गुरुवार को पंजाब के पठानकोट, अमृतसर, जालंधर, होशियारपुर, मोहाली और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ सहित भारत के कई जिलों में ब्लैकआउट लागू कर दिया गया।

# निशानेबाजी: महाराष्ट्र ने जीता स्वर्ण बिहार को मिला कांस्य पदक

एजेंसी



नयी दिल्ली। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को 16-12 से हराकर स्वर्ण पदक तथा बिहार की दिव्या-रुद्र की जोड़ी ने कांटे की टक्कर वाले मुकाबले में यूपी की टीम को 16-14 अंक से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। आज डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र की शंभवी श्रवण क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने की जोड़ी ने कर्नाटक की हृदया श्री कोंडूर और नारायण प्रणव वनीथा सुरेश की टीम को 16-12 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक रहा लेकिन महाराष्ट्र की जोड़ी ने बेहतर संयम और सटीकता का परिचय देते हुए मुकाबला जीता। कर्नाटक को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं बिहार की दिव्या श्री और रुद्र प्रताप सिंह की निशानेबाज जोड़ी ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी के कांस्य पदक मुकाबले में उत्तर प्रदेश की अनन्या और अंश डबास की जोडी को 16-14 के बेहद रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक अपने नाम किया। यह जीत न केवल बिहार के खेल इतिहास में एक सुनहरा पन्ना जोड़ती है, बल्कि राज्य के युवा खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को नई उड़ान भी देती है। मुकाबले की शुरुआत से ही स्कोर बेहद करीबी रहा। पहले चार राउंड तक बिहार ने बढ़त बना ली थीं। जहां उप्र की ओर से अनन्या का प्रदर्शन तकनीकी रूप से सधा हुआ था, वहीं अंश शुरुआत में दबाव में दिखे। बिहार की ओर से दिव्या श्री का प्रदर्शन शुरू से ही बेहद स्थिर और प्रभावशाली रहा। पहले राउंड में उन्होंने 20.8 और फिर 20.3 और 20.5 का स्कोर दर्ज किया। उनकी निरंतरता ने टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। रुद्र प्रताप ने चौथे राउंड से लय पकड़ी और 5वें से 15वें राउंड तक टीम को मजबूती से बनाए रखा। 15वें और आखिरी राउंड में यूपी को बराबरी के लिए दो अंकों की जरूरत थी, लेकिन दोनों टीमों ने 20.6-20.6 का बराबर स्कोर किया। इस वजह से दोनों टीमों को 1-1 अंक प्राप्त हुआ।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की भारत और पाकिस्तान की स्थिति पर करीबी नजर

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर 'करीबी नजर' रखे हुए है, क्योंकि 20 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और कोच मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आईपीएल पर गुरुवार को उस समय अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे जब आसपास के शहरों में हवाई हमले की संभावना के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच बीच में ही रद्द करना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभी मौजूदा स्थिति की समीक्षा कर रहा है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैचों को यूएई में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा, ''हम ऑस्ट्रेलिया सरकार, पीसीबी, बीसीसीआई और स्थानीय सरकारी अधिकारियों से नियमित सलाह और अपडेट प्राप्त करने सहित पाकिस्तान और भारत की स्थिति पर करीबी नजर रखना जारी रखेंगे। हम अपने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के साथ भी संपर्क में हैं। पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड और कोच रिकी पोंटिंग और ब्रैड हैडिन आईपीएल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि पूर्व बल्लेबाज डेविड वार्नर, तेज गेंदबाज रिले मेरेडिथ और सीन एबॉट जैसे खिलाड़ी पीएसएल में खेल रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है और वे जल्द से जल्द भारत छोड़ने के इच्छुक हैं।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम यूरोपा लीग के फाइनल में

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम ने आसान जीत के साथ यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाकर चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा। इंग्लैंड की इन दोनों टीमों की इंग्लिश प्रीमियर लीग में स्थिति अच्छी नहीं है लेकिन यूरोप की दूसरे स्तर की प्रतियोगिता यूरोपा लीग को जीतने पर उन्हें चैंपियंस लीग में जगह मिल जाएगी। यूनाइटेड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में सेमीफाइनल के दूसरे चरण में एथलेटिक बिलबाओ को 4–1 से हराया और इस तरह से स्पेन के क्लब के खिलाफ कुल मिलाकर 7–1 से जीत हासिल की। टोटेनहैम ने नॉर्वे के क्लब बोडो ग्लिम्ट को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में उसके घरेलू मैदान पर 2–0 से पराजित करके कुल 5–1 से जीत हासिल की।

## घबराहट में खरीदारी की जरूरत नहीं: तेल कंपनियों ने जनता को पर्याप्त ईंधन भंडार का दिया भरोसा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा घबराहट में इनकी अत्यधिक खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। यह बयान सोशल मीडिया पर उन खबरों एवं वीडियो के आने के बाद जारी किया गया जिनमें दावा किया गया था ।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.25 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.25 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.25 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# पहलगाम की आतंकी घटना पर सरकार की प्रतिक्रिया से हर भारतीय महसूस कर रहा है कि शासन की ताकत क्या होती है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पहलगाम में आतंकवादी घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ केंद्र सरकार की सख्त कार्रवाई की ओर संकेत करते हुए कहा कि आज के दिन हर भारतीय महसूस कर रहा है कि शासन की ताकत क्या होती है। उन्होंने कहा कि हम भारतीय हैं, भारतीयता हमारी पहचान है, राष्ट्रधर्म सर्वोपरि है, राष्ट्र प्रथम है। कोई भी हित व्यक्तिगत, राजनीतिक, आर्थिक राष्ट्र हित से ऊपर नहीं हो सकता।

उपराष्ट्रपति ने शुक्रवार को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा लिखित उनके जीवन पर आधारित पुस्तक ''जनता की कहानी -मेरी आत्मकथा'' का विमोचन किया। दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में आयोजित समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व उनकी धर्मपत्नी वसंथा बंडारू को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में




पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण रखा गया। इस अवसर पर जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारत ने चुनौतियों को अवसरों में बदलने के तरीके ईजाद किए हैं, इसलिए आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरी दुनिया को भारत की ताकत और मजबूत सोच को दिखाया है। हमारी सेना ने भारतीयों की आन-बान और शान को ऊंचा करने का काम किया है। भारतीयता हमारी पहचान है और राष्ट्रवाद हमारे लिए सर्वोपरि है। इस अवसर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि चरित्र, समर्पण और दृढ़-विश्वास ही जीवन के तीन महत्वपूर्ण पहलू हैं। इन तीन पहलुओं पर कार्य करते हुए जीवन की हर चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में उनके जीवन के विस्तृत अनुभव संकलित किए गए हैं जो सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी रहेंगे। पुस्तक में उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को समेटा गया है। उन्होंने कहा कि वे लेखक और कवि नहीं हैं लेकिन कोविडकाल के दौरान उन्हें मिले अनुभव ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से पुस्तक में समेटे गए हैं। केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस पुस्तक से ऐसे व्यक्तित्व की कहानी प्रदर्शित होती है, जिन्हें जीवन में एक बार मिलने से ही सारी कहानी स्वतः सामने आ जाती है। दत्तात्रेय वास्तव में विनम्रता की मूर्ति हैं, जिन्होंने सदैव समाज सेवा और जनहित को लेकर ही कार्य किया है। उन्होंने कहा कि दत्तात्रेय की पुस्तक में सभी कार्यकर्ताओं की चिंता के बहुत से पहलू एवं अनुभव छिपे हुए हैं, इसलिए यह पुस्तक अवश्य लोगों को पढ़नी चाहिए। इसमें वटवृक्ष के नाते परिवार, समाज और जीवन के अनुभवों की जानकारी साझा की गई है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक पुस्तक नहीं बल्कि जीवंत दस्तावेज है, जो उनके संघर्ष, सेवा, समर्पण और समाज के लिए चलने वाली यात्रा है, जो व्यक्ति को साधारण से असाधारण बना देती है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक का शीर्षक ही बता रहा है कि यह जीवन का विवरण मात्र नहीं बल्कि जनसाधारण से जुड़ने और उनके लिए जुझने का अनुभव है। यह पुस्तक केवल साहित्य नहीं प्रेरणास्त्रोत है जिससे राजनीतिक और सामाजिक जीवन के रास्ते पर चलने का बेहतर मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केन्द्रीय मंत्री जी कृष्ण रेड्डी ने भी समारोह को सम्बोधित किया। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, एसपी सिंह बघेल, अनुराग ठाकुर और हरियाणा सरकार के कई मंत्री सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# एसजीपीसी ने सीमावर्ती गांवों से पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया



एजेंसी

चंडीगढ़। भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के दौरान शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने सीमावर्ती गांवों में स्थित गुरुद्वारा साहिब से गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूपों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने का कार्य शुरू कर दिया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार की सुबह हुई आपात बैठक में इस संबंध में फैसला लिया गया। इसके बाद एसजीपीसी के सदस्य तथा अधिकारियों के दल सीमावर्ती क्षेत्र के गुरुद्वारा साहिबानों में चले गए। एसजीपीसी का तर्क है कि भारत-पाक तनाव के बीच किसी प्रकार की अप्रिय घटना के चलते सीमावर्ती गांवों को खाली करवाया जा रहा है, जिसके कारण यहां स्थित गुरुद्वारा साहिबान में गुरु ग्रंथ साहिब की पवित्रता को कायम रखना जरूरी है। ऐसे में एसजीपीसी ने शुक्रवार दोपहर बाद अमृतसर जिला के गांव हवेलियां में स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में गुरु ग्रंथ साहिब के पवित्र स्वरूप को मर्यादा के अनुसार अमृतसर के गुरुद्वारा रामसर साहिब में पहुंचाया। इसी प्रकार धार्मिक मर्यादा का पालन करते हुए एसजीपीसी के सदस्यों ने तारनतारण जिले के गांव नौशहरा ढाला से गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूपों को अमृतसर पहुंचाया।

# मप्र–महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल' की 28वीं बैठक शनिवार को, दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में 'मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल' की 28वीं बैठक शनिवार, 10 मई को अपरान्ह तीन बजे से भोपाल स्थित मंत्रालय (वल्लभ भवन) में होगी। इसी दिन विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज परियोजना 'ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज' के एमओयू पर मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए यह सौभाग्य एवं गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना' के बाद यह मध्य प्रदेश की तीसरी महत्वपूर्ण अंतरराज्यीय नदी परियोजना होगी। 'ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना' विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रिचार्ज परियोजना है। परियोजना के जरिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना को राष्ट्रीय जल परियोजना घोषित कराने के लिए केन्द्र सरकार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि ताप्ती बेसिन बहुउद्देशीय परियोजना में मध्यप्रदेश के जल हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में 31.13 टी.एम.सी.जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टी.एम.सी मध्यप्रदेश को और 19.36 टी.एम.सी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा। इस परियोजना में प्रस्तावित बांध एवं नहरों से मध्यप्रदेश कुल 3 हजार 362 हेक्टेयर भूमि उपयोग में लाई जाएगी। परियोजना के अंतर्गत कोई गांव प्रभावित नहीं होगा। इसमें पुनर्वास की भी आवश्यकता नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना से मध्य प्रदेश के एक लाख 23 हजार 82 हेक्टेयर भू-क्षेत्र और महाराष्ट्र के दो लाख 34 हजार 706 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की स्थाई सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना से म.प्र. के बुरहानपुर एवं खण्डवा जिले की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार एवं खालवा की कुल 4 तहसीलें लाभान्वित होंगी। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश की एक-एक नदी के एक-एक बूंद जल का समुचित उपयोग राष्ट्र और राज्य के हित में करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले दिनों हमने पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना का राजस्थान के साथ कार्य प्रारंभ किया है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के साथ केन-बेतवा नदी जोड़ो की बड़ी राष्ट्रीय परियोजना पर काम किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में अब हम इस तीसरी राष्ट्रीय नदी जल परियोजना से महाराष्ट्र राज्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस परियोजना से महाराष्ट्र के उत्तर क्षेत्र एवं मध्यप्रदेश के दक्षिण क्षेत्र के हिस्से को पर्याप्त जल उपलब्ध कराएंगे। साथ ही नागपुर जैसे बड़े शहर में पीने के पानी की समस्या और छिंदवाड़ा जिले में भी सिंचाई जल की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्यों की संयुक्त परियोजना है। इस योजना से मध्यप्रदेश के 1,23,082 हेक्टेयर क्षेत्र में एवं महाराष्ट्र के 2,34,706 सेक्टर में सिंचाई प्रस्तावित है। योजना में भूजल भंडारण का विस्तार किया जाएगा, जिससे प्रदेश के बुरहानपुर एवं खंडवा जिलों की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार एवं खालवा तहसीलें लाभान्वित होंगी। इस योजना में पूर्व में पारंपरिक भंडारण के लिए 66 टीएमसी क्षमता का जल भराव बाँध प्रस्तावित किया गया था, जिससे 17 हज़ार हेक्टेयर से अधिक भूमि प्रभावित हो रही थी, जिसमें वन भूमि एवं बाघ अभ्यारण की भूमि भी शामिल थी। इसके अलावा 73 गांव की लगभग 14 हजार जनसंख्या भी प्रभावित हो रही थी। अब इस अवरोध को दूर करते हुए पारंपरिक जल भंडारण के स्थान पर भूजल पुनर्भरण योजना द्वारा जल भंडारण प्रस्तावित किया गया है।

# ऑपरेशन सिंदूर के सशस्त्र बलों के समर्थन में आया बॉलीवुड, कलाकारों ने साझा किए एकजुटता के संदेश

एजेंसी




नई दिल्ली। पहलगाम आंतकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के सफल ऑपरेशन सिंदूर पर पूरे देश के साथ भारतीय फिल्म उद्योग ने भी खूब समर्थन दिया है। सशस्त्र बलों के साथ फिल्म इंडस्ट्री ने एकजुटता दिखाते हुए ऑपरेशन सिंदूर के पोस्टर के साथ अपना उत्साह बढाने वाले संदेश साझा किए। इसमें देश के विविध फिल्म उद्योगों के प्रतिनिधि जिनमें हिंदी, तेलुगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़, पंजाबी और अन्य शामिल हैं। सोशल मीडिया अकाउंट पर कई जाने-माने कलाकारों ने एकजुटता और प्रोत्साहन के संदेश साझा किए हैं, जिनमें अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, रजनीकांत, आलिया भट्ट, अल्लू अर्जुन, विक्की कौशल, कंगना रनौत, कैटरीना कैफ, श्रद्धा कपूर, मोहनलाल, आर माधवन, सामंथा प्रभु और रणवीर सिंह शामिल हैं। ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों के सफल प्रयासों को सलाम करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया । एकता की यह अभिव्यक्ति कई प्लेटफार्मों पर देखी जा रही है जिसमें सोशल मीडिया से लेकर मुख्यधारा के प्रेस में मुखर हो कर कलाकार अपना समर्थन दे रहे हैं। अल्लू अर्जुन ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पहलगाम पीड़ितों के साथ न्याय किया है। वहीं, अभिनेता अक्षय कुमार ने सेना का उत्साह बढ़ाते हुए ऑपरेशन सिंदूर का पोस्टर जारी करते हुए जय हिंद लिखा। यह सिलसिला लगातार जारी है। निर्माता, निर्देशक, संगीतकार, लेखक और प्रभावशाली लोगों ने भी रचनात्मक और सांस्कृतिक मंचो से सेना का उत्साह बढ़ाने का काम किया है। मनोरंजन जगत से ऑपरेशन सिंदूर को मिलता समर्थन उनके राष्ट्रीय एकता की ओर प्रतिबद्धता और बॉर्डर पर देश की रक्षा करने वाले सेना के लिए सम्मान को उजागर करता है।

# पेज एक का शेष

## पाकिस्तान नागरिकों...

और मंदिरों सहित एक विशेष डिजाइन वाले पूजा स्थलों को निशाना बना रहा है और उन पर गोलाबारी कर रहा है। यह पाकिस्तान की एक और नीचता है। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान द्बारा कल रात की गई ये भड़काऊ और आक्रामक कार्रवाई भारतीय शहरों और नागरिक ढांचे के अलावा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की गईं थी। भारतीय सशस्त्र बलों ने आनुपातिक, पर्याप्त और जिम्मेदारी से इसका जवाब दिया। बीते 24 घंटों के दौरान ऑपरेशन सिन्दूर का विवरण देते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने गुरूवार रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के इरादे से पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की और 36 स्थानों पर घुसपैठ कराने की कोशिश करने की और लेह से लेकर सरक्रीक तक लगभग 300 से 400 ड्रोनों से हमले की कोशिश की जिसे भारतीय मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली से नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने स्थिर और गतिशील हथियार प्रणाली का उपयोग करके कई ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने कहा कि हवाई घुसपैठ का संभावित उद्देश्य वायु रक्षा प्रणालियों का परीक्षण करना और खुफिया जानकारी एकत्र करना था। अधिकारी ने कहा कि ड्रोन के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि वे तुर्किए के अस्सिगार्ड सोंगर ड्रोन हैं। विग कमांडर व्योमिका सिह ने कहा कि पाकिस्तान ने दोगला रवैया अपनाते हुए भारत में असफल ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान नागरिक विमानों को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है जबकि उसे अच्छी तरह पता है कि भारत उसके हमले का कड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास उड़ान भरने वाले अंतरराष्ट्रीय विमानों सहित अनजान नागरिक विमानों की सुरक्षा को भी दाव पर लगा दिया। उन्होंने कहा कि घोषित बंद के कारण भारतीय पक्ष का हवाई क्षेत्र नागरिक हवाई यातायात के लिए पूरी तरह बंद था लेकिन कराची और लाहौर के बीच हवाई मार्ग पर नागरिक एयरलाइनों की उड़ान जारी रही। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना ने जवाबी कार्रवाई में काफी संयम दिखाया जिससे अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। विग कमांडर सिह ने कहा कि पाकिस्तानी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के चार हवाई रक्षा स्थलों पर सशस्त्र ड्रोन दागे । इनमें से एक ड्रोन एडी रडार को नष्ट करने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारी कैलिबर वाली तोपों और सशस्त्र ड्रोनों का उपयोग करके नियंत्रण रेखा के पार गोलाबारी भी की जिसमें भारतीय सेना के कुछ जवान हताहत हुए और उन्हें चोटें आईं। भारतीय जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा। मौजूदा हालात में पाकिस्तान की सीमा के निकट स्थित करतारपुर साहिब कॉरिडोर चालू है या नहीं, इस सवाल पर विदेश सचिव ने कहा, ल्लमौजूदा सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए करतारपुर साहिब कॉरिडोर की सेवाएं अगले निर्देश तक निलंबित कर दी गई हैं। वर्ष 2002 में कराची में आतंकवादियों के हाथों जान गंवाने वाले अमेरिकी पत्रकारा डेनियल पर्ल की मौत को लेकर पूछे गये एक सवाल के जवाब में विदेश सचिव ने कहा कि बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी गुट का मुख्यालय है, जिसे संयुक्त राष्ट्र द्बारा प्रतिबंधित किया गया है। इसका नेता मौलाना मसूद अजहर एक प्रतिबंधित व्यक्ति है। जैश-ए-मोहम्मद किसी न किसी तरह से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से डेनियल पर्ल की मौत के लिए जिम्मेदार था, लेकिन असली संबंध अहमद उमर सईद शेख के माध्यम से है, जो ब्रिटिश पाकिस्तानी जिहादी था, जिसे भारत में रखा गया था, लेकिन 2000 में रिहा कर दिया गया था और वह वह व्यक्ति था जिसने डेनियल पर्ल को लालच दिया और अंततः उसकी हत्या कर दी। इसलिए ये सभी स्पष्ट रूप से जुड़े हुए व्यक्ति, जुड़े हुए संस्थान हैं और बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के उस ठिकाने पर हमला, मुझे लगता है कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में यह एक उचित कार्रवाई हुई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में पाकिस्तान को वित्तीय सहायता दिये जाने के मुद्दे पर आज होने वाली बैठक के बारे में पूछे जाने पर श्री मिस्री ने कहा, ल्लआज आईएमएफ की बैठक चल रही है, हम बैठक में अपना पक्ष रखेंगे। इन बातों पर हमारा नजरिया साथी सदस्यों के साथ साझा किया जाएगा। आगे का फैसला बोर्ड को करना है। भारत ने आज सुबह पाकिस्तान द्बारा की गई गतिविधियों का जिम्मेदारी से और पर्याप्त रूप से जवाब दिया है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर द्बारा अमेरिका एवं अन्य देशों के मंत्रियों से बातचीत किये जाने के बारे में पूछे जाने पर श्री मिस्री ने कहा, ल्लहां, विदेश मंत्री ने अमेरिकी विदेश मंत्री से बातचीत की है। चर्चा का केंद्र पहलगाम में आतंकवादी हमला और उसके बाद 7 मई को भारत द्बारा की गई प्रतिक्रिया थी। डॉ. जयशंकर ने इन घटनाक्रमों पर अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ अपने विचार साझा किए। विदेश मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ काम करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता की सराहना की और उन्होंने ऑपरेशन सिदूर के संबंध में भारत द्बारा उठाए गए लक्षित उपायों को भी रेखांकित किया। विदेश मंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि भारत पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह की आक्रामकता को बढ़ाने के प्रयासों का दृढ़ता से मुकाबला करेगा। विदेश मंत्री ने आज ब्रिटेन के विदेश मंत्री से बातचीत की, वहां भी चर्चा आतंकवाद का मुकाबला करने पर केंद्रित थी जिसके लिए शून्य सहिष्णुता होनी चाहिए। अभी कुछ समय पहले ही विदेश मंत्री ने नॉर्वे के विदेश मंत्री से भी बात की है।ङ्क

## 'सिधु जल संधि...

संवाददाताओं से कहा, हमने संधि में संशोधन पर चर्चा के लिये वार्ता का अनुरोध करते हुये उन्हें कई नोटिस भेजे हैं। भारत छह दशकों से भी अधिक समय से इस संधि का सम्मान करता आ रहा है, यहां तक ??कि उस समय भी जब पाकिस्तान ने हम पर कई युद्ध थोपे थे। पाकिस्तान ही संधि का उल्लंघन करता रहा है, जानबूझकर भारत के पश्चिमी नदियों पर अपने वैध अधिकारों का प्रयोग करने में कानूनी बाधायें खड़ी करता रहा है।

उन्होंने यह भी कहा, ल्ल यह भारत का धैर्य ही है कि हम पिछले 65 वर्षों से, इतने उकसावे के बाद भी संधि का पालन करते आ रहे हैं। अब स्थितियां बदल गयी हैं। यह संधि 50 और 60 के दशक की इंजीनियरिग तकनीकों पर आधारित थी। तकनीकी बदलावों और उन्नति को ध्यान में रखना होगा।

सुरक्षा को लेकर...

कहा कि पाकिस्तान के सशस्त्र बलों ने 08 और 09 मई की मध्यरात्रि को पूरे पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और अन्य हथियारों का उपयोग करके कई हमले किए। पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर कई संघर्ष विराम उल्लंघन (सीएफवी) भी किए। ड्रोन हमलों को प्रभावी ढंग से विफल किया गया और सीएफवी को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। भारतीय सेना राष्ट्र की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नापाक मंसूबों का बलपूर्वक जवाब दिया जाएगा। रक्षा अधिकारी ने कहा कि भारत में निर्मित आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली का भारतीय सशस्त्र बलों ने भारतीय लक्ष्यों पर पाकिस्तानी हमलों को विफल करने में प्रभावी ढंग से उपयोग किया है। भारतीय सेना और वायु सेना दोनों के पास पाकिस्तान सीमा पर मिसाइल प्रणाली है।

रक्षा अधिकारियों के अनुसार स्वदेशी रूप से विकसित आकाश सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली ने गुरुवार को भारतीय संपत्तियों को निशाना बनाने वाले पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को विफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना और वायु सेना दोनों ने पाकिस्तान सीमा पर मिसाइल प्रणाली तैनात की है। आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है, जो मोबाइल, अर्ध-मोबाइल और स्थिर कमजोर बलों और क्षेत्रों को कई हवाई खतरों के खिलाफ क्षेत्र की वायु रक्षा प्रदान करती है।

इस प्रणाली में अत्याधुनिक विशेषताएं और क्रॉस-कंट्री मोबिलिटी है। वास्तविक समय में मल्टी-सेंसर डेटा प्रोसेसिग और खतरे का मूल्यांकन किसी भी दिशा से कई लक्ष्यों को एक साथ निशाना बनाने में सक्षम बनाता है। कल रात जब पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं (आईबी) के साथ विभिन्न स्थानों पर झुंड ड्रोन भेजने के प्रयास किए, तो भारतीय सेना की वायु रक्षा इकाइयों ने उधमपुर, सांबा, जम्मू, अखनूर, नगरोटा और पठानकोट क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर किए गए काउंटर-ड्रोन ऑपरेशन के दौरान 50 से अधिक ड्रोन को सफलतापूर्वक निष्प्रभावी कर दिया। इस कार्रवाई में एल-70 गन, ज़ू-23 मिमी, शिल्का सिस्टम और अन्य उन्नत काउंटर-यूएएस उपकरणों का व्यापक उपयोग किया गया, जिससे हवाई खतरों का मुकाबला करने की सेना की मजबूत क्षमता का प्रदर्शन हुआ।

## भारत–पाक...

रियल्टी 2.08, टेक 0.46, सर्विसेज 0.63 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत टूट गए। विश्व बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.47, जर्मनी का डैक्स 0.67, जापान का निक्केई 1.56 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.40 प्रतिशत चढ़ गया। हालांकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.30 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1366 अंक की भारी गिरावट लेकर 78,968.34 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 80,032.93 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 78,968.34 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,334.81 अंक के मुकाबले 1.10 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,454.47 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 338 अंक की गिरावट लेकर 23,935.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,164.25 अंक के उच्चतम जबकि 23,935.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,273.80 अंक की तुलना में 1.10 प्रतिशत टूटकर 24,008.00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक 3.16, पावरग्रिड 2.70, अल्ट्रासिम्को 2.15, बजाज फाइनेंस 2.02, रिलायंस 1.93, एचडीएफसी बैंक 1.93, बजाज फिनसर्व 1.77, अडानी पोर्ट्स 1.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.59, एनओपीसी 1.52, आईटीसी 1.50, एक्सिस बैंक 1.44, सन फार्मा 1.23, भारती एयरटेल 1.21, इटरनल 1.09, मारुति 1.00, इंडसइंड बैंक 0.95, हिदुस्तान यूनिलीवर 0.90, नेस्ले इंडिया 0.74, टेक महिंद्रा 0.64, टाटा स्टील 0.63, एचसीएल टेक 0.63, इंफोसिस 0.25, टीसीएस 0.15 और कोटक बैंक 0.11 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाइटन 4.38, टाटा मोटर्स 3.90, एलटी 3.77, एसबीआई 1.39 और एशियन पेंट 0.02 प्रतिशत है।

## योगी आदित्यनाथ....

ही विकसित भारत का आधार बनेगा। बंगा ने प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व सुधारों, मजबूत कानून व्यवस्था और सुदृढ़ कनेक्टिविटी की प्रशंसा की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प को सराहते हुए कहा कि उनकी नीतियों ने यूपी की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। विश्व बैंक अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलावों पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मजबूत कानून व्यवस्था और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर ने यूपी को निवेश और विकास के लिए एक आदर्श स्थान बनाया है।

विश्व बैंक अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश के छोटे किसानों को राज्य की सबसे बड़ी ताकत करार दिया। उन्होंने कहा कि छोटे किसान ही उत्तर प्रदेश का सोना हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसान जमीन बेचकर अमीर नहीं बन सकते, उन्हें उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा। उन्नत खेती के जरिए ही वे समृद्धि हासिल कर सकते हैं। बंगा ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यूपी के कृषि क्षेत्र में हो रही प्रगति की सराहना की और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताया। बंगा ने उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यहां धार्मिक, सांस्कृतिक और ईको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं, जो इसे वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान दिला सकती हैं। बंगा ने यूपी के खानपान और स्थानीय शिल्प की वैश्विक मांग की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यूपी का खानपान और हस्तशिल्प न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकप्रिय हैं। इनके माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है। विश्व बैंक अध्यक्ष ने मैन्युफैक्चरिग सेक्टर में उत्तर प्रदेश की क्षमता को असाधारण बताया। उन्होंने कहा कि माइक्रो, स्मॉल, और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) में यूपी एक बड़ा है। बंगा ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए योगी सरकार द्बारा बनाए गए अनुकूल माहौल की सराहना की और कहा कि यह निवेशकों के लिए राज्य को आकर्षक बनाता है। अजय बंगा ने योगी आदित्यनाथ सरकार के विभिन्न प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने स्किल डेवलपमेंट पर सरकार के फोकस को युवाओं के लिए गेम-चेंजर बताया। बंगा ने रेडिमेड मील फॉर मदर योजना की तारीफ की, जिसे उन्होंने मातृ स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में एक अनुकरणीय कदम बताया। इसके अलावा, उन्होंने हेल्थकेयर और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में हुए सुधारों को भी सराहा। बंगा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उनके पास स्पष्ट विजन और इसे लागू करने का दृढ़ संकल्प है। अजय बंगा के साथ वर्ल्ड बैंक के उपाध्यक्ष आगस्ते तानो कौमे, कंट्री डायरेक्टर (इंडिया) जॉन और मार्क मौजूद रहे। वहीं सरकार की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी का यूपी में स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिह, बलदेव सिह औलख, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिह और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# आरएसएस ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना, केन्द्र सरकार का अभिनंदन किया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ (आरएसएस) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों और उनके ढांचे को नेस्तनाबूद करने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेनाओं और केन्द्र सरकार का अभिनंदन किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने आज यहां एक वक्तव्य में कहा, 'पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर की जा रही निर्णायक कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन। वक्तव्य में कहा गया कि हिंदू पर्यटकों के नृशंस हत्याकांड में आहत परिवारों को एवं समस्त देश को न्याय दिलाने हेतु हो रही इस कार्रवाई ने समूचे देश के स्वाभिमान एवं हिम्मत को बढ़ाया है। हमारा यह भी मानना है कि पाकिस्तान में आतंकियों, उनका ढॉंचा एवं सहयोगी तंत्र पर की जा रही सैनिक कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक एवं अपरिहार्य कदम है। राष्ट्रीय संकट की इस घड़ी में संपूर्ण देश तन-मन-धन से देश की सरकार एवं सैन्य बलों के साथ खड़ा है। वक्तव्य में कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों एवं नागरिक बस्ती क्षेत्र पर किए जा रहे हमलों की हम निंदा करते हैं और जो इन हमलों का शिकार हुए उनके परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। वक्तव्य में कहा गया है, 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस चुनौतीपूर्ण अवसर पर समस्त देशवासियों से आह्वान करता है कि शासन एवं प्रशासन द्वारा दी जा रही सभी सूचनाओं का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करे। इसके साथ-साथ इस अवसर पर हम सबको अपने नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए यह भी सावधानी रखनी है कि राष्ट्र विरोधी शक्तियों के सामाजिक एकता एवं समरसता को भंग करने के किसी भी षड्यंत्र को सफल न होने दें। समस्त देशवासियों से अनुरोध है कि अपनी देशभक्ति का परिचय देते हुए सेना एवं नागरी प्रशासन के लिए जहाँ भी, जैसी भी आवश्यकता हो, हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर रहे और राष्ट्रीय एकता तथा सुरक्षा को बनाए रखने के सभी प्रयासों को बल प्रदान करे।

# आवश्यक वस्तुओं की अवैध जमाखोरी के खिलाफ सख़्त कार्रवाई करने के आदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शहीद भगत सिंह नगर। पंजाब में शहीद भगत सिंह नगर के ज़िला उपायुक्त अंकुरजीत सिंह ने आवश्यक वस्तुओं की अवैध जमाखोरी के खिलाफ आदेश जारी किये हैं और अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाये।

श्री सिंह ने शुक्रवार को बताया कि प्रशासन जिले भर में आवश्यक वस्तुओं की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है, जबकि जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने जिले में आवश्यक वस्तुओं की सुचारु आपूर्ति और वितरण बनाए रखने के लिए जनता से सहयोग की मांग भी की। आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एक्ट, 2023 की धारा 163 के तहत जारी आदेशों में कहा गया कि नागरिक जमाखोरी, कालाबाजारी या कीमतों में हेरफ़ेर के किसी भी मामले की शिकायत जिले के संबंधित अधिकारियों को कर सकते हैं। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी व्यक्ति, व्यापारी या संस्था आवश्यक वस्तुओं का भंडारण नहीं करेगी, जिनमें अनाज और सामान, चारा, दूध और डेयरी उत्पाद, पेट्रोल और अन्य ईंधन तथा अन्य दैनिक जरूरत की चीजें शामिल हैं। आदेशों के अनुसार, आवश्यक वस्तुओं, पेट्रोल, डीजल आदि से संबंधित जमाखोरी, यदि कोई हो, तो जिला खाद्य और सप्लाई कंट्रोल (98782-30268) को सूचित किया जा सकता है, पशुपालन सेवाओं से संबंधित मामले उपायुक्त पशुपालन के ध्यान में उनके मोबाइल नंबर (78891-36823) पर लाये जाएंगे। इसी तरह, सब्जियों आदि सहित मंडी से संबंधित मुद्दों को जिला मंडी अधिकारी (98722-58599) के ध्यान में लाया जाएगा, जबकि पशुओं के चारे के लिए जिला मैनेजर मार्कफ़ेड (98765-04725) से संपर्क किया जा सकता है। श्री सिंह ने लोगों से शांत रहने की अपील की। साथ ही किसी भी प्लेटफॉर्म पर फैल रही अफवाहों या भ्रामक जानकारी का शिकार न होने की सलाह दी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि किसी भी स्थिति में घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जिला प्रशासन ने आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति के लिए पहले ही निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोग जिले से संबंधित नवीनतम सूचना और वास्तविक जानकारी फ़ेसबुक पेज जिला लोक संपर्क कार्यालय, शहीद भगत सिंह नगर से प्राप्त कर सकते हैं ताकि इस बदलती स्थिति में वास्तविक समय की जानकारी प्राप्त की जा सके। उन्होंने गुरुवार देर शाम ब्लैकआउट लागू करने में जिला वासियों द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि वे जरूरत पड़ने पर आवासीय क्षेत्रों और व्यावसायिक संस्थानों में प्रत्येक लाइट बंद करके ब्लैकआउट का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने लोगों से ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई गई सौर लाइटों को जरूरत पड़ने पर पूरी तरह ढकने और रोशनी वाले सीसीटीवी कैमरों को बंद करने की भी अपील की।

# ठगी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने निवेश के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपित विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन और व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से लोगों को शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश का झांसा देकर ठगी कर रहे थे। पुलिस ने इनके पास से तीन स्मार्टफोन, दो सिम कार्ड और डेबिट कार्ड बरामद किए हैं। दक्षिण पश्चिम जिलेके डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपिधों की पहचान प्रशांत जांगिड़ (25) और प्रद्युम्न सिंह चौहान (26) के रूप में हुई है। यह दोनों राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं। डीसीपी के अनुसार आरोपितों ने पालम गांव निवासी सैमुअल थॉमस शिकायतकर्ता से 36.48 लाख रुपये की ठगी की थी। पुलिस पूछताछ में शिकायतकर्ता ने बताया कि अक्टूबर-नवंबर 2023 के दौरान उन्हें व्हाट्सएप पर एक ट्रेडिंग ट्रेनिंग कैंप के बारे में बताया गया। जिसमें एक अर्जुन कपूर'' नामक व्यक्ति द्वारा निवेश की सलाह दी जाती थी। इस बीच आरोपित ने उन्हें एक एप डाउनलोड करने के लिए कहा गया। शुरुआत में उन्हें कुछ पैसे वापस भी मिले जिससे पीड़ित को विश्वास हुआ।लेकिन जब पीड़ित ने बड़ी राशि निकालनी चाही तो उसे रोका गया और संपर्क टूट गया। पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद उन्होंने मामलेकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस अधिकारी के अनुसार जांच में पाया गया कि आरोपितों ने कई शेल कंपनियों के नाम पर म्यूल (फर्जी) बैंक खाते खुलवाए थे। एक खाते की पहचान ''पीके इंटरप्राईज '' के नाम से चिड़ावा, राजस्थान में हुई। जहां से लगभग छह करोड़ रुपये की अवैध लेनदेन की गई थी। तकनीकी निगरानी और डिजिटल सबूतों के आधार पर पुलिस ने मोहाली (पंजाब) और आगरा (उप्र) में छापेमारी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया।

# केदारनाथ के लिए खच्चर-घोड़ों की ट्रायल आवाजाही शुरू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। केदारनाथ धाम की यात्रा में खच्चरों और घोड़ों के माध्यम से यात्री और माल ढुलाई की व्यवस्था को लेकर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रुद्रप्रयाग, डॉ. आशीष रावत के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नई व्यवस्था लागू की गई है। अब केवल पशु चिकित्सा जांच के बाद ही खच्चर व घोड़े केदारनाथ की ओर भेजे जा सकेंगे।

प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि खच्चर और घोड़े पूरी तरह स्वस्थ और यात्रा के योग्य हों, जिससे न केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो बल्कि पशुओं की सेहत का भी विशेष ध्यान रखा जा सके। पशु चिकित्सकों की विशेष टीम तीन मुख्य स्थानों - भीमबली, लिनचोली और रुद्रापॉइंट पर तैनात की गई है। ये टीमें प्रत्येक खच्चर और घोड़े की जांच करेंगी और केवल जांच में पूरी तरह स्वस्थ पाए गए पशुओं को ही आगे भेजा जाएगा। पशु चिकित्सा विभाग की टीमों के साथ-साथ मल्टी टास्किंग फोर्स और पुलिस विभाग की टीम भी यहां पर मौजूद रहेगी और सहयोग प्रदान करेगी, ताकि प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। इस व्यवस्था का ट्रायल शुरू हो चुका है। ट्रायल के रूप में दो स्वस्थ घोड़ों को जांच के बाद केदारनाथ भेजा गया है। यह पहल यात्रा मार्ग पर पशुओं की दशा और संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. रावत ने बताया कि यात्रा में लगे सभी पशुपालकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पशु यात्रा के मानकों के अनुरूप हों। साथ ही, उन्हें निर्धारित जांच स्थलों पर पहुंच कर अनिवार्य चिकित्सकीय जांच करानी होगी।

## हत्या के प्रयास के माले में फरार दो आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच (उत्तर क्षेत्र-II) ने चार महीने से फरार चल रहे हत्या के प्रयास के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान संतोष उर्फ जय (29) और पुनीत उर्फ पुन्नू (27) के रूप में हुई है। दोनों समायपुर बदली के रहने वाले है। जांच में पता चला है कि दोनों आरोपितों पर इस वर्ष जनवरी में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का आरोप था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने शुक्रवार को बताया कि 19 जनवरी 2025 की शाम को प्रियंश यादव उर्फ प्रिंस अपने दोस्तों के साथ समायपुर बदली इलाके में मौजूद था। तभी आरोपितों ने उस पर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के पेट और जांघ पर चाकू से वार किया। इस मामले में थाना समायपुर बदली में मामला दर्ज किया गया था। स्थानीय पुलिस ने दो हमलावरों को पहले ही पकड़ लिया था। जिनमें एक नाबालिग शामिल था। जबकि संतोष और पुनीत घटना के बाद से फरार थे। डीसीपी के अनुसार फरार आरोपितों को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच को जिम्मा सौंपा गया। जांच टीम को सूचना मिली कि दोनों फरार आरोपित द्वारका मोड़ के पास आने वाले हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाया और दोनों को दबोचा।

## सुखबीर बादल ने नागरिक ठिकानों पर पाकिस्तान की गोलाबारी की कड़ी निंदा की

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब और देश के अन्य हिस्सों में नागरिक ठिकानों पर पाकिस्तान की बेपरवाह और भड़काऊ गोलाबारी की कड़ी निंदा की है। श्री बादल ने सशस्त्र बलों को सलाम करते हुए शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक संदेश में कहा, कल रात पंजाब और देश के अन्य हिस्सों में नागरिक ठिकानों पर पाकिस्तान की बेपरवाह और भड़काऊ गोलाबारी की कड़ी निंदा करता हूँ। मैं अपने सशस्त्र बलों को उनके सभी नापाक प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल करने के लिए सलाम करता हूँ। साथ ही सभी भारतीयों, विशेषकर मेरे पंजाबी भाइयों और बहनों से अनुरोध करता हूँ कि वे शांत रहें, प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और असत्यापित वीडियो या समाचारों से बचें।

# मुख्यमंत्री ने महान शूरवीर महाराणा प्रताप को किया नमन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। राजधानी में महान शूरवीर महाराणा प्रताप जी की जयंती पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। फ्रेजर रोड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल परिसर में आयोजित समारोह में शामिल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाराणा प्रताप जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। महाराणा प्रताप जी की 485वीं जयंती पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी महाराणा प्रताप जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत के इतिहास में महाराणा प्रताप का नाम साहस, स्वाभिमान और स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीक के रूप में लिया जाता है। उनका जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में हुआ था। महाराणा प्रताप मेवाड़ के राजा और सिसोदिया वंश के महान योद्धा थे, जिन्होंने मुगलों के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया।

# एसजीपीसी अधिकारियों ने पुंछ हमले में घायल सिखों का हाल जाना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के निर्देश पर शिरोमणि कमेटी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को अस्पताल पहुंचकर पुंछ में हमले के दौरान घायल हुए सिखों का हाल जाना और शिरोमणि कमेटी की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिंह और श्री दरबार साहिब के प्रबंधक राजिंदर सिंह रूबी ने अमृतसर के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन गुरमीत सिंह और काक राजवंश सिंह से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त की। एसजीपीसी सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि देश में तनावपूर्ण स्थिति के दौरान पिछले दिनों सिख पुंछ से जम्मू आ रहे थे, तभी वाहनों के काफिले पर हमला किया गया, जिसके परिणामस्वरूप एक सिख की मौत हो गयी तथा गुरमीत सिंह, उनके पुत्र, चाचा राजवंश सिंह और परिवार के अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों में श्री गुरमीत सिंह और उनके चाचा राजवंश सिंह को अमृतसर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। सचिव प्रताप सिंह ने कहा कि एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के निर्देश पर सीमावर्ती क्षेत्र से अपने घरों को छोड़कर आए लोगों के लिए नजदीकी गुरुद्वारों में आवास और लंगर की विशेष व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही, खाली कराए गए गांवों के गुरुद्वारों से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्र प्रतियां भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाई जा रही हैं। सचिव प्रताप सिंह ने सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों से अपील की कि जरूरत पड़ने पर वे निकटवर्ती ऐतिहासिक गुरुद्वारों से संपर्क करें।

## पंजाब के होशियारपुर बठिंडा में पाकिस्तानी प्रक्षेपास्त्रों का मलबा मिला

चंडीगढ़। भारत पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य कार्रवाई के दौरान भारतीय शहरों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के असफल प्रयासों के सबूत पंजाब के कई गांवों में बिखरे पड़े हैं। भारत ने इस्लामाबाद की मिसाइलों और ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराया है। राज्य के ज़िला होशियारपुर के कमाही देवी के पहाड़ी इलाके के गांव वेहफता में एक चीनी मिसाइल पी एल 15 का मलबा मिला है। जिसके बारे में माना जा रहा है कि यह मलबा पाकिस्तानी प्रक्षेपास्त्रों का है, जिन्हें भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने रोक दिया था। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक तस्कर की मौत, अन्य फरार

फिरोजपुर। पंजाब में नार्को-तस्करी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ पंजाब), फिरोजपुर रेंज ने जगरांव में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद नशीले पदार्थ के एक तस्कर को मार गिराया जबकि उसका साथी फरार होने में सफल रहा। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एएनटीएफ टीम ने तस्कर राजू और उसके सहयोगी को पकड़ा। उन्होंने बताया कि राजू ने पुलिस टीमों पर सीधी गोलीबारी की, जवाबी कार्रवाई में राजू गंभीर रूप से घायल हो गया। राजू को इलाज के लिए ले जाया गया जिसे बाद में सिविल अस्पताल, जगरांव में मृत घोषित कर दिया गया। उसका साथी भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनके पास से दो किलो हेरोइन , 15 लाख रुपए ड्रग मनी और एक अवैध हथियार बरामद किया है।

डीजीपी ने बताया कि इस संबंध में थाना जगरांव में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए आगे की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि राजू एक आदतन अपराधी था, जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत 19 एफआईआर दर्ज हैं। एएनटीएफ पूरे नेटवर्क को उजागर करने के लिए काम कर रहा है।

# तकनीकी सुविधाओं से लैस किया गया नालंदा का परीक्षा नियंत्रण केंद्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नालंदा, बिहारशरीफ। बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा कार्यालय परिचारी परीक्षा के सफल आयोजन हेतु 31 स्टैटिक दंडाधिकारी 07 जोनल दंडाधिकारी एवं 04 उड़नदस्ता दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये है।बिहारशरीफ जिला मुख्यालय अंतर्गत 15 परीक्षा केन्द्रों पर 11948 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे ।बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा '' कार्यालय परिचारी'' के पद पर नियुक्ति हेतु स्वच्छ निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से परीक्षा शुरू होने के एक घंटा पहले अर्थात 11: 00 बजे पूर्वाह्न के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। परीक्षा नियंत्रण को लेकर प्रत्येक केंद्र परदंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। परीक्षा के स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त वातावरण में आयोजन को लेकर 07 गश्ती दल दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। साथ ही 04 वरीय पदाधिकारी उड़नदस्ता दल दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किए गए हैं। जो लगातार विभिन्न सम्बद्ध परीक्षा केंद्रों के बीच भ्रमणशील रहते हुए स्वच्छ परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएंगे। परीक्षा के सुगम संचालन हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी नालन्दा को नियंत्रण कक्ष का वरीय प्रभारी पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है।साथ ही नियंत्रण कक्ष में सुरक्षित दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को संबंधित परीक्षा केंद्र पर पूर्वाह्न निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।संपूर्ण परीक्षा अवधि में सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत वीडियोग्राफी कराई जाएगी।परीक्षा के आयोजन के अवसर पर जिला मुख्यालय बिहार शरीफ में यातायात व्यवस्था सुगम बनाये रखने को लेकर अलग से दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्त किया गया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063